e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

रांची संस्करण

हिन्दी दैनिक

# प्रभात मंत्र

वर्ष 12, अंक 12

रविवार

12.01.2025

RNI No. - JHAHIN/2014/59110

prabhatmantra.com

पृष्ठ 12 | मूल्य 4 रुपये

पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26

**सुविचार**

मुस्कुराने का असर सेहत पर होता है, इसलिए मुस्कुराकर खुद को सेहतमंद बनाए!

ताजा खबरों के लिए देखें

## क्विक न्यूज

### मंदिरों में चोरी करने वाले अंतरराज्यीय शातिर चोर गिरोह का पर्दाफाश, लाखों की नकदी और चांदी का सामान बरामद

**हरिद्वार :** हरिद्वार के एसएसपी प्रमेन्द्र सिंह डोबाल ने मंगलौर स्थित जैन मंदिर में हुई चर्चित चोरी का खुलासा किया है। गिरोह में शामिल दो सदस्यों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इनमें से एक सुनार है। दोनों उत्तर प्रदेश के रहने वाले हैं। यह गिरोह केवल मंदिरों में ही चोरी किया करता था। पुलिस को उनके दो और साथियों की तलाश है।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक ने बताया कि चोरी में संलिप्त अंतरराज्यीय शातिर गिरोह के दो सदस्यों, आरिफ पुत्र इकरामुद्दीन (निवासी ग्राम निडोरी, थाना मसूरी, गाजियाबाद) और सुनार राजकुमार पुत्र रामकुमार (निवासी चर्च कॉलोनी, मुरादनगर) को गिरफ्तार किया गया है। इनके पास से मैंगलोर के जैन मंदिर से चोरी किया गया चांदी का बड़ा और छोटा छत्र, चांदी की ईंटें (वजन 3 किलोग्राम), चांदी का लोटा, चांदी की चंवर, 2.48 लाख नकद और अन्य सामान बरामद किया गया है।

### स्वामी विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत : मुख्यमंत्री

**देहरादून :** मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वामी विवेकानंद की जयंती पर उनका भावपूर्ण स्मरण करते हुए 'राष्ट्रीय युवा दिवस' की प्रदेशवासियों को शुभकामनाएं दी है। उन्होंने कहा कि विवेकानंद युवाओं के लिए प्रेरणा स्रोत हैं। भारत युवाओं का देश है। हमारे युवा देश की ताकत हैं।

### रांची का तापमान

| | |
|---|---|
| अधिकतम | $24^0$ |
| न्युनतम | $13^0$ |

### प्रयागराज महाकुंभ हुआ पूरी तरह से डिजिटल, जगह-जगह लगे क्यूआर कोड

# महाकुंभ मेला कल से शुरू

**एजेंसी**

**प्रयागराज :** प्रयागराज महाकुंभ मेला 13 जनवरी को शुरू होने जा रहा है। इसके लिए बड़ी संख्या में साधु-संत और साधु प्रयागराज पहुंच रहे हैं। सीएम योगी ने कुंभ में आने के लिए पीएम मोदी और राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु को भी न्यौता दिया है। मेले में लाखों लोगों के आने की उम्मीद है। सरकार ने श्रद्धालुओं के लिए विशेष तौर पर कई तरह के इंतजाम किए हैं। बड़ी संख्या में पुलिस बल को भी तैनात किया गया है।क्यूआर कोड के जरिये महाकुंभ को इस बार पूरा डिजिटल कर दिया गया है। यूपी सरकार ने क्यूआर कोड स्कैनर जगह जगह लगवाया है। लाल रंग के क्यूआर कोड में आकस्मिक (इमरजेंसी) सेवाओं की जानकारी, नीले क्यूआर कोड में आवास और आहार की जानकारी, हरे रंग के क्यूआर कोड में मेला प्रशासन की जानकारी मिलेगी। इसी प्रकार नारंगी रंग के क्यूआर कोड में यूपी सरकार की उपलब्धियों की जानकारी मिलेगी। इसके साथ ही सफेद रंग या बिना कलर किए गए क्यूआर कोड में कुंभ सहायक चैटबॉट हेतु स्कैन किया जा सकता है।




### इस बार का कुंभ मेला होगा अद्भुत

मिस्री मठ हरिद्वार ने कहा कि योगी सरकार कुंभ को भव्य बनाने में निरंतर प्रयास कर रही है, जो अब सबको दिख रहा है। पहले के मुकाबले इस बार का कुंभ बेहद अद्भुत होगा जो इतिहास के पन्नों में लिखा जाएगा। सनातन धर्म और व्यवस्था है सबसे ऊपर है और रहेगा। मुस्लिम समाज को इस कुंभ में नहीं आना चाहिए, क्योंकि उनके यहां जब हम नहीं जाते तो वो क्यों आएंगे यहां।

### वेबसाइट और व्हाट्सएप नंबर पर भी मिलेगी जानकारी

प्रशासन की तरफ मेले की वेबसाइट भी बनाई गई है। जिसमें सभी तरह की जानकारी दी गई है। https://kumbh.gov.in/ पर भी जाकर आप जानकारी हासिल कर सकती है। प्रशासन ने इसके के साथ ही व्हाट्सएप नंबर भी दिया गया है। इस नंबर पर नमस्ते भेज कर अपने काम की जानकारी हासिल कर सकते हैं। इसके अलावा मेले में जगह-जगह सुरक्षाबल भी तैनात किए गए हैं। अगर किसी को कोई परेशानी है तो प्रशासनिक अधिकारियों से भी संपर्क किया जा सकता है।

# दिशोमगुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्मदिन धूमधाम से मनाया गया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची:** दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 81वें जन्मदिन के अवसर पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन एवं गांडेय विधायक कल्पना सोरेन की उपस्थिति मे झामुमो रांची जिलाध्यक्ष मुस्ताक आलम के नेतृत्व मे रांची जिला समिति द्वारा मोराबादी रांची स्थित उनके आवास मे 81 पाउंड का केक काटकर जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी गई। साथ ही गाजे बाजे के साथ धूमधाम से जन्मदिन मनाया गया। मुख्यमंत्री हेमन्त सोरेन ने इस अवसर पर पुष्पगुच्छ भेंटकर उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी तथा उनके सुदीर्घ जीवन की कामना की। मौके पर मुख्यमंत्री ने अपने पिता से आशीर्वाद लेते हुए ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य कामना की। इस अवसर पर मुख्य रूप से झारखंड सरकार के मंत्रीगण, विधायकगण और केंद्रीय पदाधिकारीयों मे मुख्य रूप से पार्टी के केंद्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय, सुप्रियो भट्टाचार्य, मनोज पांडेय एवं अन्य पदाधिकारी, केंद्रीय सदस्य एवं नेतागण शामिल हुए। साथ ही झामुमो रांची जिला के पदाधिकारी और कार्यकर्तागण शामिल हुए। इस अवसर पर झामुमो छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय के तत्वावधान मे मीरा हेल्थकेयर के सहयोग से स्वास्थ्य जांच कैंप मोराबादी रांची स्थित गुरुजी के आवास के समीप लगाया गया। जिसमे भारी संख्या मे लोगों ने लाभ उठाया।इस अवसर पर झामुमो रांची जिला समिति द्वारा रिम्स परिसर मे जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से झामुमो रांची जिला से केंद्रीय सदस्य पवन जेडीया, समनूर मंसूरी, सुशीला एक्का, जिला उपाध्यक्ष बीरू तिर्की,अश्विनी शर्मा, कलाम आजाद, जिला सचिव डॉ हेमलाल मेहता, संगठन सचिव आदिल इमाम, जुल्फीकार खान, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र सिंह, सचिव सोनू मुंडा, अल्पसंख्यक मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, क्रीड़ा मोर्चा जिला अध्यक्ष प्रदीप मिर्धा, महिला मोर्चा जिला उपाध्यक्ष अंशु लकड़ा, छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय अध्यक्ष अमन तिवारी, सचिव असद फेराज टिंकू, डीएसपीएमयू अध्यक्ष मनीष राणा सहित हजारों कार्यकर्ता शामिल हुए।








# पूर्व सरपंच के निधन पर कई लोगों ने किया शोक व्यक्त



**विश्रामपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** केतात पंचायत के पूर्व सरपंच विष्णुपद शुक्ला के निधन पर कई लोगों ने शोक व्यक्त किया है.शोक व्यक्त करने वालों में पलामू सांसद विष्णु दयाल राम,पूर्व मंत्री रामचंद्र चंद्रवंशी,वरीय समाजसेवी सह राजनेता अभिमन्यु सिंह,प्रवीण सिंह,पूर्व प्रमुख संतोष चौबे,नप अध्यक्ष प्रतिनिधि नईमुद्दीन अंसारी,निवर्तमान पार्षद सलीमुदीन अंसारी,समाजसेवी नवीन चौबे,संसद प्रतिनिधि अनुज पांडेय,पूर्व उप मुखिया ओमकार सिंह,मुखिया रोहित तिवारी आदि का नाम प्रमुख है.यहां उल्लेखनीय है कि पूर्व सरपंच विष्णुपद शुक्ला का निधन नौ जनवरी को हो गया था.स्व.शुक्ला 1972 से 1978 तक एकीकृत केतात पंचायत के सरपंच रहे थे.उनके पुत्र गुड्डु शुक्ला ने बताया कि वे पिछले कुछ दिनों से बीमार चल रहे थे.

## बीडीओ ने पंचायत प्रतिनिधियों के साथ की बैठक

**विश्रामपुर (पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बिश्रामपुर बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने शनिवार को प्रखंड कार्यालय के सभागार में पंचायत प्रतिनिधियों के साथ बैठक की.बैठक में पंचायतों में संचालित विकास योजनाओं के प्रगति की समीक्षा हुयी.पंचायत प्रतिनिधियों ने विकास योजनाओं के क्रियान्वयन में हो रही परेशानियों से बीडीओ को अवगत कराया.बीडीओ राजीव कुमार सिंह ने पंचायत प्रतिनिधियों को विकास कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया.बैठक में मुखिया मंजू देवी,किरण देवी,अंजू कुमारी,धर्मेंद्र चौधरी सहित कई मुखिया,पंचायत समिति सदस्य व प्रखंडकर्मी मौजूद थे.

# कौलेश्वर दास बने प्रखड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी



**हुसैनाबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** निदेशक, प्राथमिक शिक्षा, स्कूली शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, रांची के द्वारा रामनरेश राम, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, हुसैनाबाद (उतरी) के विरूद्ध गठित आरोप पत्र (प्रपत्र-क) पर क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर से जांच प्रतिवेदन की मांग की गई है, जिसके आलोक में क्षेत्रीय शिक्षा संयुक्त निदेशक, पलामू प्रमण्डल, मेदिनीनगर के द्वारा श्री राम के विरुद्ध आरोप पत्र की जांच प्रक्रियाधीन है। श्री रामनरेश राम 31.01.2025 को सेवानिवृत हो रहे हैं।प्रखण्ड संसाधन केन्द्र के सफल संवालन हेतु श्री रामनरेश राम, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, हुसैनाबाद (उत्तरी) को प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, हुसैनाबाद का प्रखण्ड संसाधन केन्द्र समन्वयक से मुक्त करते हुए कौलेश्वर दास, प्रखण्ड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी, छतरपुर को प्रखण्ड संसाधन केन्द्र, हुसैनाबाद का प्रखण्ड संसाधन केन्द्र समन्वयक के रूप में सफल कार्य करने हेतु प्राधिकृत किया गया।

# कांडी प्रमुख के विरुद्ध पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा और मतदान 18 जनवरी को

**गढ़वा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांडी प्रखंड के प्रमुख सत्येन्द्र पाण्डेय के विरुद्ध पेश अविश्वास प्रस्ताव पर चर्चा एवं मतदान के लिए 18 जनवरी का दिन निर्धारित किया गया है। इस संबंध में पंचायत समिति के सदस्यों को विहित प्रपत्र में नोटिस जारी किये जा चुके हैं। इस संबंध में सदर अनुमंडल पदाधिकारी सह पीठासीन पदाधिकारी संजय कुमार ने बताया कि अविश्वास प्रस्ताव पर 15 दिन के अंदर नियमानुसार कार्रवाई करने का प्रावधान है, इसलिए निर्धारित सीमा के अंदर ही चर्चा और मतदान के लिए तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने बताया कि उक्त चर्चा और मतदान हेतु गढ़वा मुख्यालय स्थित अनुमंडल कार्यालय सभा कक्ष में 18 जनवरी शनिवार को पूर्वान्ह 11ऱ00 बजे मौजूद रहने हेतु पंचायत समिति के सदस्यों को प्रपत्र %ख% नियम 3 (ङ्कढ्ढ) के तहत नोटिस के माध्यम से सूचना दे दी गई है। उन्होंने बताया कि उक्त कार्रवाई में उपस्थित हेतु पलामू लोकसभा क्षेत्र के सांसद, विश्रामपुर विधानसभा के विधायक तथा भवनाथपुर विधानसभा के विधायक को भी लिखित में सूचित कर दिया गया है। स्थानीय सांसद एवं विधायक अविश्वास प्रस्ताव की बैठक में या तो स्वयं मौजूद रह सकते हैं या वे चाहें तो उक्त कार्रवाई में भाग लेने हेतु विशेष रूप से प्राधिकृत करते हुए अपने प्रतिनिधि को भी भेज सकते हैं। हालांकि सांसद और विधायक की ओर से इस बैठक के लिए प्राधिकृत प्रतिनिधि को सदन की संख्या के रूप में तो गिना जाएगा पर उन्हें मतदान का अधिकार नहीं है।

# आंगनबाड़ी के सहायिका चयन में फर्जी डॉक्यूमेंट अभ्यर्थियों पर दर्ज होगी एफआईर : बीडीओ

**पाटन(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** पाटन के किशुनपुर पंचायत भवन में हुए सहायिका पद के चुनाव के लिए औपबंधिक रूप से चयनित उम्मीदवार मंजू देवी के शैक्षणिक प्रमाण पत्र का सत्यापन करवाया गया। सत्यापन कार्य पूर्ण करने के दौरान स्पष्ट रूप से इस बात की पुष्टि हो चुकी है कि अभ्यर्थी मंजू देवी के द्वारा समर्पित दोनों प्रमाण पत्र फर्जी हैं एवं उसमें गलत तरीके से अंक तालिका को एडिट किया गया है। मैट्रिक एवं इंटर में थर्ड डिवीजन से पास होने के बाद भी दोनों अंक तालिका में अंक को बढ़ाकर प्रथम श्रेणी से उत्तीर्ण दिखाया गया था। यह स्पष्ट रूप से फर्जीवाड़ा का मामला उजागर हुआ है। उनके विरुद्ध जल्द ही प्राथमिकी की दर्ज कराकर कानूनी कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी।

# डॉ. अम्बेडकर के अपमान का बदला देशवासी जरूर लेंगे

**नौड़ीहा बाजार(पलामू)(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** कांग्रेस का जय बाबू,जय भीम व जय संविधान अभियान के तहत शुक्रवार को नौड़ीहा बाजार प्रखंड क्षेत्र के तरिडीह पंचायत में कार्यक्रम हुआ। कॉग्रेस के जिला अध्यक्ष जैश् रंजन पाठक उर्फ़ बिट्टू पाठक ने पंचायत मे अवस्थित पटेल सरदार वल्लभ की प्रतिमा पर मालयार्पण कर कार्यक्रम करने के तत्पश्चात अभियान की शुरुआत की गई। जिला कांग्रेस कमेटी व नौड़ीहा बाजार प्रखंड कमिटी ने संयुक्त रूप से कार्यक्रम आयोजित हुई थी। डुमरी में अवस्थित भारत के संविधान निर्माता बाबा साहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर भी पुष्प की हार अर्पित की गई। कार्यक्रम की अध्यक्षता कॉग्रेस कमिटी के प्रखंड अध्यक्ष परवेज आलम ने किया। उक्त मौके पर जिला अध्यक्ष श्री पाठक ने कहा कि फिलहाल देश में जो हुलिया है जो वह आप सबों की नजरों में दिख रहा है और देश के वर्तमान हालत बनी हुई है जिसका जिम्मेवार भारतीय जनता पार्टी एवं प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी है।देश के गृह मंत्री अमित शाह के द्वारा बाबा साहेब की अपमानित किया गया है। इस अपमान के बदला देशवासियों जरूर लेगें। मौके पर कार्यक्रम प्रभारी अशोक पासवान, छतरपुर प्रखंड अध्यक्ष सह बीस सूत्रीय अध्यक्ष गोपाल प्रसाद सिंह, दलित प्रकोष्ट के प्रखंड अध्यक्ष नीतीश कुमार,दीपक पासवान,बृज मोहन पासवान,भोला राम समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।

# विधायक के आवास पर ढिशुम गुरु शिबू सोरेन का मनाया गया जन्म दिन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** विधायक आवास नगर गढ़ में शनिवार को दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81 वां जन्मदिन मनाया गया. आयोजित कार्यक्रम में विधायक अनन्त प्रताप देव ने केक काटकर कार्यकर्ताओं को खिलाया. इस अवसर पर कार्यकर्ताओं ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के स्वस्थ जीवन की कामना किया.कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुये विधायक ने कहा कि आज दिशोम गुरु जी शिबू सोरेन का 81वां जन्म दिन है.मैं भगवान बाबा बंशीधर से उनके स्वस्थ्य जीवन की कामना करता हूँ. उन्होंने कहा कि शिबू सोरेन का जीवन संघर्षो से भरा रहा है.उनके संघर्षो के कारण ही झारखंड राज्य बन पाया है.आदिवासी,दलित,शोषित,वंचित वर्ग के लिये वे हमेशा आंदोलन करते रहे. मौके पर अनुमंडल अध्यक्ष मुक्तेश्वर पांडेय, प्रखंड अध्यक्ष अमर राम ,कामता प्रसाद, राहत हुसैन, रमेश चंद्रवंशी, देवेंद्र सिंह, प्रदीप सिंह, उपेंद्र बारी सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे.

# राम मंदिर प्राणप्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर कार्यक्रम का हुआ आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**विश्रामपुर (पलामू) :** अयोध्या में भगवान राम मंदिर के प्राणप्रतिष्ठा के प्रथम वर्षगांठ पर बिश्रामपुर नगर व आंचलिक क्षेत्र में कई धार्मिक अनुष्ठान व कार्यक्रम का आयोजन किया गया.इस अवसर पर क्षेत्र के देवालयों को सजाया गया और विशेष पूजा अर्चना हुयी.सभी मंदिरों में भगवान श्रीराम की महाआरती भी हुयी.इसके अलावा कई मंदिर प्रांगण में महाभंडारा का भी आयोजन किया गया,जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया.मुख्य कार्यक्रम बिश्रामपुर नप मुख्यालय में हुआ.जहां ऐतिहासिक पंचमुखी मंदिर प्रांगण से शोभा यात्रा निकाला गया.शोभा यात्रा में रथ पर सजा राम दरबार की झांकी व बांदरी सेना आकर्षण का केंद्र रहा.शोभा यात्रा नगर भ्रमण के बाद वापस पंचमुखी मंदिर पहुंचा.जहां शाम को महाआरती हुआ.यहां भी भंडारा का आयोजन किया गया था,जिसमें काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने महाप्रसाद ग्रहण किया.इससे पहले शोभा यात्रा को बतौर मुख्य अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य डॉ ईश्वर सागर चंद्रवंशी ने भगवा ध्वज दिखाकर रवाना किया.उन्होंने कहा कि आज का दिन सनातनियों के लिये गौरव का है.इस गौरव को पुनः हासिल करने में पांच सौ वर्ष लगा.जिसमें कई सनातनियों ने अपने प्राणों को बलि दी.मौके पर पंडित अच्युतानंद पांडेय, राजन पांडेय, गोपाल सोनी, सत्यम सोनी, राजेश मार्शल सहित कई लोग मौजूद रहे.

# गरीबों का सहायता करना पुनीत कार्य हैं : धनंजय सोनी



प्रभात मंत्र संवाददाता

**मेदिनीनगर(पलामू) :** पलामू जिला स्वर्णकार संघ के तत्वाधान में जल्द ही पलामू जिला के 21 प्रखंड में स्वास्थ्य शिविर एवं लोन मेला का आयोजन किया जाएगा। जिला स्वर्णकार संघ का जिला अध्यक्ष धनंजय सोनी ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ शिविर में राज्य से विभिन्न डॉक्टर स्वास्थ शिविर में उपलब्ध रहेंगे जैसे हड्डी रोग विशेषज्ञ, हृदय रोग विशेषज्ञ,दंत विशेषज्ञ,जनरल फिजिशियन रहेंगे साथ ही कहा कि स्वास्थ्य शिविर में सभी रोग की जांच व निशुल्क दवाई उपलब्ध कराई जाएगी साथ ही जिला अध्यक्ष श्री सोनी ने बताया कि 21 प्रखंड के स्वर्णकार व्यवसाय और व्यवसाय में और गति प्रदान करने के लिए लोन मेला का आयोजन किया जा रहा है। वहीं श्री सोनी ने कहा कि इस लोन मेला व स्वास्थ्य शिविर लगाने का एकमात्र उद्देश्य है कि पिछले 1 साल में हार्ट अटैक,ब्रेन हेमरेज और कई प्रकार की बीमारी से जिला में बहुत सारे लोगों ने अपनी जान गंवाई है।इसी को देखते हुए स्वर्णकार संघ द्वारा पलामू जिला अंतर्गत क्षेत्रवासियों के लिए हर समय लोगों की मदद की जा रहीं हैं और कहा कि इस शिविर से व्यावसाय वर्ग से जुड़े हुए स्वर्णकार बंधुओ को अधिक से अधिक लाभ मिलेगा।

# कंकारी मुखिया ने 65 असहाय लोगों के बीच किया कंबल वितरण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर(पलामू):** चैनपुर प्रखंड के कंकारी पंचायत में गरीब व असहाय महिला व पुरूषों के बीच कंबल का वितरण किया गया। पंचायत की मुखिया कुसुम कुमारी ने प्रखंड कार्यालय से प्राप्त 125 कंबल में से 65 कंबल का संयुक्त रूप से वितरण किया ।वहीं मुखिया कुमूम ने कहा कि राज्य सरकार से प्राप्त कंबल का वितरण ठंड और शीतलहर से बचाव के लिए किया जा रहा है उन्होंने कहा कि इस तरह के प्रयास समाज में सकारात्मक बदलाव लाने के लिए महत्वपूर्ण हैं। प्रशासन हमेशा समाज के कमजोर वर्गों की मदद के लिए तत्पर है। ठंड के बढ़ते मौसम में गरीब व असहाय की परेशानी को देखते हुए समय पर प्रखंड कार्यालय के द्वारा मदद पहुंचाई जा रही है जो काफी सराहनीय कार्य है। कड़ाके की ठंड में असहायों की सेवा ही मानवता की सेवा है। मौके पर वार्ड सदस्य सुदामा पाल, रामसेवक ठाकुर,पूजा देवी,सीमा देवी, शिवकुमार चौधरी,कृष्ण चौधरी,अरविंद ठाकुर, सीताराम चौधरी,सुनील ठाकुर सहित कई लोग कंबल वितरण में शामिल थें।

# नौडीहा मुखिया के नेतृत्व में राम मंदिर के प्रथम वर्ष गांठ पर शोभायात्रा सह अखंड का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**पाटन :** पाटन के नौडीहा शिव मंदिर प्रांगण में राम मंदिर के प्रथम वर्षगांठ के शुभ अवसर पर शिव मंदिर से भव्य जुलूस लेकर सनातनी भक्त के द्वारा गांव भ्रमण कर शोभा यात्रा निकाला गया। इस शोभा यात्रा नौडीहा मुखिया रंजीत कुमार सिंह उर्फ पप्पू सिंह के नेतृत्व में निकाली गई। इस अवसर पर पंचायत के मुखिया ने कहा की श्री राम लाल के प्राण प्रतिष्ठा को एक वर्ष पूरा हो गए । उन्होंने कहा कि हिंदू सनातनियों के लिए एक बहुत बड़ा संदेश है कि रामलाल की प्राण प्रतिष्ठा के 1 वर्ष पूरी हो गई।इसी दौरान मुखिया व ग्रामीण के द्वारा मंदिर परिसर में 12 घंटे का अखंडसकीर्तन किया जाएगा। सनातनीयो द्वारा जय श्री राम के नारे लगाए गए।मोके पर शिव प्रसाद सिंह, रामाशीष सिंह कुमार आनंद,विजय सिंह विवेक सिंह, नीतीश कुमार सिंह,बजरंगी सिंह समेत ग्रामीण उपस्थित थे।

# सरस्वती शिशु विद्या मंदिर में हुआ पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** शहर के नहर मोड़ स्थित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर,जपला में राष्ट्रीय युवा दिवस सह विवेकानंद जयंती समारोह के अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के माननीय उपाध्यक्ष डॉ सत्येन्द्र कुमार चंदेल, प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय,प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा, पूर्व छात्र विशाल कुमार, राहुल सिंह ने संयुक्त रुप से मां सरस्वती,भारत माता एवं स्वामी विवेकानंद के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन एवं दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।विद्यालय में अध्ययनरत भैया-बहनों ने पूर्व छात्रों का अभिनंदन स्वागत गीत से किया।प्रधानाचार्य कुशजी पाण्डेय ने पूर्व छात्रों को संबोधित करते हुए कहा कि आज सरस्वती शिशु मंदिर के कई पूर्व छात्र सरकारी, प्राइवेट क्षेत्रों में अपनी एक पहचान बनाए हुए हैं। शिशु मंदिर से मिले संस्कारों और नैतिक शिक्षा का प्रसार कर रहे हैं। सम्मेलन का उद्देश्य आपको विद्यालय द्वारा संचालित विभिन्न सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक प्रसार और समरसता के कार्यों में जोड़ना है। उन्होंने कहा कि एक शिक्षक हमें सदैव बेहतर निर्देशन दे सकता है लेकिन जीवन में संघर्ष हमें स्वयं करना पड़ता है।संघर्ष से हमारे व्यक्तित्व का निर्माण होता हैअंत में प्रधानाचार्य ने सभी उपस्थितजनों का धन्यवाद करते हुए कहा कि आने वाले समय में विद्यालय के साथ इसी तरह जुड़ाव रखें 7इस कार्यक्रम में विद्यालय के पूर्व छात्र मनीष गुप्ता,सौरभ सिंह,अभिषेक पाठक, धर्मेन्द्र मेहता,अनुप चतुर्वेदी, सचिन कुमार आनंद,संदीप कुमार सोनी,पंकज गुप्ता सहित अन्य पूर्व छात्र उपस्थित थे।

# क्षेत्रीय निदेशक ने किया दो दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का निरीक्षण



प्रभात मंत्र संवाददाता

**चैनपुर(पलामू) :** पशुपालन विभाग क्षेत्रीय निदेशक डॉ कमलेश कुमार पिंगले ने शनिवार को चैनपुर प्रखंड के चोटहांसा गांव में दो दिवसीय पशु चिकित्सा शिविर का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने चिकित्सा शिविर में पशुओं की चिकित्सा व्यवस्था व दवा वितरण की जानकारी ली साथ ही कई दिशा निर्देश दिए। उन्होंने शिविर में उपस्थित पशुपालकों से कहा कि सरकार की ओर से सभी पंचायतों में विशेष शिविर का आयोजन किया जा रहा है। शिविर में पशुओं की चिकित्सा एवं निशुल्क दवाईयां उपलब्ध कराई जा रही है। इसके अलावा सर्दी के मौसम में पशुओं के रखरखाव के संबंध में विशेष जानकारी देकर लोगों को पशुपालन के प्रति प्रेरित किया जा रहा है। वहीं उन्होंने कहा कि पशुपालक शिविर में पहुंचकर बीमार पशुधन का इलाज कराएं व अन्य जानकारी हासिल करें साथ ही कहा कि आपातकालीन स्थिति में वेटरनरी मोबाइल एंबुलेंस की व्यवस्था है। जिसकी टोल फ्री नंबर 1962 पर कॉल कर पशु चिकित्सा के लिए पशुपालक लाभ ले सकते हैं। क्षेत्रीय निदेशक ने कई पशुपालकों के बीच दवाईयां का वितरण किया। दो दिवसीय शिविर में जिला पशुपालन पदाधिकारी डॉ प्रभात कुमार सिन्हा, एस भी ओ डॉ अल्फ्रेड मिंज, मुखिया अरविंद तिवारी,चैनपुर की भ्रमणशील पशु चिकित्सा पदाधिकारी डॉ संगीता कुमारी, कंपाउंडर अमरेश माझी,ए आई सुनील,विमलेश सहित कई लोग शामिल थें।

# शांति निवास और बीएनटी संत मैरी फाइनल में




प्रभात मंत्र संवाददाता

**गढ़वा :** शांति निवास ने ज्ञान निकेतन बेलचंपा को तीन विकेट से तथा बीएनटी संत मैरी ने रोमांचक मुकाबले में आर के पब्लिक स्कूल गढ़वा को चार रन से हराकर अंतर स्कूल बालिका वर्ग के फाइनल में पहली बार प्रवेश किया। गोविंद हाई स्कूल के मैदान में चल रहे है पहले सेमीफाइनल मैच में शांति निवास के रिमझिम के गेंदबाजी के सामने ज्ञान निकेतन के बल्लेबाज टीक नही सके और पूरी टीम 48 रन पर ही सिमट गई। शांति निवास की ओर से रिमझिम ने चार विकेट लिए। जबाबी पारी खेलने उतरी टीम शांति निवास सात विकेट खोकर जीत दर्ज करते हुए लगातार तीसरी बार फाइनल में प्रवेश किया। वही दूसरे सेमी फाइनल मैच में बीएनटी संत मैरी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए बिना विकेट खोए 80 रन बनाए। आर के पब्लिक को जीत के लिए अंतिम ओवर में 9 रन की जरूरत थी पर आर के पब्लिक के बल्लेबाज पांच रन ही बना पाई। बीएनटी संत मैरी की टीम चार रन से जीत दर्ज करते हुए पहली बार फाइनल में प्रवेश किया। मैंन ऑफ द मैच का पुरस्कार शांति निवास के रिमझिम और बीएनटी संत मैरी को जायंट्स ग्रुप के अध्यक्ष कमलेश कुमार गुप्ता और गढ़वा जिला के पूर्व खिलाड़ी सच्चीता धर दुबे ने प्रदान किया।

# हुसैनाबाद के पूर्व नपअध्यक्ष के माता के निधन पर किया शोक व्यक्त



प्रभात मंत्र संवाददाता

**हुसैनाबाद :** हुसैनाबाद स्थानीय नगर पंचायत के पूर्व अध्यक्ष सह भाजपा नेता रामेश्वर राम की माता 76 वर्षीय राजवासो देवी का निधन हो गया। वे रांची स्थित रिम्स के सघन कक्ष में इलाजरत थी। शुक्रवार के सुबह इलाज के दौरान उनका निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार शनिवार को देवरी सोन नदी स्थित मुक्ति धाम में गाजे बाजे के साथ किया गया उनके निधन से क्षेत्र के कई राजनीतिक, समाजिक व प्रवुद्ध वर्ग के लोगों ने शोक व्यक्त किया है। विधायक संजय कुमार सिंह यादव, पूर्व विधायक कमलेश कुमार सिंह व कुशवाहा शिवपूजन मेहता, जीप उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, पूर्व मंत्री लक्ष्मण राम, पूर्व जीप उपाध्यक्ष विनोद कुमार सिंह, पूर्व नपं अध्यक्ष शशि कुमार, जीप सदस्य राजू कुमार मेहता, रविन्द्र सिंह, अजय प्रसाद गुप्ता,अनुरूद्ध पासवान शिक्षक शंकर पासवान निर्मल कुमार प्रमोद पासवान गायक विरेन्द्र सहवाग ललन कुमार पासवान डॉ नादिर रिजवी, अधिवक्ता आलोक कुमार पूर्व मुखिया जीतेन्द्र पासवान जनक पासवान रीशु पासवान आदि लोगों ने शोक संवेदना व्यक्त किया है।

# बीपीओ से बीआरपी, सीआरपी के साथ किया बैठक



प्रभात मंत्र संवाददाता

**बंशीधर नगर :** प्रखंड संसाधन केंद्र अधौरा में प्रखंड साधन सेवी तथा संकुल साधन सेवी की बैठक प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी तहमीना परवीन की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई. प्रखंड कार्यक्रम पदाधिकारी ने सभी सीआरपी को 24 घण्टे के अंदर शिशु पंजी का समेकन देना सुनिश्चित करें.उन्होंने कहा कि आपार आईडी का कार्य जल्द से जल्द सभी प्रधानाध्यापक से सम्पर्क कर पूरा करवाना सुनिश्चित करें. एनरॉलमेंट गैप एक सप्ताह के अंदर पूरा करने का निर्देश दिया. यू -डायस, प्रोजेक्ट इंपैक्ट, प्रयास कार्यक्रम का सफल संचालन हो इस पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है. बीपीओ ने कहा कि विभागीय निर्देशों का शत प्रतिशत अनुपालन हो,इसे सभी सीआर पी ,बीआरपी सुनिश्चित करेंगे.उन्होंने कहा कि विद्यालय प्रबंधन समिति का बैठक प्रत्येक माह के 25 तारीख को करना सुनिश्चित करें. विद्यालय प्रबंधन समिति का बैठक रजिस्टर का फोटो कॉपी बीआरसी में प्रधानाध्यापक देना सुनिश्चित करेंगे. इस बैठक में बीआरपी श्रीकांत चौबे, प्रकाश कुमार सिंह, सीआरपी संजय कुमार सिंह, प्रशांत कुमार देव, अजय कुमार, बीरेंद्र प्रजापति, सुबोध कुमार, शोभा कुमारी, कप्यूटर कोडीनेटर राजकुमार ,रोहित कुमार सहित सभी बीआरसी कर्मी उपस्थित थे.

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4 ओपोजिट मोरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

## संक्षिप्त खबरें

### जेपीएससी अभ्यर्थी ने राज्यपाल से किया मुलाकात

**रांची।** झारखंड स्टेट स्टूडेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष सतनारायण शुक्ला, महासचिव प्रकाश कुमार ,सचिव अजय कुमार यादव ,संरक्षक राहुल कुमार और संगठन के सभी सदस्य ने मिलकर लगातार जेपीएससी के अध्यक्ष नियुक्ति को लेकर संघर्ष कर रहे हैं। लगभग छह बार मुख्यमंत्री से मुलाकात हुई, साथ ही साथ इस राज्य के सभी प्राधिकारी गन से मुलाकात हुई और झारखंड लोक सेवा आयोग के मेंबर से तीन बार मुलाकात हुई और साथ में पांच बार आंदोलन में हुआ फिर भी झारखंड सरकार सुनने से साफ इनकार कर दे रही है। साथ ही साथ जेपीएससी अभ्यर्थी और संगठन के लोग न महामहिम राज्यपाल से मुलाकात हुई। उन्होंने आश्वासन दिया है की बहुत जल्द मुख्यमंत्री से इस गंभीर विषय पर वार्ता करेंगे।

### ऑल इंडिया पोस्टल आर एम एस पेंशनर्स ने किया बैठक

**रांची।** नए साल के अवसर पर ऑल इंडिया पोस्टल/आर एम एस पेंशनर्स एसोसिएशन झारखंड की बैठक के डी राय व्यथित की अध्यक्षता में संपन्न हुई. बैठक में संकल्प लिया गया कि नव वर्ष पर जो काम पिछले वर्ष अधूरे रह गए हैं,उन्हें पूरा करने का प्रयास किया जाएगा, विशेषकर जनवरी 1996 से पोस्टमैन के बड़े हुए वेतन का बकाया भुगतान जो 5 वर्षों से लंबित पड़ा हुआ है. डाक प्रशासन पर निरंतर दबाव बनाने के पश्चात भी बकाया भुगतान का मामला अधर में लटका हुआ है.बैठक में निर्णय लिया गया कि अगर शीघ्र मामले का निपटारा नहीं हुआ तो एसोसिएशन राज्य स्तरीय भूख हड़ताल करने पर विवश हो जाएगा. इससे एसोसिएशन पूर्व मुख्य डाक महाध्यक्ष वी सी राय से मिलकर मामला को गंभीरता से उठाएगा. सी जी एच एस में लंबित केंद्रीय पेंशनर्स के मेडिकल क्लेम पर भी चर्चा हुई और अगले सप्ताह में अतिरिक्त निदेशक से एसोसिएशन का प्रतिनिधिमंडल भेंट करेगा.

# पूर्व सीएम ने शिबू सोरेन से मिलकर दी जन्मदिन की बधाई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास ने झारखंड आंदोलन कारी, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशुम गुरु शिबू सोरेन के मोरहाबादी स्थित घर पहुंचे और शिबू सोरेन के पैर छूकर आशीर्वाद लिये और जन्म दिन की बधाई दी। वहीं मौके पर रघुवर दास के साथ मौजूद एक शख्स ने गुरू जी से पूछा कि पहचाने कौन हैं, तो उन्होने कहा पहचान लिया रघुवर। इसके बाद रघुवर दास और वहां मौजूद लोग मुस्कुराने लगे। रघुवर दास ने इसके बाद मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन की मां रूपी सोरेन से मुलाकात की और उनसे आशीर्वाद लिया। सत्ता पक्ष और विपक्ष के नेता उनके आवास जाकर या फिर सोशल मीडिया के माध्यम से उन्हे बधाई और शुभकामनाएं दे रहे है। पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन ने भी शिबू सोरेन को जन्मदिन की बधाई और शुभकामनाएं दी।

**पूर्व सांसद ने दिशुम गुरु शिबू सोरेन को जन्मदिन की दिया बधाई:** झारखंड आंदोलन कारी, पूर्व मुख्यमंत्री और राज्य सभा सांसद दिशुम गुरु शिबू सोरेन के 81 वे जन्मदिन के अवसर पर सीपीआई के वरिष्ठ नेता सह पूर्व सांसद भुवनेश्वर प्रसाद मेहता और रांची जिला सह राज्य कार्यकारणी सदस्य अजय कुमार सिंह के द्वारा मोराहबादी स्थित आवास में पहुंच कर उन्हें पुष्पगुच्छ देकर स्वस्थ और दीर्घायु रहने की कामना किया। बातचीत के दरमियान मेहता ने कहा कि हम दोनों राजनीति की शुरुआत एक ही विद्यालय से1966में कम्युनिस्ट पार्टी में शामिल होकर कॉम मजरूल हुसैन के नेतृत्व में महाजनों और जमींदारों के खिलाफ आन्दोलन शुरू किया था।

1973में झारखंड मुक्ति मोर्चा का गठन किया उसके बावजूद आज भी पार्टी के साथ संबंध बरकरार है।

# हमारा लक्ष्य मैदान पर शानदार हॉकी का प्रदर्शन करना है : सलीमा

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** पहली बार महिला हॉकी इंडिया लीग के आयोजन की तैयारियों के साथ ही आखिरकार उत्सुकता समाप्त हो गई है। यह लीग यहां मारंग गोमके जयपाल सिंह हॉकी स्टेडियम मोराहबादी मैदान में आयोजित होने जा रही है। इस स्टेडियम ने एफआईएच ओलंपिक क्वालीफायर और महिला एशियाई चैम्पियंस ट्रॉफी जैसी शीर्ष विश्व प्रतियोगिताओं की मेजबानी की है।रांची शहर हॉकी के जश्न के लिए सज चुका है, क्योंकि प्रशंसकों को अपने पसंदीदा सितारों को लाइव एक्शन में देखने के लिए स्टेडियम में उमड़ने की उम्मीद है। भाग लेने वाली सभी चार टीमें रविवार, 12 जनवरी 2025 को दिल्ली एसजी पाइपर्स और ओडिशा वारियर्स के बीच होने वाले उद्घाटन एचआईएल के पहले मैच के साथ शुरुआत करने के लिए उत्सुक हैं। हॉकी के दीवाने झारखंड के प्रशंसकों के सामने खेलने के अपने उत्साह के बारे में बात करते हुए, दिल्ली एसजी पाइपर्स की कप्तान नवनीत कौर ने कहा, ÷हम बहुत उत्साहित हैं कि महिला एचआईएल आखिरकार शुरू हो रही है और हम (दिल्ली एसजी पाइपर्स) पहला मैच खेल रहे हैं। पूरी टीम कल एक अच्छे खेल का इंतजार कर रही है। अन्य टीमों की तुलना में, मेरा मानना है कि हम काफी युवा टीम हैं और उनसे बहुत कुछ सीखने को मिलेगा और जैसे-जैसे लीग आगे बढ़ेगी, उन्हें भी बहुत कुछ सीखने को मिलेगा। हमने वास्तव में अच्छी तैयारी की है और हम मैच-दर-मैच आगे बढ़ेंगे।

**ओडिशा कैंटीन लीग की पूर्व संध्या पर झारखंड मीडिया को संबोधित करते हुए:** वॉरियर्स टीम की नेहा




गोयल ने लीग के वित्तीय लाभों पर प्रकाश डाला। एचआईएल खिलाड़ियों के लिए बहुत बड़ी वित्तीय स्थिरता लेकर आता है, खासकर उन खिलाड़ियों के लिए जो अभी तक भारतीय टीम में जगह नहीं बना पाए हैं। यह लीग निश्चित रूप से अधिक युवाओं को हॉकी को करियर के रूप में देखने और अपने सपनों को साकार करने के लिए प्रेरित करेगी।÷बंगाल टाइगर्स की कप्तान उदिता ने लीग के समर्थन में कहा कि यह युवाओं के लिए एक आदर्श मंच है। उन्होंने कहा, ÷यह सबसे अच्छा मंच है। हमें दुनिया के कुछ बेहतरीन खिलाड़ियों के साथ खेलने का मौका मिल रहा है। पहले, हम केवल उनके खिलाफ खेलते थे, लेकिन अब हमें उन्हें करीब से देखने का मौका मिला है, वे मैचों के लिए कैसे तैयारी करते हैं, उनकी मानसिकता कैसी है और हम उनसे दोस्ती भी कर सकते हैं।

**सलीमा ने कहा:** झारखंड की घरेलू प्रतिभाशाली खिलाड़ी और भारतीय महिला हॉकी टीम की मौजूदा कप्तान सलीमा टेटे ने अपने राज्य के हॉकी प्रशंसकों से आग्रह किया कि वे आएं और रोमांचक मुकाबले का आनंद लें तथा अपने पसंदीदा खिलाड़ियों का समर्थन करें।

# दिशुम गुरु शिबू सोरेन के जन्म दिन के मौके पर लगाया गया स्वास्थ्य शिविर




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड आंदोलनकारी पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशुम गुरु शिबू सोरेन के 81 वे जन्मदिन के अवसर पर झारखंड छात्र मोर्चा रांची विश्वविद्यालय के द्वारा स्वास्थ्य शिविर का लगाया गया था। यहां पर सभी लोगों ने अपना स्वास्थ्य जांच कराया। यह शिविर दिशुम गुरु शिबू सोरेन के आवास के बाहर मोराबादी स्थित मैदान में लगाया गया था । रांची जिला ग्रामीण अध्यक्ष मुस्ताक आलम में बताया कि दिशुम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन है और उनके स्वास्थ्य की कामना करते हुए राज्य की जनता का भी स्वास्थ्य बेहतर हो इसलिए या शिविर लगाया गया है, जहां लोग अपना बीपी, शुगर आदि जांच करवाया।

# श्री राम जन्मभूमि का मनाया गया प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव

**प्रभातत मंत्र संवाददाता**

**रांची।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या के प्राण प्रतिष्ठा वार्षिकोत्सव के उपलक्ष्य में श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के द्वारा भव्य पूजा अर्चना कर प्रसाद का वितरण किया गया ।कार्यक्रम की शुरुआत झारखंड के प्रथम मुख्यमंत्री सह भाजपा प्रदेश अध्यक्ष बाबूलाल मरांडी , विधायक राँची सी पी सिंह , विश्व हिन्दू परिषद के वीरेंद्र साहू वरिष्ठ समाजसेवी शंकर दुबे एवं डॉ प्रकाश कुमार के द्वारा किया गया ।श्री महावीर मंडल बड़ा तालाब राँची के प्रांगण में श्री राम लल्ला एवं महाबली हनुमान की पूजा अर्चना की गई तत्पश्चात सुंदरकांड पाठ किया गया जिसके बाद आरती कर



प्रसाद वितरण किया गया । मरांडी ने सभी पुजारियों को शाल देकर सम्मानित किया एवं पूरे राज्य वासियो को वार्षिकोत्सव की हार्दिक बधाई दी ।श्री महावीर मंडल राँची के पूर्व अध्यक्ष श्री राजीव रंजन मिश्रा ने बताया कि सभी राम भक्तो से 11 जनवरी 2025 को श्री रामनवमी जन्मभूमि तीर्थ छेत्र में मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम जी के प्राण प्रतिष्ठा के वार्षिकोत्सव के अवसर पर श्री महावीर मंडल राँची के द्वारा बड़ा तालाब प्रांगण में भव्य पूजा अर्चना की गई ।

# सूटबूट में आया चोर लाखों लेकर हुआ फरार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची ।** गोंदा थाना क्षेत्र के कांके रोड स्थित ईश्वरी एंक्लेव में लाखों की चोरी की घटना हुई है। गोंदा थाने में इसको लेकर एफआईआर दर्ज कराई गई है। कहा जा रहा है कि चोर ने 30 लाख के गहने और 8.30 लाख कैश चुराए हैं। घटना को लेकर बताया जा रहा है कि यह चोरी तब हुई जब घर पर कोई नहीं था। हैरानी की बात यह है कि चोर गिरोह पूरे ठाट बाट में कार से चोरी करने पहुंचा था। वह सूट बूट पहने हुए था। चोर गिरोह के सदस्यों ने पहले घर का ताला तोड़ा, फिर चोरी की। इसके बाद कार में सवार होकर फरार हो गया। यह पूरी घटना सीसीटीवी में कैद हुई है। जिसकी वजह से यह पता चल पाया कि अब सूट बूट में भी चोर गिरोह चोरी करने निकल रहा है। चोरी की यह घटना कांट्रेक्टर जसवंत सिंह के घर में हुई। सीसीटीवी में कैद फुटेज में साफ देखा जा सकता है कि चोर सूट बूट पहनकर कार से चोरी करने आए थे। कांट्रेक्टर की पत्नी घर में ताला लगाकर गई हुई थी। उस दौरान घर में कोई नहीं था। इसी दौरान चोरों ने चोरी की है। कांट्रेक्टर की पत्नी जब घर वापस आई। तब उसने मेन गेट का ताला टूटा देखा। अंदर जाने पर पता चला कि चोरी हुई है। जिसकी सूचना पुलिस को दी गई। वही गोंदा थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

# पहाड़ी मंदिर परिसर में रखे 11 दान पात्रों के ताले को तोड़कर राशि की किया गया गणना



**गणना में तीन विदेशी मुद्रा के साथ निम्न प्रकार राशि प्राप्त हुई**

| नोट | सिक्का |
|---|---|
| 500 - 71500 | 20- 1520 |
| 100- 50000 | 10- 30000 |
| 50- 36150 | 5- 13000 |
| 20- 36000 | 2- 11000 |
| 10- 28000 | 1- 4700 |
| कुल - 242305 | कुल - 60220 |

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उत्कर्ष कुमार अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची के आदेश पर कार्यपालक दंडाधिकारी शाइनी तिग्गा की उपस्थिति में पहाड़ी मंदिर परिसर में रखे 11 दान पात्रों के ताले को तोड़कर राशि की गणना की गई। गणना में कृष्ण कन्हैया कोषाध्यक्ष, राजेश गाड़ोदिया, मदन लाल पारीक, सुनील माथुर, दयाशंकर शर्मा आदि पहाड़ी मंदिर के सदस्य, पहाड़ी मंदिर में आए आम श्रद्धालु तथा पहाड़ी मंदिर के कर्मचारी शामिल हुए।

इस प्रकार नोट एवं सिक्का मिलाकर कुल 302525.00 रुपए प्राप्त हुए। जिसे समिति के खाता में जमा करने हेतु कोषाध्यक्ष को हस्तगत कर दिया गया। संपूर्ण गणना कार्यक्रम का वीडियोग्राफी की गई।

# राज्यसभा सांसद डा0 महुआ माजी ने किया कंबल का वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** लोहरा कोचा स्थित श्री शिव हनुमान मंदिर में राज्यसभा सांसद डॉ0 महुआ माजी जी के द्वारा कड़ाके की ठंड को देखते हुए जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कि साथ ही पानी की किल्लत को देखते हुए उक्त स्थान का निरीक्षण कर निराकरण के लिए संबंधित पदाधिकारीयों से बात कर समस्या का तुरंत समाधान करने हेतु निर्देश दिया। लोहरा कोचा के लोगों ने कहा कि सांसद महोदया ने जो आज जनहित में काम किया है वह




आज तक किसी ने नहीं किया। डॉ0 महुआ माजी लोहरा कोचा के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि वह हर समय जनता के कार्य के लिए उपलब्ध है। इस अवसर पर उपस्थित वार्ड 18 के पार्षद प्रत्याशी सोमवित माजी जी ने कहा कि किसी भी प्रकार का दिक्कत होने पर आप हमसे तुरंत संपर्क करें हम आपके हर समस्याओं का निदान हेतु कार्य करेंगे। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्ड 18 पार्षद प्रत्याशी सोमवित माजी, राजेश निषाद, विजय गुप्ता, रंजीत श्रीवास्तव, अशोक वर्णवाल, मोहित तिर्की, रामाशीष साव, अमित रॉय, मंडल लोहरा, रोहित लोहार, राजेश कांत प्रसाद, अमरेंद्र सिंह, किशोर महतो आदि अनेकों लोग उपस्थित रहे।

# कडरू पंचायत के मोमिन अंसारी ने किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** मोमिन अंसारी पंचायत कडरू के द्वारा ठंड से जरुरत मंद लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया । इस मौके पर पंचायत के अध्यक्ष हफिजुल हसन ने कहा कि इस कडाके की ठण्ड में लोगों को चाहिए की अपने आस पास के लोगों को चिन्हित कर ठण्ड से परेशान लोगों की अपने स्तर से मदद करें। साथ ही उन्होंने कहा कि भविष्य में भी मोमिन अंसारी पंचायत मानव कल्याण के लिए समर्पित रहेगी। इस मौके पर पंचायत के उपाध्यक्ष फिरोज अंसारी,उपाध्यक्ष अताउललाह अंसारी, सचिव अरशद जिया , सरपरस्त सुजाउददीन , अंजुमन इस्लामिया कडरू के पूर्व अध्यक्ष जैनुल आबेदिन ,अंजुमन इस्लामिया कडरू के पूर्व महासचिव सुजाउददीन अंसारी, जामा मस्जिद कडरू के सचिव कुतुबुददीन अंसारी, हाजी अखतर अंसारी, मोहम्मद रफीक अंसारी,लतीफ आलम, सजजाद अंसारी, मोहम्मद उमर अंसारी, अखलाकुल अंसारी, अतिकुर रहमान अंसारी, मोहम्मद फैसल रहमान आदि मौजूद थे।

### बिजली बिल नहीं मिल रहा है तो 31 जनवरी तक कराये शिकायत

**रांची।** विद्युत आपूर्ति अंचल रांची में बिजली से संबंधित जन शिकायत शिविर लगाया गया है। जिसमें लगातार लोग अपनी शिकायतें लेकर पहुंच रहे हैं। इस शिविर में वैसे उपभोक्ता जिनका मोबाइल नंबर जोड़ा नहीं गया है या समय पर बिजली बिल नहीं पहुंच रहा है या फिर बिजली बिल स्पष्ट रूप से नहीं दिखाई पड़ रहा है बिजली बिल अधिक आ रहा है इन सब के समाधान को लेकर शिविर लगाया गया है । और लगातार इसकी शिकायत लेकर लोग पहुंच रहे हैं । बिजली विभाग से आश्वासन दिया गया है कि एक सप्ताह के अंदर सभी की समस्याओं का समाधान कर दिया जाएगा।

# पेट्रोलियम पदार्थों में मिलावट एवं अवैध भण्डारण करने वालों के खिलाफ किया गया कार्रवाई

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** पेट्रोलियम पदार्थों में मिलावट एवं अवैध भण्डारण करनेवालों के खिलाफ जिला प्रशासन द्वारा कार्रवाई की गयी है। इस संबंध में उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री को गुप्त सूचना मिली थी कि बालालौंग के पास पेट्रोलियम पदार्थों की वाहनों से चोरी कर मिलावट और अवैध भण्डारण किया जा रहा है।

**दल-बल के साथ जांच करने पहुंची जिला प्रशासन की टीम**

उपायुक्त मंजूनाथ भजन्त्री के निर्देश पर दल-बल के साथ जिला प्रशासन



की टीम मौके पर जांच के लिए पहुंची। जिला आपूर्ति पदाधिकारी, रांची प्रदीप भगत एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी, नगड़ी ने जांच के दौरान मिलावट एवं अवैध भण्डारण की सूचना को सही पाया। टीम द्वारा 4200 लीटर पेट्रोल, 250 लीटर डीजल एवं लगभग 13 लीटर स्प्रिट बरामद किया गया।

**आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज**

पेट्रोलियम पदार्थों में मिलावट एवं अवैध भण्डारण के आरोप में दो आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कराया गया है। मोसाहिद मंसूरी एवं तौसिफ रजा के खिलाफ विधानसभा थाने में मामला दर्ज कराया गया है।

# उपायुक्त ने सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को किया रवाना

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** उपायुक्त रांची, मंजूनाथ भजन्त्री द्वारा 11 जनवरी 2025 को समाहरणालय ब्लॉक-ए परिसर से सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। 36वां राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह 01 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक मनाया जा रहा है।इस दौरान अनुमंडल पदाधिकारी सदर रांची, श्री उत्कर्ष कुमार, पुलिस अधीक्षक ट्रैफिक रांची, जिला परिवहन पदाधिकारी रांची, अखिलेश कुमार, सड़क सुरक्षा से जुड़े सभी अधिकारी/ पदाधिकारी एवं सम्बंधित सभी अधिकारी मौजूद थे।

**सड़क सुरक्षा जागरूकता रथ का उद्देश्य:** जागरूकता रथ रांची जिले के सभी प्रखंडों की पंचायतों और गांवों में जाकर आमजनों, छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा के नियमों के प्रति जागरूक करेगा। लोगों को दुर्घटना से कैसे बचना है, यातायात के नियमों की जानकारी इस जागरूकता रथ के माध्यम से दिया जाएगा। इस रथ में एल.ई.डी स्क्रीन के माध्यम से सभी यातायात सम्बन्धी जानकारी दी जाएगी।



**कला दल के द्वारा आकर्षक प्रस्तुतिः** जिला परिवहन कार्यालय द्वारा लोगों को आकर्षक रूप से जागरूक करने के लिए कला दल के सदस्यों ने नृत्य और नाटक के माध्यम से लोगों को जागरूक कर रहें है। इनका रंगा रंग प्रस्तुति लोगों को अपने ओर आकर्षित कर रहा है। लोग रुक कर इनका प्रदर्शन देख रहें है।

**हिट एण्ड रनः** परिवहन विभाग, झारखण्ड सरकार की अधिसूचना सं.- 163, दिनांक- 18/04/22 के अनुसार सड़क दुर्घटना में हिट एण्ड रन (वाहन द्वारा दुर्घटना कर भाग जाने के परिस्थिति में) मामलों में पीड़ित पक्ष को मुआवजा दिलाने का प्रावधान है। सड़क दुर्घटना से मृत्यु होने पर यह 2,00,000/- रूपये तथा गंभीर रूप से घायल होने पर यह 50,000/- रूपये निर्धारित किया गया है।

# चोरी के मोबाइल के साथ एक गिरफ्तार

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** कोतवाली डीएसपी प्रकाश सोय ने बताया कि मोबाइल चोरी के आरोप में वसीम नामक एक युवक को शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर लोगों ने पकड़ा। पुअनि चन्द्रमोहन बारला को सूचना मिली कि सूचना मिली कि आम लोगों के द्वारा एक मोबाइल चोर को पकड़कर रखा गया है। इसके बाद चन्द्रमोहन बारला सूचना का सत्यापन एवं आवश्यक कार्यवाही करते हुए मोबाईल चोर को गिरफ्तार कर लिया। व्यक्ति से उसका नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम वसीम अंसारी, पता-अक्सा मस्जिद के पास न्यू आजाद नगर अमन सोसाइटी थाना- भुली एवं स्थाई पता- मदीनानगर वासेपुर धनबाद बताया। उसके पास से चोरी किए तीन मोबइल को पुलिस ने बरामद कर उसे जब्त कर थाना लाया गया। बताया गया है कि अभियुक्त वसीम अंसारी का पूर्व में भी अपराधिक इतिहास रहा है। पश्चिम बंगाल के रामपुरहाट थाना काण्ड सं0-279/18 (त्रक्र901/2018) और आसनसोल (स्) थाना काण्ड



स0-213/2020 में मामला दर्ज है। इधर, पुलिस ने जो समान बरामद किया उसमें दो ओपो कम्पनी का मोबाइल फोन है। वहीं इसका मास्टरमाइंड असनसोल में रहता है। पुलिस उसकी भी तलाश में जुट गई है।

## नक्सल नहीं, अब अफीम बनी चुनौती, बुंडू में गृह सचिव और डीजीपी ने की उच्च स्तरीय बैठक

**बुंडू (प्रभात मंत्र संवाददाता):** रांची जिला अंतर्गत बुंडू अनुमंडल साभागार में राज्य सरकार की गृह सचिव वंदना डाडेल और राज्य के पुलिस महानिदेशक अनुराग गुप्ता ने शुक्रवार को खूंटी और रांची जिला के सभी विभाग के पदाधिकारी के साथ अफीम की खेती




को नष्ट कर समाप्त करने को लेकर महत्वपूर्ण बैठक हुई। इस बैठक में गृह सचिव और डीजीपी ने जिला के डीसी एवं एसपी ,एसडीएम, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सभी थाना के थानेदारों को आवश्यक दिशा निर्देश दिया गया ।अफीम की खेती को रोकने के लिए सभी विभाग के पदाधिकारी में आपसी संबंध स्थापित कर जीरो टॉलरेंस के नीति पर काम करने का सख्त निर्देश दिया इसके साथ ही पुलिस पदाधिकारी के साथ अफीम की खेती संबंधित ओर तस्करी से प्रभावित थाना पर हुए कांड की भी समीक्षा की गई गृह सचिव और डीजीपी ने राज्य में आठ जिलों पर बढ़ते अफीम की खेती पर चिंता प्रकट करते हुए कठोर कदम उठाने का आवश्यक दिशा निर्देश दिया विशेष कर बुंडू अनुमंडल क्षेत्र और खूंटी जिला के सभी थाना क्षेत्र में बढ़ते अफीम खेती पर कठोर कार्रवाई एवं जमीन मालिक रैयत पर प्राथमिक की दर्ज करने का निर्देश दिया। डीजीपी ने पुलिस अधिकारियों को हिदायत दिया यदि पुलिस अधिकारी अफीम खेती में तस्करों के साथ मिलीभगत पाए जाने पर उसे नौकरी से बर्खास्त किया जाएगा साथ ही उसे जेल भी भेजा जाएगा आगे कहा प्रदेश में पिछले पांच वर्षों में नशा कारोबारी पर 3500 से अधिक मामले दर्ज है। गृह सचिव ने पंदाधिकारी को कहा कि आमजनता को जागरूकता करें और किसानों एवं ग्रामीणों को अन्य खेती पर आए के स्रोत के बारे में जागरूकता करने की अपील किया। मौके पर खास तौर पर दक्षिणी छोटानागपुर प्रमंडलीय आयुक्त अंजनी कुमार मिश्रा, आईजी अभियान एम होमकर, रांची जोनल आईजी अखिलेश कुमार झा, सीआईडी आईजी असीम विक्रान्त मिंज,खुंटी उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री,खुंटी एसपी अमन कुमार, रांची सीटी एसपी राजकुमार मेहता, रांची ग्रामीण एसपी सुमित कुमार अग्रवाल,खुंटी एसडीएम दीपांश कुमारी, बुंडू एसडीएम, किस्टो कुमार बेसरा,खुंटी एसडीपीओ वरुण रजक, बुंडू एसडीपीओ ओम प्रकाश और रांची जिला ग्रामीण और खुंटी जिले के तमाम पदाधिकारी मौजूद थे।

## हिंडालको मुरी द्वारा सिल्ली प्रखंड के टीवी मरीजों के बीच पोषण कीट एवं कंबल का वितरण कार्यक्रम आयोजित

**मुरी (प्रभात मंत्र संवाददाता):** हिंडालको मुरी द्वारा सिल्ली प्रखंड के सभी टीवी मरीजों के बीच एलुमिना क्लब परिसर में शनिवार को पोषण किट और कंबल का वितरण किया गया। इस अवसर पर लगभग 120 मरीज ने लाभ प्राप्त किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि हिंडालको



मुरी प्लांट के प्लांट हेड संदीप पाटिल ने अपने संबोधन में कहा हमारी कंपनी सामाजिक दायित्व के निर्वहन के लिए प्रतिबद्ध है हम हमेशा ऐसा कार्य के जरिए अपने समुदाय के साथ जुड़ने का प्रयास करते हैं। इस कार्यक्रम की विशिष्ट अतिथि सिल्ली सीओ अरुणिमा एक्का ने हिंडाल्को के प्रयासों के लिए आभार व्यक्त करते हुए कहा इस कड़ाके की ठंड में हिंडाल्को द्वारा वितरित किए गए कंबल से इन सभी लोगों को बहुत लाभ होगा, यह कदम सचमुच प्रशासनीय है सिल्ली हॉस्पिटल के प्रमुख डॉक्टर प्रियंका ने हिंडाल्को द्वारा विचलित किये जा रहे पोषण किट की सराहना की ओर कहा कि यह कदम समुदाय के स्वास्थ्य सुधार के लिए महत्वपूर्ण होगा। कार्यक्रम में सिल्ली के प्रमुख नेता में प्रखंड प्रमुख जितेंद्र बड़ाईक, मुखिया लालू राम उरांव ,मुखिया सोमवारी देवी, मुखिया जितनी देवी मुखिया, सीमा देवी और मुखिया सोमरा मांझी ने भी हिंडाल्को के प्रति आभार व्यक्त किया। इस कार्यक्रम में हिंडाल्को के एच आर हेड अरुण राय, सीएसआर हेड अनिल सिंह, कुमार अभिषेक और भरत सिंह समेत अन्य प्रमुख अधिकारी भी उपस्थित थे। एच आर हेड अरुण राय ने कहा की हिंडालको हमेशा अपनी सामुदायिक कार्य के जरिए समाज का बदलाव लाने के लिए प्रतिबद्ध है और इस प्रकार के कार्यक्रम के माध्यम से स्थानीय लोगों को जीवन स्तर बेहतर बनाने का प्रयास करता है।

## वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन

**नामकुम(प्रभात मंत्र संवाददाता):** माननीय खिजरी के लोकप्रिय विधायक राजेश कच्छप के लगातार दूसरी बार खिजरी से विधायक निर्वाचित होने की खुशी में नव वर्ष के अवसर पर वन भोज सह मिलन समारोह का आयोजन लुपुंग टोली रामपुर में



किया ।इस अवसर पर विधायक ने कार्यकर्ताओ को नव वर्ष की ढेर सारी बधाईयां देते हुए कहा कि इस तरह एकजुटता बनाए रखना है, मिलजुलकर अपने क्षेत्र का विकाश करना है ।इस अवसर पर मुख्य रूप से विधायक कांके सुरेश बैठा,प्रमुख आशा कच्छप, दीपा उरांव,रमेश पांडे,अशोक मिश्रा, माधो कच्छप ,प स स अरविंद लोहरा,रमेश कुमार, किस्टो उरांव,महिला नेत्री अर्चना मिश्रा, जितेंद्र सिंह, मुन्ना मुंडा,जितेंद्र महतो, साकिर अंसारी,भुनेश्वर महतो,वंशी ठाकुर,विजय टोप्पो,दिनेश प्रमाणिक,पचू तिर्की, इत्यादि गणमान्य पदाधिकारी,कार्यकर्ता के साथ सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित थे।

## आश्रितों के बीच कम्बल का वितरण किया गया

**मांडर (प्रभात मंत्र संवाददाता):** दिशुम गुरु शिबू सोरेन के 81 वां जन्मदिन के उपलक्ष में करगे पंचायत में बूढ़े बुजुर्गों के बीच केक काटा गया। इस दौरान कड़ाके की ठंड देखते हुए सौ बूढ़े आश्रितों को कंबल वितरण किया गया। मौके पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड



अध्यक्ष रोशन इमानुएल तिग्गा, युवा अध्यक्ष नेल्सन तिर्की, उपाध्यक्ष सुधांशु, भगत सुधीर टोप्पो, गुलजार अंसारी, हसन अंसारी श्याम उरांव, नरेश किंडो, पिंकी कुजूर चामी कुजूर, चामी उरांईन और सैकड़ो कार्यकर्ता तथा बुजुर्ग ग्रामीण उपस्थित थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री रघुवर दास से मिले जिला अध्यक्ष विनय महतो धीरज, दी बधाई

**सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारतीय जनता पार्टी रांची जिला ग्रामीण के अध्यक्ष विनय महतो धीरज ने भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री एवं ओडिसा के निवर्तमान राज्यपाल रघुवर दास से धुर्वा स्थित उनके आवास पर



मुलाकात की। इस दौरान श्री महतो ने उनके सक्रिय राजनीति में वापस आने पर बधाई दी। उन्होंने कहा कि रघुवर जी की कार्यकाल में राज्य में विकास की लम्बी लकीर खींची थी। राज्यपाल जैसे बड़े पद को छोड़कर आम लोगों की सेवा करना और संगठन हित में काम करने को चुना है।जो राज्य के जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं के प्रति प्रेम और संवेदनशीलता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि रघुवर दास के आने से पार्टी को और मजबूती मिलेगी और कार्यकर्ताओं में भी नई ऊर्जा का संचार हुआ है।इस दौरान रांची ग्रामीण के क?ई पदाधिकारी मौजूद थे।

# प्रत्येक शनिवार को अंचल कार्यालय में अंचलाधिकारी और थाना प्रभारी जमीन संबंधी मामलो के निपटारा हेतु लगायेंगे कोर्ट : शिल्पी नेहा तिर्की

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**इटकी :** कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने 15 दिनों के अंदर जन्म ट्ठ मृत्यु प्रमाण पत्र का लाभ देने का निर्देश दिया है . इटकी प्रखंड कार्यालय में सरकारी योजनाओं को लेकर आयोजित बैठक के दौरान मंत्री ने कहा कि अक्सर जन्म ट्ठ मृत्यु प्रमाण पत्र को लेकर शिकायत मिलती है . ग्रामीण इलाकों में लोगों को इसके लिए पंचायत सचिवालय से लेकर प्रखंड कार्यालय तक के चक्कर लगाने पड़ते है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने पंचायत सचिव को जन्म ट्ठ मृत्यु प्रमाण पत्र की प्रक्रिया 15 दिन के अंदर पूर्ण कर लेने को कहा है . जनसेवक को आवास कार्य से हटाकर आवास का काम पंचायत सचिव और पंचायत स्वयंसेवक को दिए जाने का निर्देश दिया गया । इटकी में अधिकारियों के साथ समीक्षा के दौरान मंत्री ने साफ निर्देश दिया शेड योजना का लाभ पहले पशुधन योजना वाले किसानो को दे . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि सरकार की योजनाओं में किसी तरह की कोई लापरवाही वो बर्दाश्त नहीं करेंगी . बात चाहे कृषि , पशुपालन एवं सहकारिता विभाग की योजना का हो या दूसरे किसी भी विभाग की योजना का . हर हाल में लाभुक को उस योजना का लाभ समय सीमा के अंदर देना होगा . जहां भी योजना को धरातल पर उतारने में कोई परेशानी या अड़चन हो , कर्मचारी बेहतर तालमेल और वरीय अधिकारियों के सुझाव पर उसे तत्काल निबटारा करें . मंत्री श्रीमती तिर्की ने खास तौर से कृषि पशुपालन और मछली पालन पर जोर देने को कहा जिससे किसानों की उन्नति हो सके। इसके साथ ही मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने लाभुकों से भी सरकार की योजना को लेकर जागरूक रहने और अपने हक अधिकार को समझने की नसीहत दी है . मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने इटकी में हाथी के आतंक के लिए अधिकारियों को कैंप लगाने का निर्देश दिया है . कैंप के माध्यम से टॉर्च , पटाखा के साथ हाथी को भगाने के लिए जरूरी सतर्कता की जानकारी दी जाएगी . इसके साथ ही इटकी बाजार टांड़ को सीमांकन करने का निर्देश अपने प्रतिनिधियों को दिया । स्वास्थ विभाग के मंत्री को इटकी पीएससी सेंटर को सीएससी में तब्दील करने का पत्राचार कर आग्रह करेंगे।मौके पर प्रखंड विकास पदाधिकारी प्रवीण कुमार, अंचल अधिकारी अनीश अहमद , थाना प्रभारी अभिषेक कुमार, बीटीएम सुमन बरला , कल्याण पर्यवेक्षक पदाधिकारी रोशन सुधाकर कुजूर,पशु चिकित्सा प्रभारी शिवानंद काशी, चिकित्सा प्रभारी अर्चना प्रिया, अमिता लाल,बीपीओ पम्मी सिन्हा, बीपीआरओ रईस मलिक, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष रमेश महली, विधायक प्रतिनिधि अबु माज, अबरार इमाम, घोमा सिंह, आलोक कुमार ,अहमद अंसारी ,मंजर अंसारी, रहमान अंसारी ,पप्पू हाशमी, अब्बास अंसारी, अजय गोप, शिशु गोप, राजेश कच्छप, लखन लकड़ा सहित सभी विभागों के अधिकारी और कर्मी उपस्थित थे ।



# निमुवा मेला धुमधाम से संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मुरी :** सिल्ली प्रखंड क्षेत्र के निमुवा (राजागोड़ा) में शनिवार को मेला का आयोजन किया गया।इस मेले में नर्तकी नाच पूर्णिमा ठाकुर द्वारा नृत्य प्रस्तुत किया गया। साथ ही मुर्गा लड़ाई, फुटबॉल खेल का भी आयोजन किया गया। इस मेले की मुख्य अतिथि रामानंद वेदिया मौजूद रहे। फुटबॉल फाइनल खेल में ट्राई ब्रेकर में सारजमडीह फुटबॉल क्लब ने तीन दो से मारदु को हराया और खिताब पर अपना कब्जा जमाया। बेदिया ने कहा की खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए,हार जीत तो लगा रहता है।इस खेल को देखने के लिए आसपास के खेल प्रेमी मौजूद रहे और आनन्द उठाया। विजेता एवं उपविजेता टीम को मुख्य अतिथि रामानंद बेदिया, कार्तिक चन्द्र महतो,विशाल महतो आदि के द्वारा नगद पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। मेले का संचालन मोहम्मद फारुख ने किया।इस मौके पर धिरेन्द्र नाथ महतो,सामराय महतो, विश्वनाथ महतो, विरेन्द्र नाथ महतो,रंजीत महतो,पांडु महतो, डॉ संदीप महतो, रमेश महतो, नरेश करमाली मौजूद थे।



## ठाकुर गांव थाना कांड संख्या 52/24 अभियुक्त व्यक्ति की उपस्थिति की आवश्यकता वाली उद्घोषणा

**ठाकुर गांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** ठाकुर गांव थाना के समक्ष शिकायत की गई है कि अख्तर अंसारी पुत्र स्वर्गीय एहसान अंसारी, निवासी ग्राम पतराटोली, पी.एस. ठाकुरगांव, जिला- रांची, (झारखंड) (नाम, विवरण और पता) ने बी.एन.एस. की धारा 126(2) /115(2) / 118(1) /117(2)/109/3(5) के अंतर्गत दंडनीय अपराध किया है (या करने का संदेह है), और इसे जारी किए गए गिरफ्तारी वारंट पर लौटा



दिया गया है और उक्त अभियुक्त अख्तर अंसारी (नाम) नहीं मिल सका है, और इस कारण अभियुक्त सोहराब अंसारी फरार हो गया है या उक्त वारंट की तामील से बचने के लिए खुद को छिपा रहा है।एतद्द्वारा उद्घोषणा की जाती है कि उक्त अभियुक्त अख्तर अंसारी पुत्र स्व. एहसान अंसारी, निवासी ग्राम पतराटोली, थाना ठाकुरगांव, जिला- रांची, (झारखंड) अभियुक्त का पता को उक्त शिकायत का उत्तर देने के लिए 07 फरवरी 2025 को प्रातः 10ऱ30 बजे इस न्यायालय के समक्ष या मेरे समक्ष उपस्थित होना आवश्यक था जो नहीं हुआ है,इस कारण ठाकुर गांव थाना प्रभारी विनित कुमार के निर्देशाअनुसार ठाकुर गांव थाना के एसआई अरविन्द कुमार और ठाकुर गांव सहस्त्र बल के साथ अभियुक्त के घर में माननीय न्यायालय द्वारा निर्गत इश्तहार चिपकाया गया।

# होली चाइल्ड पब्लिक स्कूल नारो में प्रार्थना योद्धा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क कपड़ा का किया गया वितरण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** शनिवार को मांडर स्थित हॉली चाइल्ड पब्लिक स्कूल नारो में प्रार्थना योद्धा ट्रस्ट द्वारा निःशुल्क कपड़ा और कंबल का किया गया वितरण । अध्यक्ष एस्थर टोपनो सचिव और व्यवस्थापक राज ने बताया कि यह ट्रस्ट 2020 से लगातार मानव सेवा के लिए समर्पित है । यह स्ट्रेस समय-समय पर मुफ्त भोजन कपड़ा और कंबल का वितरण करते रहती है। ट्रस्ट के अध्यक्ष एस्टर टोपनो और सचिव राज की नेतृत्व में 1000 से अधिक जरूरतमंद लोगों के बीच ठंढ कपड़े स्वेटर जैकेट कम्बल सौल साड़ी जीन्स पैंट सर्ट कुर्ती बच्चों के कपड़े इत्यादि बांटा गया। ट्रस्ट के अध्यक्ष ने कहा कि मानव सेवा से बढ़कर कोई सेवा नही होता है और इस तरह के कार्य करने से लोगों के जीवन मे खुसी ला सकती है। स्कूल के निदेशक आलोक बिपीन टोप्पो ने कहा कि।लोगों के जीवन की मुख्य आवश्यकता में रोटी कपड़ा और मकान होती है जिसमे कपड़ा भी एक प्रमुख आवश्यकता होती है जो लोगों के तन ढकने के लिए आवश्यक है जो हमें हरेक मौसम में जरूरी होता है। और इस ट्रस्ट के सदस्य निःस्वार्थ भाव इस कार्य में लगातार लगे हुए हैं और जरूरतमंदों तक अपने खर्च से कपड़ा पहुंचा रही है और किसी से कोई आर्थिक मदद नहीं ले रही है। वस्त्र वितरण कार्यक्रम को सफल बनाने में ट्रस्ट के सदस्य सुनील मिंज, ज्योतिष मिंज, अमित मिंज, रोनी कीर्ति तिग्गा रश्मि मिंज,हिल्डा लकड़ा ,संतोष कुजूर , मारग्रेट लकड़ा ,अंशु शबनम तिग्गा और स्कूल के प्रधानाध्यापक आलोक तिवारी महावीर उरांव पुनीत खलखो शालिनी तिर्की मरियम जेवियर एक्का आदि ने अपनी अहम भूमिका निभाई।




## सुदिव्य कुमार सोनू ने फॉलो का किया औचक निरीक्षण



**अनगडा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** झारखंड सरकार के नगर विकास एवं पर्यटन कला संस्कृति खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने औचक निरीक्षण में हुण्डरु फॉल सीता, जोन्हा, दशम फॉल पहुंचे।। हुण्डरु फॉल पहुंचने पर मंत्री का झारखंड पर्यटन सुरक्षा समिति के अध्यक्ष राजकिशोर प्रसाद एवं संरक्षक बालेश्वर बेदिया ने बुके देकर स्वागत किया । एवं पर्यटन कर्मियों ने मृतक पर्यटन कर्मी के आश्रितों को काम में रखने, स्थायीकरण करने, , पी एफ, जीवन बीमा, लागू करने, आदि छ्ऱ सूत्री मांग पत्र सौपा।पर्यटन मंत्री ने हुण्डरु जोन्हा सीता दशम आदि जलप्रपात पर्यटन स्थल में पर्यटकों की सुविधा के बारे जानकारी लिए। साथ ही पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए भविष्य की कार्य योजना के बारे विभाग को दिशा निर्देश दिए। पर्यटन मित्रों ने पर्यटन स्थलों के पेयजल, पार्किंग, सीढ़ी, , शौचालय, आदि समस्या से अवगत कराये। सुरक्षा व्यवस्था में अनगड़ा एवं सिकिदीरी पुलिस तैनात थे। मौके पर अनगड़ा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी जयपाल सोय, अनगड़ा अंचलाधिकारी राजू कमल, कुच्चू मुखिया सहदेव बेदिया, मेघनाथ बेदिया, बुधराम बेदिया, राजेन्द्र महतो सोहन बेक मनोज बेदिया, आदि उपस्थित थे।

# अवैध अफीम की खेती रोकने हेतु अंचल अधिकारी कर्रा द्वारा बैठक का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**खूंटी :** खूंटी उपायुक्त लोकेश मिश्रा के निर्देश पर आज कर्रा अंचल कार्यालय के सभागार में अंचल अधिकारी श्रीमती वंदना भारती की अध्यक्षता में ग्राम प्रधानों एवं चौकीदारों के साथ एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में अवैध अफीम की खेती को रोकने एवं इसके विनष्टीकरण के प्रभावी उपायों पर चर्चा करना था। अंचल अधिकारी ने उपस्थित ग्राम प्रधानों एवं चौकीदारों को अवैध अफीम की खेती पर सख्ती से नजर रखने और किसी भी संदिग्ध गतिविधि की तुरंत सूचना देने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि अफीम की अवैध खेती न केवल कानून का उल्लंघन है, बल्कि समाज के लिए भी हानिकारक है। इस पर रोक लगाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से प्रतिबद्ध है। बैठक में उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों को जागरूकता अभियान चलाने, गुप्त सूचना तंत्र को मजबूत करने और आवश्यकतानुसार सख्त कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए। अंचल अधिकारी ने यह भी कहा कि ग्राम स्तर पर समुदाय की सहभागिता से ही इस समस्या का समाधान संभव है। बैठक में थाना प्रभारी, ग्राम प्रधान एवं चौकीदार सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने मिलकर क्षेत्र को नशा मुक्त बनाने के लिए सामूहिक प्रयास करने का संकल्प लिया।



# मांडर के पुनगी गांव में भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक चौपाल का किया गया आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मांडर :** मांडर प्रखंड के पुनगी गांव में भारतीय डाक विभाग द्वारा डाक चौपाल का आयोजन किया गया। इस चौपाल के मुख्य अतिथि मांडर प्रखंड प्रमुख फिलिप्स सहाय एक्का थे डाक विभाग के सब डिवीजन डाक अधीक्षकश्री अजय कुमार ने बतलाया कि इस विभाग द्वारा 97 योजनाएं चलाई जा रही है जो की आम जनों के हित को ध्यान में रखकर भारत सरकार द्वारा लोगों को जमीनी स्तर पर लागू करना है और इसका लाभ प्रत्येक जनमानस को पहुंचाना है। उन्होंने बतलाया कि पूरा विभाग अपने तत्परता से सदैव हर एक लाभुकों के सहायता के लिए खड़ा है सभा को संबोधित करते हुए समाजसेवी बाबू अमिताभ कुमार ऊफ बाबू पाठक ने बतलाया कि लोगों को डाक विभाग कि विश्वसनीयता के अनुसार अपने-अपने क्षेत्र विशेष में अपने स्तर पर लोगों को जागरूक करना चाहिए और पसीने से पैसा की कमाई को चिट फंड कंपनियों से बचतेहुए सुरक्षित अपने भविष्य के लिए रखें यह विभाग देश की सबसे द्वितीय प्राचीन कंपनियों में से एक है आज के इस चौपाल में डाक चौपाल में डाक विभाग के पदाधिकारी एवं कर्मियों के अलावे जनप्रतिनिधियों की भी भागीदारी रही। इस आयोजन में मांडर के विभिन्न क्षेत्र के ग्रामीण अपने समस्याओं का निदान तत्काल प्रभाव से डाक चौपाल में निष्पादित किया खासकर 1 वर्ष से 5 वर्ष के बच्चों क्या आधार कार्ड ,जमा के संबंध में जानकारी ,सुकन्या योजना की विशेषता ,सुकन्या योजना के लाभ ,डाक विभाग के कार्यक्रमों एवं हो रहे कार्यों का विवरण एवं जानकारी विभाग द्वारा लगाए गए अनेक स्टालों में दी गई प्रमुख महोदय ने विभाग के खाली पदों पर डाक कर्मियों की नियुक्ति के संबंध में उच्च पदाधिकारी को इस चौपाल के माध्यम से जानकारी देते हुए रिक्त पदों को पदों को भरने का तत्काल प्रभाव से पहल करने की बात कहीं जिससे क्षेत्र के जनता को हित में सरकार की योजनाओं का लाभ जमीनी स्तर तक मिले इस तरह के आयोजनों को और भी जगह पर पहल कर शुरू करने के लिए प्रेरित किया सभा का संचालन डाक विभाग के ऋषि कांत मिश्रासरीने किया धन्यवाद ज्ञापन विभाग के वरीय पदाधिकारी विष्णु गोप के द्वारा की गई आज के इस आयोजन में मुख्य रूप से ग्राम प्रधान पुंगी रमेश तिवारी रंभा वती देवी कुमार शिव शंकर कुमार सुका उरांव निखिल तिर्की प्रमोद तिर्की संजय गोप ओमकार पाठकके अलावे विभाग के सभी कर्मी एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।



## मानगो राजस्थान भवन में धूमधाम से मना बाबा श्याम का जागरण



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : मानगो डिमना रोड स्थित श्री राजस्थान भवन में श्याम बाबा का मासिक एकादशी जागरण (संकीर्तन) का आयोजन धूमधाम से संपन्न हुआ। यजमान पुष्पलता-विशाल अग्रवाल और स्वेता-विष्णु अग्रवाल ने पूजा अर्चना कर ज्योत प्रज्ज्वलित की। पंडित नाथुराम ने पूजा करायी। धार्मिक संस्था श्री श्याम मित्र मंडल मानगो के नेतत्व में इस कार्यक्रम का आयोजन करने वाले श्याम-करने वाले श्याम (श्याम प्रेमी) थे। श्याम की पूजा अर्चना, ज्योत प्रज्ज्वलित सहित श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर स्थानीय आमंत्रित भजन गायक क्रमशः रोहित गुलाटी, पंकज अग्रवाल, नेहा कौर एवं लाला जोशी ने बाबा श्याम के चरणों में भजनों की अमृत वर्षा कर भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया।

## झामुमो कार्यकर्ताओं ने केक काटकर मनाया दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन



चक्रधरपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकर्ताओं ने झामुमो सुप्रीमो राज्यसभा सांसद दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्म दिन और पूर्व सांसद वीर शहीद सुनील महतो की जयंती चक्रधरपुर प्रखंड कार्यालय के समीप केक काटकर मनाई। इस दौरान मौके पर महागठबंधन दलों के नेता और कार्यकर्ता मौजूद रहे। जिसमें मुख्य रूप से झामुमो नेता रामलाल मुंडा, दिनेश जेना, उप प्रमुख विनय प्रधान, विधायक प्रतिनिधि पीरू हेंब्रम ,विधायक नगर प्रतिनिधि गुड्डू सिंह, झामुमो नेता प्रदीप महतो मनीष विश्वकर्मा, विकास सिंह, सुजीत महतो, मो रमीज, अहमद जी,रवि राव, राहुल गुप्ता, हेमंत पोद्दार, दीपक पासवान, अमित भगत, कांग्रेस नेता विजय सिंह सामड आदि मौजूद रहे।

## जीसीजेडी हाई स्कूल मुसाबनी में 25वां वार्षिक खेलकूद संपन्न



मुसाबनी (प्रभात मंत्र संवाददाता) : गिरिश चन्द्र झुरो देवी उच्च विद्यालय मुसाबनी के 25वां वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के पांचवे दिन रीक्रिएशन क्लब मैदान में कई खेल का आयोजन हुआ। मैच का शुभारंभ मुख्य अतिथि समाजसेवी अशोक अग्रवाल व विद्यालय के संस्थापक कुंदन कुमार सिंह द्वारा किया गया। फुटबॉल का फाइनल मैच वर्ग नवम व दशम टीम के बीच खेला गया। जिसमें वर्ग नवम की टीम विजेता रही, वहीं क्रिकेट ड्र विजेता वर्ग नवम की टीम रही। दोनों ही विजेता टीम को नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। 26 जनवरी को पुरस्कार वितरण|विद्यालय प्रांगण में पुरस्कृत किया जाएगा। इसके अलावा विद्यालय प्रांगण में म्यूजिकल चेयर रेस का भी आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के संस्थापक कुंदन कुमार सिंह, प्रधानाध्यापक मुरारी प्रसाद सिंह,शिवपूजन सिंह चौहान, सोमेश्वर झा, विनोद कुमार लाल, कृष्ण कुमार, निमाई मार्डी, मोहम्मद जहीर उद्दीन अंसारी,बिष्णु पातर, बासुदेव गिरी सहित सैकड़ों छात्र छात्राएं उपस्थित थे।

## विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल मानगो में दो दिवसीय राष्ट्रीय युवा दिवस कार्यक्रम का शुभारंभ



जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता): स्वामी विवेकानंद जयंती पर आयोजित राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर विवेकानन्द इंटरनेशनल स्कूल, मानगो में दो दिवसीय कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ एसडीएम शताब्दी मजूमदार ने किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने स्वामी विवेकानंद के विचारों पर आधारित मधुर गीत, सुन्दर लघु नाटिकाएं, वक्तव्य, एवं स्वदेश मंत्र प्रस्तुत किए। समाज के सभी वर्गों के महत्व को दर्शाता छोटे बच्चों द्वारा प्रस्तुत फैंसी ड्रेस ने सभी का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि शताब्दी मजूमदार ने विद्यालय की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं गतिविधियों एवं आधुनिक विषयों में होने वाले निरंतर विकास की सराहना की। स्कूल की प्रिंसिपल डॉ निधि श्रीवास्तव ने स्वामी जी के देश प्रेम एवं राष्ट्रीय भावना को आत्मसात करने का आवाहन किया। कार्यक्रम का संचालन शाहनवाज खान ने किया। कार्यक्रम में एडमिन सौम्य दीप के अलावा अभिभावक, शिक्षक शिक्षिकाएं , छात्र छात्राएं और स्टाफ उपस्थित रहे।

## मकर संक्रांति पर्व को लेकर सितु हाट में उमड़ी भीड़, गुड़ की हुई खूब खरीदारी



ईचागढ़ (प्रभात मंत्र संवाददाता) : मकर संक्रांति सह टुसू का त्यौहार झारखंड, पश्चिम बंगाल समेत सरायकेला जिला के ग्रामीण इलाकों में हर्षोल्लास के साथ मनाया जाता है। इधर मकर संक्रांति से पहले शनिवार को सितु साप्ताहिक हाट में लोगों की काफी भीड़ देखी गयी। जहां लोग दुकानों में गुड़, तेल, मिट्टी के बर्तन, रेडिमेड कपड़ा, जूता-चप्पल, समेत मकर संक्रांति के त्यौहार के दौरान इस्तेमाल होने वाली सामाग्री की जमकर खरीदारी की। वहीं झारखंड के ग्रामीण क्षेत्र में मकर पर्व ग्रामीणों के लिए महापर्व के रूप में आता है, इसको लेकर लोग एक महीना पहले से ही तैयारी में जुट जाते हैं। मकर संक्रांति में गुड़ पीठा की भारी मांग होती है, घर-घर गुड़ पीठा बनता है। लोग इसे ही मकर की प्रमुख मिठाई में पसंद करते हैं। गौरतलब है कि इस वर्ष मकर पर्व 14 जनवरी 2025 को मनाई जाएगी। जहां लोग नदियों में स्नान कर दान पुण्य करेंगे और लगभग एक सप्ताह तक लगने वाले टुसू मेला का लुत्फ उठाएंगे। हालांकि समय के साथ टुसू पर्व पर भी ग्रहण लगने लगा। टुसू स्थापना, टुसू गीत और चौडल नुमा टुसू का प्रचलन अब नहीं के बराबर रह गया है। सिर्फ गुड़ और चावल के गुंडी से बने पीठा और टुसू मेला ही संस्कृति के रूप में बचा हुआ है।

## झामुमो ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन के 81वें बर्थडे पर केक काटकर किया दीर्घायु की कामना



गम्हरिया (प्रभात मंत्र संवाददाता) : झामुमो कार्यकर्ताओं द्वारा गम्हरिया के उषा मोड़ स्थित सरना उमूल स्थित सामुदायिक भवन में दिशोम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्म दिन धूमधाम से मनाया गया। इस मौके पर कार्यकर्ताओं ने उनकी तस्वीर के समीप केक काटकर एक दूसरे को खिलाया तथा गुरुजी के दीर्घायु होने की कामना किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष डॉ शुभेन्दु महतो ने कहा कि दिशोम गुरु शिबू सोरेन झारखंड राज्य निर्माण के अगुवा नेता थे। उनके नेतृत्व व दिशा निर्देश में लड़ाई लड़ने के परिणामस्वरूप अलग झारखंड राज्य हमें मिला। मौके पर उपस्थित झामुमो केंद्रीय सदस्य गणेश चौधरी ने कहा कि गुरुजी शिबू सोरेन एक संघर्षशील एवं लक्ष्यभेदी व्यक्तित्व के जननेता है। इस मौके पर एक हजार जरूरतमंद और वृद्धाओं के बीच कम्बल वितरण भी किया गया। इस मौके पर भोमरा मांझी, उदय मार्डी, सोखेन हेम्ब्रम, वीरेंद्र गुप्ता, अनिल सोरेन, मंगल माझी, शंकर मुखी समेत काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

# कानूनी अधिकार एवं सरकार की योजना के प्रति सजग हों आमजन : न्यायमूर्ति

**- घाटशिला कोर्ट परिसर में नवनिर्मित हाजत उद्घाटन समेत 3 करोड़ की परिसंपत्ति का वितरण**

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : झालसा के तत्वाधान में जिला विधिक सेवा प्राधिकार, जमशेदपुर एवम जिला प्रशासन, पूर्वी सिंहभूम द्वारा राज्य स्तरीय विधिक सेवा सह सशक्तिकरण शिविर का आयोजन घाटशिला व्यवहार न्यायालय परिसर में किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में न्यायधीश, झारखंड उच्च न्यायालय सह झालसा के कार्यपालक अध्यक्ष न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद, प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश जमशेदपुर अनिल कुमार मिश्रा नं-1, झालसा के सदस्य सचिव रंजना अस्थाना, जिला दण्डाधिकारी सह उपायुक्त अनन्य मित्तल, वरीय पुलिस अधीक्षक किशोर कौशल, बार एसोसिएशन के अध्यक्ष और सचिव समेत अन्य न्यायिक पदाधिकारी व जिला स्तरीय प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी मौजूद रहे। इस अवसर पर घाटशिला न्यायालय परिसर में नवनिर्मित हाजत भवन का उद्घाटन किया गया।




कार्यक्रम में उपस्थित मुख्य अतिथि न्यायमूर्ति सुजीत नारायण प्रसाद ने कहा कि विधिक सेवा शिविर का लाभ सभी वर्गों तक पहुंचे तभी समाज सशक्त होगा । आमजन अपने कानूनी अधिकार एवं सरकार की योजना के प्रति सजग हो तथा सरकार के लोक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठायें । मौके पर सड़क दुर्घटना में मृतक के आश्रित को सहायता राशि तथा विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच 3 करोड़ रुपये से ज्यादा की परिसंपत्ति का वितरण किया गया। पूर्वी सिंहभूम भ्रमण के क्रम में माननीय न्यायमूर्ति द्वारा सिविल कोर्ट परिसर जमशेदपुर में वलनरेबल विटनेस वेटिंग रूम का उद्घाटन किया गया वहीं घाटशिला उप कारा का भी निरीक्षण कर व्यवस्थाओं का अवलोकन किया गया।

## आज मुम्बई सिटी पर लीग डबल पूरा करने के इरादे से उतरेंगे जमशेदपुर एफसी




प्रभात मंत्र संवाददाता

मुम्बई/जमशेदपुर : मुम्बई सिटी एफसी रविवार को शाम 7:30 बजे मुम्बई फुटबॉल एरिना में खेले जाने वाले इंडियन सुपर लीग (आईएसएल) 2024-25 मुकाबले में जमशेदपुर एफसी की मेजबानी करेगी। रेड माइनर्स आईएसएल इतिहास में दूसरी बार (2018-19 में भी) मुम्बई सिटी पर लीग डबल पूरा करने के इरादे से उतरेंगे। उन्होंने 21 सितंबर, 2024 को दोनों टीमों के बीच सीजन का पहला मुकाबला 3-2 से जीता था। आइलैंडर्स मुम्बई फुटबॉल एरिना में अपने पिछले पांच मैचों में से दो हारे हैं और वे घरेलू प्रदर्शन सुधारने उतरेंगे। वहीं, जमशेदपुर एफसी लगातार चार अवे मुकाबले हारी, जिनमें से तीन में एक भी गोल नहीं कर पाई। मुम्बई सिटी एफसी 14 मैचों में छह जीत, पांच ड्रा और तीन हार से 23 अंक लेकर तालिका में छठे स्थान पर है। जमशेदपुर एफसी 13 मैचों में आठ जीत और पांच हार से 24 अंक लेकर तालिका में चौथे स्थान पर है।

# राष्ट्रीय अंबेडकर अवार्ड 2024 से सम्मानित हुए विधायक सरयू राय

**- प्रख्यात मार्शल आर्ट्स के खिलाड़ी संजय बांसफोर ने सौंपा अवार्ड**

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : जमशेदपुर पश्चिमी के विधायक सरयू राय को वर्ष 2024 के राष्ट्रीय अंबेडकर अवार्ड से सम्मानित किया गया है। शनिवार को उनके बिष्टुपुर स्थित आवास कार्यालय में अंबेडकर स्कूल ऑफ मार्शल आर्ट्स के अध्यक्ष सह मुख्य प्रशिक्षक अनिल बांसफोर ने उन्हें यह अवार्ड दिया। गौरतलब है कि यह अवार्ड हर साल बहुजन साहित्य अकादमी की तरफ से दिया जाता है. अनिल बांसफोर ने बताया कि बहुजन साहित्य अकादमी का राष्ट्रीय अधिवेशन दिल्ली के आंध्र भवन में 15 दिसंबर 2024 को आयोजित हुआ था. उन्होंने बताया कि श्री राय के झारखंड में योगदान के मद्देनजर, खास कर गरीबों, पिछड़ों, दलितों और शोषितों की मदद के आलोक में उन्हें यह प्रतिष्ठित अवार्ड दिया गया है. चूंकि श्री राय दिल्ली नहीं पहुंच पाए थे, इसलिए हम लोगों ने आज श्री राय के निवास पर उन्हें यह अवार्ड दिया. श्री बांसफोर ने बताया कि वह श्री राय की प्रेरणा और मदद से ही हांगकांग में खेलने जा सके थे.



## कोल्हान विश्वविद्यालय में टुसू मिलन समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चाईबासा : जनजातीय एवं क्षेत्रीय भाषा विभाग कोल्हान विश्वविद्यालय चाईबासा के विभागीय सभागार में शनिवार 11 जनवरी को विभागाध्यक्ष डॉ सुनील मुर्मू की अध्यक्षता में टुसू मिलन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ द्वीप प्रज्वलन, कोल्हान विश्वविद्यालय के कुल सचिव डॉ. परशुराम सियाल एवं मानविकी संकाय के संकायाध्यक्ष डॉ.तपन कुमार खाँड़ा ने किया। समारोह में उपस्थित लोगों का स्वागत गीत के माध्यम से कुड़माली भाषा के छात्राओं ने किया तत्पश्चात् विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील कुमार मुर्मू ने सभी अतिथियों का स्वागत अपने संबोधन से किया साथ-साथ जनजातियों का प्रतीक पीला गमछा देकर सम्मानित किया। टुसू मिलन समारोह का महत्व एवं उद्देश्य को विभागीय प्राध्यापक प्रो. सुभाष चंद्र महतो ने अपने संबोधन में किया। कुलसचिव डॉ. परशुराम सियाल ने कहा टुसू परब का एक अलग संस्कृति है जो झारखंड के अलावे अन्य राज्यों में भी दिखाई पड़ता है। अंत में अध्यक्षीय संबोधन विभागाध्यक्ष डॉ. सुनील मुर्मू ने टुसू परब के बारे में अपने मंतव्य साझा किया मंच का संचालन प्रो. निशोन हेंब्रम ने किया। इस अवसर पर मुख्य रूप से हिंदी विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. भारती कुमारी, डॉ. बसन्त चाकी, डॉ.पास्कल बैक, डॉ. सुनीता कुमारी, डॉ. कंचन कुमार, प्रो. दानगी सोरेन, प्रो. गुरु प्रसाद महतो, प्रो. मनसा महतो, शिक्षण सहायक धनुराम मार्डी, बीना कुमारी महतो, गोनो,आल्हा विभिन्न विभाग के प्राध्यापक एवं काफी सारे विद्यार्थी उपस्थित हुए।



# करीम सिटी कॉलेज में भूगोल विभाग द्वारा अर्थ विज्ञान पर प्रदर्शनी आयोजित

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : करीम सिटी कॉलेज के भूगोल विभाग ने आज जलवायु एवं पृथ्वी विज्ञान पर एक प्रदर्शनी का आयोजन किया। जमशेदपुर वर्कर्स कॉलेज के भूगोल विभाग के पूर्व प्रमुख डॉ पी के आचार्य उस अवसर पर मुख्य अतिथि रहे। करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज़, भूगोल विभाग के प्रमुख डॉ आले अली, सहायक प्रोफेसर डॉ फरज़ाना अंजुम और डॉ पसारुल इस्लाम, अन्य विभाग के कई प्रोफेसर और भूगोल विभाग के सेमेस्टर 1, 2 और 3 के छात्र प्रदर्शनी में उपस्थित थे। करीम सिटी कॉलेज के प्राचार्य डॉ मोहम्मद रियाज़ ने मुख्य अतिथि और छात्रों को स्वागत भाषण दिया। फिर भूगोल विभाग के प्रमुख डॉ आले अली ने अपने छात्रों के साथ मुख्य अतिथि और अन्य छात्रों को कई अद्भुत और उपयोगी उपकरण दिखाकर प्रदर्शनी की शुरुआत की । प्रदर्शनी में बैरोमीटर, थर्मामीटर, विंड वेन, एनीमोमीटर, रोटामीटर, रेन गेज, ग्लोब, एटलस, एरियल फोटोग्राफ, टोपो शीट, सन डायल और भूकंप, मौसम रिपोर्ट आदि के मॉडल दिखाए गए। डॉ. पी के आचार्य ने यह भी कहा कि ये प्रदर्शनियाँ छात्रों को उनके कौशल और ज्ञान को विकसित करने और उन्हें सीखने की प्रक्रिया में अधिक व्यस्त बनाने में सहायता प्रदान करती है।



## बीएड एवं डीएलएड ने किया फ्रेशर्स डे का आयोजन

वहीं आज शिक्षा संकाय, करीम सिटी कॉलेज में नव नामांकित 2024-26 के बी.एड. एवं डीएलएड के विद्यार्थियों के लिए फ्रेशर्स डे का आयोजन किया गया। सेमेस्टर 2 बैच 2023-25 के विद्यार्थियो ने इस कार्यक्रम का आयोजन किया। सेमेस्टर 2 के विद्यार्थियों द्वारा समूह नृत्य और गायन द्वारा भरपूर मनोरंजन किया गया। प्रश्न उत्तर राउंड के बाद मिस्टर और मिस फ्रेशर्स को चुना गया। इशरत और इंद्रनील ने पूरे कार्यक्रम का मंच संचालन किया। पुलक महतो को मिस्टर बी.एड.(2024-26) और सादिया बानो को मिस बी.एड. (2024-26) घोषित किया गया। मिस्टर डी.एल.एड.(2024-26) वंदना कुमारी को बनाया गया। विभागाध्यक्ष डॉ सुचेता भुइयां ने पूरे कार्यक्रम की प्रशंसा करते हुए सभी विद्यार्थियो का उत्साहवर्धन किया और उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।



## ऑफ बड़ौदा ने टूवर्थ वेलनेस के साथ की साझेदारी

**- 75000 से ज्यादा कर्मचारियों और उनके परिवारों के लिए सॉल्यूशंस की एक विस्तृत श्रृंखला मिलेगी**

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : भारत के अग्रणी सरकारी बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने अपने 75,000 से अधिक कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की भावनात्मक, मानसिक और मनोवैज्ञानिक देखरेख के उद्देश्य से एक समग्र कल्याण की पहल शुरू की है। बैंक ने कॉर्पोरेट वेलनेस क्षेत्र में एक नवीनतम पहल करते हुए अपने कर्मचारी सहायता कार्यक्रम (ईएपी) का विशिष्ट संस्करण पेश करने के लिए ट्रूवर्थ वेलनेस के साथ साझेदारी की है। इस पहल का उद्देश्य बैंक के कर्मचारियों की विविध भावनात्मक जरूरतों को पूरा करना है। बैंक ऑफ़ बड़ौदा के मानव संसाधन एवं विपणन विभाग के मुख्य महाप्रबंधक शैलेंद्र सिंह ने कहा, 2020 की महामारी के दौरान बैंक ऑफ़ बड़ौदा ने कर्मचारी सहायता कार्यक्रम, जो मानसिक स्वास्थ्य के साथ-साथ शारीरिक स्वास्थ्य पर भी केंद्रित है, शुरू करने में अग्रणी पहल की। इस वर्ष, हमने इस पहल को एक कदम आगे बढ़ाया है और इस क्षेत्र के लीडर्स में से एक, ट्रूवर्थ वेलनेस के साथ मिलकर कार्यक्रम का एक उन्नत संस्करण तैयार कर पेश किया है। ट्रूवर्थ वेलनेस के सह-संस्थापक और सीईओ रोहित चौहान ने कहा, हमें इस परिवर्तनकारी पहल में बैंक ऑफ़ बड़ौदा के साथ साझेदारी करने पर गर्व है। अत्याधुनिक प्रौद्योगिकी और व्यक्तिगत सहयोग को शामिल करते हुए स्वास्थ्य के प्रति हमारा समग्र दृष्टिकोण, बैंक ऑफ़ बड़ौदा के कर्मचारियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने और जीवन के सभी पहलुओं समृद्धि प्राप्त करने में सक्षम बनाएगा।

## सफाई की मांग को ले कांड्रा एसकेजी कॉलोनी की महिलाओं ने किया प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

गम्हरिया : कांड्रा एसकेजी कॉलोनी के पीछे स्थित नाली की सफाई विगत कई वर्षों से नहीं होने से नाली जाम हो गया है, जिससे लोगों को काफी परेशानियां झेलनी पड़ रही है। इससे आक्रोशित कॉलोनी की महिलाओं द्वारा शनिवार को प्रदर्शन किया गया। कॉलोनी निवासी महिला सोमा घोषाल और सुभद्रा दास ने बताया कि कई बार इस समस्या को लेकर कांड्रा पंचायत में आवेदन दिया गया। किन्तु, पंचायत प्रतिनिधियों द्वारा इस समस्या के समाधान के लिए अबतक पहल नहीं किया गया है। उन्होंने बताया कि कॉलोनी के जी, ई और डी टाइप स्थित घर के पीछे विगत कई वर्षों से नालियों की साफ सफाई नहीं होने से पानी का निकास द्वार बंद हो गया है। इस कारण नाली का सारा गन्दा पानी आसपास के घरों के अंदर घुस रहा है। प्रदर्शन करने वालों में बेबी देवी, संगीता देवी, बबीता शर्मा, प्रभा देवी, इंदिरा देवी, पार्वती नंदा, गीता नंदा समेत काफी संख्या में महिलाएं शामिल थीं।



# जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत जिला कांग्रेस ने बिष्टुपुर में निकाला पदयात्रा

प्रभात मंत्र संवाददाता

जमशेदपुर : अखिल भारतीय कांग्रेस कमिटी एवं झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमिटी के आह्वान पर पूर्वी सिंहभूम जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे के नेतृत्व में विशाल पदयात्रा कार्यक्रम का आयोजन बिष्टुपुर में जय बापू, जय भीम, जय संविधान अभियान के तहत हुआ। पैदल मार्च कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय से निकल कर बिष्टुपुर बाजार क्षेत्र में तीन किलोमीटर भ्रमण किया गया। इस दौरान कांग्रेसजनों ने नारा लगाते हुए कहा कि महात्मा गाँधी का ये बलिदान याद रखेगा हिंदुस्तान, जय संविधान, जय भीम जय भीम, भारत के तमाम शहीद अमर रहे का गर्मजोशी के साथ जयकारा लगाया। वहीं सरकार पर तंज कसते हुए कांग्रेसजनों ने नारा लगाया कि संविधान की हत्या करना बंद करें, डॉ भीमराव अंबेडकर का अपमान करना बंद करो। पैदल मार्च में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, राजकिशोर यादव, ब्रजेन्द्र तिवारी, शशी कुमार सिन्हा, के के शुक्ल, खगेनचन्द्र महतो, अतुल गुप्ता, संजय सिंह आजाद, नलिनी कुमारी, अरूण सिंह, रजनीश सिंह, अली रजा खान, अमित श्रीवास्तव, सुशील घोष, रंजीत सिंह, अरूण बारीक, अशोक सिंह क्रांतिकारी, अनन्त लाल, मनोज उपाध्याय सहित कांग्रेसजन शामिल हुए। धन्यवाद ज्ञापन बिष्टुपुर मण्डल अध्यक्ष अली रजा खान ने दिया।



## तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में लाल बहादुर शास्त्री को श्रद्धा सुमन अर्पित

जमशेदपुर (प्रभात मंत्र संवाददाता) : जमशेदपुर पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के तत्वाधान में पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री का पुण्यतिथि कार्यक्रम का आयोजन कांग्रेस कार्यालय तिलक पुस्तकालय बिष्टुपुर में जिला अध्यक्ष आनंद बिहारी दुबे के अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिलाध्यक्ष एवं वरिष्ठ नेतागण के द्वारा सर्वप्रथम लाल बहादुर शास्त्री जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर एवं कांग्रेस के पदधिकारी ने श्रद्धा सुमन अर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया। कार्यक्रम में प्रदेश सचिव राकेश कुमार तिवारी, राजकिशोर यादव, ब्रजेन्द्र तिवारी, डॉ परितोष सिंह, शशी कुमार सिन्हा, के के शुक्ला, खगेनचन्द्र महतो, अतुल गुप्ता, संजय सिंह आजाद, नलिनी कुमारी, अरूण सिंह, सहित कांग्रेसजन शामिल हुए।



संपादकीय

# नये वायरस की दस्तक

पिछले दिनों सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों पर चीन में नया वायरस फैलने की आधी-अधूरी खबरें मिल रही थीं ,सोमवार तक उसी तरह के तीन मामले भारत में भी देखे गए। दो मामले बेंगलूरु में और एक मामला गुजरात में। छोटे बच्चों में फैलने वाले इस वायरस को लेकर केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय की एडवाइजरी बता रही है कि घबराने की जरूरत नहीं है। यह वायरस दुनिया के कई देशों में पहले से ही मौजूद रहा है। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि चीन में फैल रहा वायरस कितना घातक है। केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सलाह दी जा रही है कि सावधान रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं। लोग उसी गाइडलाइन का पालन करें जो कोविड के वक्त 'क्या करें और क्या न करें' के रूप में जारी की गई थी। दरअसल, चीन में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी के मामलों में वृद्धि की खबरों ने पूरी दुनिया में चिंता बढ़ाई है। हालांकि, दुनिया के चिकित्सा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह सांसों से जुड़ा सामान्य वायरस है, जो सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियां पैदा करता है। खासकर बच्चे व बुजुर्ग इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। लेकिन चिंता तब पैदा हो सकती है जब पता चले कि चीन के उत्तरी इलाकों में फैलने वाला वायरस म्यूटेशन से गंभीर बन गया है। हालांकि, चीनी नीति-नियंताओं की दलील रही है कि उत्तरी गोलार्ध में ठंड के मौसम में सांस की नली का संक्रमण आम बात है। फिर भी बताते हैं कोरोना का स्रोत माने जा रहे चीन में इस वायरस को लेकर गंभीरता देखी जा रही है और उसके नियंत्रण के लिये चीन के नेशनल डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेन्शन संस्थान की देखरेख में विशेष निगरानी सिस्टम बनाया गया है। चीन सरकार ने दिसंबर के तीसरे सप्ताह में उत्तरी प्रांतों में चौदह साल से कम उम्र के बच्चों के इस वायरस से पीड़ितों की संख्या में वृद्धि के बाद यह कदम उठाया था। हालांकि, एचएमपीवी के स्रोत के बारे में अभी कोई ठोस जानकारी उपलब्ध नहीं है। दरअसल, यह संक्रामक बीमारी दुनिया के विभिन्न देशों में किसी न किसी रूप में विद्यमान रही है। जिसमें खांसी व छींक से निकलने वाले थूक के कणों से यह वायरस फैलता है। ऐसे में संक्रमण से बचने के लिये हाथ मिलाने, दूसरों को छूने व गले मिलने से परहेज करने की सलाह दी जाती है। यदि हम सावधानी न बरतें तो वायरस हमें संक्रमित कर सकता है। कोरोना वायरस से बचाव की ही तरह खांसने -छींकने पर कपड़ा या रूमाल रखने की सलाह दी जाती है। निरंतर कपड़े को बदलने तथा नियमित रूप से साबुन से हाथ धोने की भी सलाह दी जाती है। जुकाम लगने पर मास्क पहनने तथा घर पर आराम करने की भी सलाह दी जाती है। साथ ही गुनगुना पानी पीने तथा पौष्टिक आहार की सलाह भी दी जाती है। निश्चित रूप से दमा व सांस की अन्य बीमारियों व दूसरे गंभीर रोगों से पीड़ितों के लिये यह वायरस कुछ परेशानी बढ़ा सकता है। लेकिन इसमें अस्पताल में भर्ती होने की स्थिति कम ही आएगी। चिकित्सक के परामर्श से ही खांसी- बुखार की दवा लेने की सलाह दी जाती है। बहरहाल, चिकित्सा विशेषज्ञ इस वायरस से भयभीत न होने की सलाह लगातार दे रहे हैं। उनका कहना है कि इस वायरस की खोज इस सदी के पहले ही वर्ष में हुई थी। वायरस का प्रसार चिड़ियाओं के जरिये हुआ था, जो इंसान को संक्रमित कर सकता था। इसकी दशकों से मौजूदगी के चलते लोगों में इसको लेकर एक स्तर तक रोग प्रतिरोधक क्षमता मौजूद है। यह एक सामान्य फ्लू की तरह बताया जा रहा है। हालांकि, इस वायरस के उन्मूलन के लिये कोई वैक्सीन उपलब्ध नहीं है। इसके विपरीत कोरोना ने इंसान को पहली बार संक्रमित किया था, कालांतर जिसने महामारी का रूप ले लिया था। वैसे दुनिया में चिंता इस वजह से है कि यह वायरस उसी चीन में फिर सामने आया, जहां से कोरोना का वायरस पूरी दुनिया में फैला था। हालांकि, सर्दियों के मौसम में आमतौर पर खांसी-जुकाम के मामले सामने आते हैं, लेकिन फिर भी सावधान रहने की जरूरत है।

> केंद्रीय स्वास्थ्य व परिवार कल्याण मंत्रालय द्वारा सलाह दी जा रही है कि सावधान रहने की जरूरत है, घबराने की नहीं। लोग उसी गाइडलाइन का पालन करें जो कोविड के वक्त 'क्या करें और क्या न करें' के रूप में जारी की गई थी। दरअसल, चीन में ह्यूमन मेटा न्यूमो वायरस यानी एचएमपीवी के मामलों में वृद्धि की खबरों ने पूरी दुनिया में चिंता बढ़ाई है। हालांकि, दुनिया के चिकित्सा विशेषज्ञ कह रहे हैं कि यह सांसों से जुड़ा सामान्य वायरस है, जो सर्दी-जुकाम जैसी बीमारियां पैदा करता है। खासकर बच्चे व बुजुर्ग इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। लेकिन चिंता तब पैदा हो सकती है जब पता चले कि चीन के उत्तरी इलाकों में फैलने वाला वायरस म्यूटेशन से गंभीर बन गया है। हालांकि, चीनी नीति-नियंताओं की दलील रही है कि उत्तरी गोलार्ध में ठंड के मौसम में सांस की नली का संक्रमण आम बात है। फिर भी बताते हैं कोरोना का स्रोत माने जा रहे चीन में इस वायरस को लेकर गंभीरता देखी जा रही है और उसके नियंत्रण के लिये चीन के नेशनल डिजीज कंट्रोल एंड प्रीवेन्शन संस्थान की देखरेख में विशेष निगरानी सिस्टम बनाया गया है।

### पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं

# नेताओं की बढ़ती सम्पत्ति गरीबों को मुंह चिढ़ा रही है

योगेंद्र योगी

भारत में 12.9 करोड़ लोगों को एक वक्त का खाना भी ठीक तरह से मयस्सर नहीं होता और नेताओं की सुरसा के मुंह की तरह बढ़ती सम्पत्ति इनकी गरीबी का उपहास उड़ा रही है। इस पर भी तुर्रा यह है कि देश के नेता आम जनता के लिए काम करते हैं। आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन चंद्रबाबू नायडू देश के सबसे अमीर मुख्यमंत्री हैं। उनके पास 931 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं। उनके पास 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52.59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व-आय 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7.3 गुना है। वहीं पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी सिर्फ 15 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सबसे कम संपत्ति वाली मुख्यमंत्री हैं। जम्मू-कश्मीर के मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला 55 लाख रुपये की संपत्ति के साथ सूची में दूसरे सबसे गरीब मुख्यमंत्री हैं। केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन 1.18 करोड़ रुपये की संपत्ति के साथ तीसरे सबसे कम संपत्ति वाले मुख्यमंत्री हैं। मुख्यमंत्रियों की इस सम्पत्ति का खुलासा चुनाव आयोग में दिए गए सम्पत्ति के ब्यौरे से हुआ है। गौरतलब है कि चुनाव आयोग के पास ऐसा कोई तरीका नहीं है, जिससे यह पता लगाया जा सके कि जो जानकारी दी है, वह सही या कुछ छिपाया गया है। दरअसल देश के नेता चुनाव आयोग को वही जानकारी देते हैं, जिसे वे आयकर रिटर्न में भरते हैं। देश में आयकर रिटर्न भरने वाले भी आयकर और प्रवर्तन निदेशालय के जाल में फंसते रहे हैं। सिर्फ रिटर्न फाइल कर लेने मात्र से किसी की सम्पत्ति या आय दूध की धुली नहीं हो जाती। यदि ऐसा ही होता तो देश के सैकड़ों नेता ईडी, सीबीआई और आयकर के लपेटे में नहीं आते। हालांकि इनके जाल में फंसने के बाद नेता यही राग अलापते रहे हैं कि विपक्ष में होने के कारण



उन्हें जानबूझ कर फंसाया गया है। विपक्षी दलों के दिग्गज नेताओं पर भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण केंद्र में सत्तारुढ़ भाजपा और उसके सहयोगी दलों पर भी सवाल उठते रहे हैं। सबसे बड़ा सवाल यही है कि क्या सत्तारुढ भाजपा और उसके सहयोगियों में सभी ईमानदार हैं। चन्द्रबाबू नायडू और नीतिश कुमार के समर्थन से बहुमत में केंद्र की भाजपा सरकार में क्या इतना साहस है कि इनके दलों के नेताओं के खिलाफ भ्रष्टाचार को लेकर कोई कार्रवाई कर सके। क्या यह संभव है कि इन दोनों दलों के नेताओं के भ्रष्टाचार की जानकारी केंद्रीय जांच एजेंसियों को नहीं हो। यही वजह है कि जांच एजेंसियों पर दुर्भावना से कार्रवाई करने के आरोप लगते रहे हैं। विपक्षी दलों का यह भी आरोप है कि जिन विपक्षी नेताओं ने भाजपा का दामन थाम लिया, उनके मामले रफा-दफा कर दिए गए। 2014 से 2022 तक ईडी के निशाने पर रहे क़रीब 95 फ़ीसदी यानी 115 नेता विपक्ष से थे। हालांकि ये आंकड़े 2022 तक के ही हैं। इसके बाद 2023 में पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए थे और इस दौरान विपक्षी दलों ने अलग-अलग राज्यों पर हुई ईडी, सीबीआई की छापेमारी को राजनीति से प्रेरित बताया था। वर्ष 2004-14 में 26 नेताओं से ईडी ने पूछताछ की थी। इनमें क़रीब 54 फ़ीसदी यानी 14 नेता विपक्ष से थे। यह संभव है कि मुख्यमंत्रियों और दूसरे नेताओं ने सम्पत्ति व्यवसायों के जरिए अर्जित की हो, या फिर पुश्तैनी हो। इसके बावजूद इतनी भारी सम्पत्ति होना देश में गरीबी की जीवन रेखा से नीचे रहने वालों को मुंह तो चिढ़ाती है। जबकि नेता आम लोगों के प्रतिनिधित्व का दावा करते हैं। वर्ष 2023 बहुआयामी गरीबी सूचकांक रिपोर्ट में पाया गया है कि दुनिया के सभी गरीब लोगों में से एक तिहाई से अधिक दक्षिण एशिया में रहते हैं- जो लगभग 12.9 करोड़ लोग हैं। भारत इस संख्या में महत्वपूर्ण योगदान देता है, जो अत्यधिक गरीबी में लगभग 70 प्रतिशत की वृद्धि के लिए जिम्मेदार है। विश्व बैंक अंतर्राष्ट्रीय गरीबी रेखा के आधार पर गरीबी को परिभाषित करता है, जिसके अनुसार प्रति व्यक्ति प्रति दिन 2.15 डॉलर की दर से अत्यधिक गरीबी तय की जाती है, जबकि 3.65 डॉलर निम्न-मध्यम आय श्रेणी में आता है, तथा 6.85 डॉलर उच्च-मध्यम आय श्रेणी में वर्गीकृत किया जाता है। वैश्विक निर्धारित गरीबी रेखा 3.65 डॉलर प्रति व्यक्ति है। भारत का योगदान वैश्विक गरीबी दर में मामूली वृद्धि के 40 प्रतिशत के बराबर है, जो 23.6 प्रतिशत से बढ़कर 24.1 प्रतिशत हो गई है। भारत में गरीबी दर मिटाने के मामले में केरल सबसे आगे है। केरल में सिर्फ़ 0.71 प्रतिशत आबादी गरीब है। वहीं, बिहार, झारखंड, और उत्तर प्रदेश में गरीबी दर सबसे ज़्यादा है। बिहार में 51.91 प्रतिशत, झारखंड में 42.16 प्रतिशत और उत्तर प्रदेश में 37.79 प्रतिशत आबादी गरीबी में रहती है। ग्लोबल हंगर इंडेक्स 2024 के मुताबिक, भारत को 127 देशों में 105वां स्थान मिला। भारत, अपने पड़ोसी देशों श्रीलंका, नेपाल, म्यांमार, और बांग्लादेश से भी पीछे है। भारत में भुखमरी की वजह से अक्सर मौत भी हो जाती है। भुखमरी के कारण बच्चों और वयस्कों में कुपोषण, बौनापन, और दुर्बलता हो सकती है। भुखमरी सिर्फ़ भोजन तक सीमित नहीं है, यह सरकार की ज़रूरतमंद लोगों की मदद करने में विफलता को दर्शाता है। भारत में भुखमरी की समस्या मुख्य रूप से बिहार, मध्य प्रदेश, असम, राजस्थान, और उत्तर प्रदेश में है। इन राज्यों में से, बिहार और उत्तर प्रदेश में भारत की कुल भूखी आबादी का एक तिहाई हिस्सा है। भारत में भ्रष्टाचार का आलम यह है कि देश का एक भी राज्य ऐसा नहीं है, जिसके विभाग को सौ प्रतिशत भ्रष्टाचार से मुक्त कहा जा सकता है। राज्यों में चाहे किसी भी दल की सरकारें हों, हर पार्टी सत्ता में आने के बाद यही दावा करती है कि भ्रष्टाचार को जड़मूल से मिटाया जाएगा। सत्ता में आते ही यह वादा हवा हो जाता है। जब कभी कोई भ्रष्ट कार्मिक पकड़ा जाता है, तब सरकार यही दावा करती है कि किसी भ्रष्टाचारी को बख्शा नहीं जाएगा, किन्तु यह दावा कभी नहीं करती कि जिस विभाग का आरोपी पकड़ा गया है, वह विभाग अब पूरी तरह से भ्रष्टाचार से मुक्त हो चुका है।

> अरुणाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री पेमा खांडू दूसरे नंबर पर हैं। उनके पास 332 करोड़ रुपये से अधिक की कुल संपत्ति है। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धारमैया तीसरे नंबर पर हैं। उनके पास 51 करोड़ रुपये से अधिक की संपत्ति है। यह खुलासा एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) की एक रिपोर्ट में किया गया है। देश के 31 मुख्यमंत्रियों की कुल संपत्ति 1,630 करोड़ रुपये है। रिपोर्ट में यह भी बताया गया है कि प्रति मुख्यमंत्री की औसत संपत्ति 52 .59 करोड़ रुपये है। भारत की प्रति व्यक्ति शुद्ध राष्ट्रीय आय या एनएनआई 2023-2024 के लिए लगभग 1,85,854 रुपये थी, जबकि एक मुख्यमंत्री की औसत स्व-आय 13,64,310 रुपये है, जो भारत की औसत प्रति व्यक्ति आय का लगभग 7 .3 गुना है।

दृष्टि कोण

# अपने ही सांसदों का विश्वास खो बैठे थे ट्रूडो

जस्टिन ट्रूडो के अच्छे दिन जाने वाले हैं। लिबरल पार्टी के नेता और कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो ने अपने इस्तीफे की घोषणा कर दी। उनकी कुर्सी संभालने वाले का नाम फ़ाइनल होने तक वे पद पर बने रहेंगे। बुधवार को राष्ट्रीय कॉकस की बैठक से पहले उन्होंने अपनी बची-खुची इज्जत बचा ली। ट्रूडो एक विफल प्रधानमंत्री साबित हो चुके हैं। उनकी वजह से लिबरल पार्टी को चुनाव में मतदाताओं के बीच उतरना मुश्किल साबित हो रहा है। अब उस चेहरे की तलाश है, जिसे आगे कर आम चुनाव लड़ा जाये। ट्रूडो ने वित्त मंत्री डोमिनिक लेब्लांक से चर्चा की, कि क्या वह अंतरिम नेता और प्रधानमंत्री के रूप में पदभार संभालने के लिए तैयार होंगे? डोमिनिक लेब्लांक की तरफ से ऐसा कोई संकेत नहीं मिला कि वो इस ज़िम्मेदारी को संभालने जा रहे हैं। लिबरल पार्टी को नेतृत्व देने के वास्ते जो संभावित दावेदार हैं, उनमें क्रिस्टिया फ्रीलैंड को भी आगे किया जा रहा है। पूर्व आवास मंत्री सीन फ्रेजर, विदेश मंत्री मेलानी जोली, नवाचार मंत्री फ्रांस्वा-फिलिप शैम्पेन, परिवहन मंत्री अनीता आनंद, पूर्व केंद्रीय बैंकर मार्क कार्नी, और पूर्व बी.सी. प्रीमियर क्रिस्टी क्लार्क जैसे नाम भी सामने आने लगे हैं। कनाडा की सत्ता के गलियारे में भूचाल की वजह सर्वेक्षण भी रहे हैं। पिछले एक साल के सर्वेक्षणों से पता चला है, कन्जर्वेटिव्स को सत्तारूढ़ लिबरल्स के मुक़ाबले दोहरे अंकों की बढ़त हासिल है। गुज़रे शुक्रवार को जारी 'एंगस रीड सर्वेक्षण' से पता चलता है, कि जस्टिन ट्रूडो के नेतृत्व में, लिबरल पार्टी को केवल 13 प्रतिशत मतदाताओं का समर्थन प्राप्त होना है, लेकिन यदि कोई नया नेता आता है, तो यह संख्या बदल भी सकती है। उदाहरण के लिए, वित्तमंत्री पद से इस्तीफा दे चुकीं सुश्री फ्रीलैंड यदि सत्ता संभालती हैं, तो 21 प्रतिशत मतदाता लिबरल पार्टी के लिए मतदान करेंगे, जो सर्वे के ज़रिये खंगाले गए लीड उम्मीदवारों में सबसे अधिक संख्या है। 'एंगस रीड' ने 27 दिसंबर से मंगलवार 31 दिसम्बर, 2024 तक, 2,406 कनाडाई वयस्कों के बीच ऑनलाइन सर्वेक्षण किया, जो एंगस रीड फ़ोरम के सदस्य हैं। इसके परिणाम के हवाले से क्रिस्टिया फ्रीलैंड को 'फ्रंट रनर' समझा जा रहा है। कनाडा में संसदीय चुनाव 20 अक्तूबर, 2025 को निर्धारित है। लेकिन, ट्रूडो की सत्ता में सहयोगी रही 'एनडीपी' के समर्थन वापस लेने का मतलब है कि चुनाव शायद बहुत पहले हो जाएं। यदि, चुनाव पहले कराना है, तो संसद की अनुमति चाहिए। कई लिबरल सांसद वित्त मंत्री के रूप में क्रिस्टिया फ्रीलैंड के प्रदर्शन से नाखुश थे, और उन्हें बदलने की वकालत कर रहे थे। क्रिस्टिया के इस्तीफे के बाद, बंदूकें ट्रूडो के विरुद्ध तन गईं। पिछले कुछ हफ्तों में क्षेत्रीय कॉकस की बैठकों, और लिबरल सांसदों की प्रतिक्रियाओं को देखकर लगने लगा है, कि प्रधानमंत्री ट्रूडो के पास अब टीम नहीं है। ट्रूडो यह कहने की हालत में नहीं हैं, कि उनकी छवि ख़राब करने में भारत और चीन ने साज़िश रची है। कनाडा की संसद में दो सदन हैं। निचला सदन, 'हाउस ऑफ कॉमन्स' में 338 सदस्य हैं, जो एकल सीट वाले निर्वाचन क्षेत्रों से अधिकतम चार वर्ष के कार्यकाल के लिए चुने जाते हैं। दूसरा है सीनेट, जिसके 105 सदस्य प्रधानमंत्री की सलाह पर गवर्नर जनरल द्वारा नियुक्त किये जाते हैं। संसद में आम तौर पर कई पार्टियों का प्रतिनिधित्व दिखता है, लेकिन कनाडा में दो प्रमुख राजनीतिक पार्टियां, 'लिबरल' और 'कंज़र्वेटिव' का दबदबा बना रहता है। ट्रूडो के बुरे दिन अक्तूबर, 2024 से शुरू हुए, जब उन्हीं की पार्टी के दो दर्जन सांसदों ने उनके इस्तीफे की मांग कर दी। क्रिसमस आते-आते पार्टी के अंदर विप्लवी सांसदों की संख्या 70 से ऊपर पहुंच गई। यह संकट और गहराया, जब क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने वित्त मंत्री, और उप प्रधानमंत्री के पद से अचानक इस्तीफा दे दिया था। क्रिस्टिया फ्रीलैंड ने उस दिन पद छोड़ा, जिस दिन उन्हें अपना आर्थिक और राजकोषीय अपडेट देना था। जीएसटी अवकाश और 250 डॉलर की छूट जैसे खर्च के हथकंडों पर उन्होंने चिंता व्यक्त की, और संभावित ट्रम्प टैरिफ से निपटने में गंभीरता की कमी का हवाला दिया। इस काण्ड के बाद से अटलांटिक, ओंटारियो, और क्यूबेक कॉकस ने संकेत दिया है, कि उनके अधिकांश सदस्य अब ट्रूडो के शीर्ष पर बने रहने का समर्थन नहीं करते हैं। हाउस ऑफ कॉमन्स में ट्रूडो की पार्टी लिबरल्स के पास 153 सीटें हैं, जिनमें से 131 सीटें इन तीन क्षेत्रों में हैं। कनाडा की पॉलिटिकल कहानी का दूसरा पहलू है, भारतीय मूल के वोटर। कनाडा के सिखों का राजनीतिक दबदबा असाधारण है, क्योंकि वे ओंटारियो और ब्रिटिश कोलंबिया में लगभग दो दर्जन संघीय क्षेत्रों में केंद्रित हैं।

कुछ अलग

# एक और खोजी पत्रकार शहीद हुआ

33 वषाय मुकेश चंद्राकर 1 जनवरी 2025 की रात से ही अपने घर से लापता थे। मुकेश स्वतंत्र पत्रकार के तौर पर एनडीटीवी के लिए काम करते थे, इसके अलावा वो यूट्यूब पर एक लोकप्रिय चैनल बस्तर जंक्शन का भी संचालन करते थे, जिसमें वे बस्तर की अंदरूनी खबरें प्रासारित करते थे। बस्तर में माओवादियों की ओर से अपहृत पुलिसकर्मियों या ग्रामीणों की रिहाईं में मुकेश ने कईं बार महत्वपूर्ण भूमिका निभाईं थी। प्रोस क्लब ऑफ इंडिया ने एक बयान जारी कर मुकेश चंद्राकर की हत्या की निदा की और मांग की है कि निाति समय के भीतर जांच पूरी की जाए और दोषियों के खिलाफ कार्रवाईं की जाए। बस्तर के आईंजी पुलिस सुंदरराज पी ने कहा, पत्रकार मुकेश चंद्राकर के भाईं की शिकायत के बाद से ही पुलिस की विशेष टीम जांच कर रही थी। शुव्रावार की शाम हमने चट्टान पारा बस्ती में ठेकेदार सुरेश चंद्राकर के परिसर में एक सैप्टिक टैंक से मुकेश चंद्राकर का शव बरामद किया है। इस मामले से संदिग्धों को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। मुकेश के मोबाइल के अंतिम लोकेशन ओर फोन काल के आधार पर जांच चल रही है। इसी दौरान ठेकेदार सुरेश चंद्राकर की ओर से अपने मजदूरों के लिए बनाए गए आवासीय परिसर में पुलिस ने खोजबीन शुरू की तो उन्हें एक ताजा वं्रीट की ढलाईं नजर आईं। पता चला कि यह पुराना सैप्टिक टैंक है, जिसके ढक्कन को बंद करके दो दिन पहले ही वं्रीट की ढलाईं की गईं है। पुलिस ने शव के आधार पर उस सैप्टिक टैंक को तोड़ा तो उन्हें पानी के भीतर पत्रकार मुकेश चंद्राकर का शव मिला। उनके शर पर गहरी चोट थी। यूकेश चंद्राकर के बड़े भाईं और टीवी पत्रकार मुकेश चंद्राकर ने बताया कि मुकेश चंद्राकर बुधवार (1 जनवरी 2025) की शाम को घर से लापता हुए थे। लेकिन घरवालों को अगली सुबह पता चला। शुरू में तो यूकेश ने सोचा कि उनके भाईं किसी खबर के लिए आसपास के किसी इलाके में चले गए होंगे। लेकिन जब उनका फोन बंद मिला तो उन्हें चिन्ता हुईं। मुकेश के अनुसार मैं और यूकेश अलग-अलग रहते हैं। यूकेश ने कहा, ठेकेदार सुरेश चंद्राकर की ओर से बनवाईं गईं सड़क के निर्माण में भ्रष्टाचार की एक खबर एनडीटीवी पर प्रासारित हुईं थी जिसके बाद सरकार ने इस मामले की जांच की घोषणा कर दी थी। बताया जा रहा है कि ठेकेदार सुरेश चंद्राकर इस खबर के छपने से बहुत परेशान के और उन्होंने मुकेश चंद्राकर को अपने घर मिलने के लिए बुलाया। सोशल मीडिया की रिपोर्ट के अनुसार पहले तो मुकेश मुलाकात टालता रहा पर अततः पहली जनवरी शाम को सुरेश चंद्राकर से मिलने उनके घर गया। वहीं से वह गायब हो गया और फिर 3 जनवरी को सुरेश चंद्राकर द्वारा बनाए गए मजदूरों के लिए आवासों में बने एक सैप्टिक टैंक से उनका शव बरामद हुआ। एक और खोजी पत्रकार अपनी डाूटी निभाते हुए शहीद हुआ। हम मुकेश चंद्राकर को अपनी श्रद्धांजलि देते हैं और उनकी खोजी पत्रकारिता को सलाम करते हैं। उम्मीद करते हैं कि पुलिस हत्यारों को जल्द से जल्द गिरफ्तार करेगी और उन्हें अदालत से कड़ी से कड़ी सजा दिलवाएगी। राज्य सरकार से भी अनुरोध है कि यह इस मामले को राजनीति से दूर रखे और मुकेश चंद्राकर और उनके परिवार को न्याय दिलवाने में पूरी मदद करे।

देश दुनीया से

# विदेशी निवेश की संभावनाएं और चुनौतियां

हाल ही में 5 जनवरी को वाणिज्य और उद्योग मंत्री ने कहा कि देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश का प्रवाह बढ़ रहा है, खास तौर से पश्चिम एशिया, जापान, यूरोपीय यूनियन और अमेरिका के निवेशक भारत को सबसे महत्वपूर्ण निवेश गंतव्य के तौर पर मान्यता दे रहे हैं। लेकिन नए वर्ष 2025 में एफडीआई बढ़ाने के लिए यह जरूरी होगा कि भारत विदेशी निवेश की सीमा बढ़ाने, नियामक बाधाओं को हटाने, बुनियादी ढांचे के विकास, व्यापार-कारोबार में बेहतरी, निवेश की क्षेत्रीय सीमाओं को उदार बनाने, नियामक प्रक्रियाओं को सुव्यवस्थित करने, नौकरशाही संबंधी बाधाओं को कम करने और कॉर्पोरेट को उनके विवादों को सुलझाने में मदद करने के लिए न्यायिक परिवेश बेहतर बनाने को आगे बढ़े। गौरतलब है कि वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय द्वारा जारी रिपोर्ट के मुताबिक देश में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) का प्रवाह अप्रैल, 2000 से सितंबर, 2024 तक 1000 अरब डॉलर को पार कर गया है। खासतौर से चालू वित्त वर्ष 2024-25 में अप्रैल से सितंबर 2024 के दौरान 42.1 अरब डॉलर का विदेशी निवेश आया है। यह निवेश 60 सेक्टर, 31 राज्य और केंद्रशासित क्षेत्रों में रहा है। खास बात यह भी है कि वर्ष 2014 के बाद से अब तक पिछले 10 वर्षों में 667.4 अरब डॉलर का एफडीआई आया है। भारत के आर्थिक विकास की यात्रा में एफडीआई का यह विशाल आकार एक बड़ी उपलब्धि है। यदि हम भारत में एफडीआई के स्रोत देशों की ओर देखें तो पाते हैं कि भारत में एफडीआई का सबसे बड़ा स्रोत मॉरीशस रहा है। मॉरीशस ने कुल विदेशी निवेश में 25 प्रतिशत का योगदान दिया है। सिंगापुर 24 प्रतिशत एफडीआई के साथ दूसरे स्थान पर है। अमेरिका का 10 प्रतिशत निवेश के साथ तीसरा स्थान है। इसके अलावा बड़े निवेशक देशों में नीदरलैंड्स, जापान और ब्रिटेन शामिल हैं। भारत में जिन क्षेत्रों में विदेशी निवेश आकर्षित हुआ है, उनमें आईटी, फाइनेंशियल सर्विसेज, टेलीकम्युनिकेशंस, ट्रेडिंग, इन्फ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट कंसल्टेंसी सहित सर्विस सेक्टर प्रमुख सेक्टर हैं। निस्संदेह, देश को विदेशी निवेश का पसंदीदा देश बनाने में तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था की अहम भूमिका है। पिछले वित्त वर्ष 2023-24 में देश की विकास दर अनुमानों से अधिक रही है और इस चालू वित्त वर्ष 2024-25 में भी यह करीब 7 फीसदी रह सकती है। भारत में तेजी से विदेशी निवेश आकर्षित होने के कई कारण हैं। भारत विश्व अर्थव्यवस्था में नई शक्ति प्राप्त कर रहा है। चार वैश्विक रुझान जनसांख्यिकी, डिजिटलीकरण, डीकार्बोनाइजेशन और डीग्लोबलाइजेशन न्यू इंडिया के पक्ष में हैं। भारत में मजबूत राजनीतिक नेतृत्व है। जिन सुधारों से विदेशी निवेश आकर्षित हुए हैं, उनमें मेक इन इंडिया पहल, आर्थिक उदार नीतियां, जीएसटी, प्रतिस्पर्धी श्रमिक लागत और रणनीतिक प्रोत्साहन, कई सेक्टर में 100 प्रतिशत एफडीआई की अनुमति, स्टार्टअप फंडिंग के लिए एंजेल टैक्स खत्म होना, विदेशी कंपनियों के लिए कॉर्पोरेट टैक्स में कमी प्रमुख हैं। इतना ही नहीं, भारतीय बाजार बढ़ती डिमांड वाला बाजार है। देश में प्रतिभाशाली नई पीढ़ी की कौशल दक्षता, आउटसोर्सिंग और देश में बढ़ते हुए मध्यम वर्ग की चमकीली क्रयशक्ति के कारण विदेशी निवेश भारत की ओर तेजी से बढ़ने लगा है। उल्लेखनीय है कि संयुक्त राष्ट्र व्यापार और विकास सम्मेलन (अंकटाड) की वर्ल्ड इन्वेस्टमेंट रिपोर्ट सहित विभिन्न वैश्विक रिपोर्टों में कहा जा रहा है कि भारत में उद्योग-कारोबार को आसान बनाने के लिए विगत 10 वर्षों में करीब 1,500 पुराने कानूनों और 40 हजार अनावश्यक अनुपालन को समाप्त कर दिया गया है। आर्थिक क्षेत्र में दिवालिया कानून जैसे सुधार किए गए हैं। बैंकिंग क्षेत्र में जोरदार सुधार करके मजबूत वृहद आर्थिक बुनियाद की मदद से अर्थव्यवस्था को मजबूत बनाया गया है। कानून के कई प्रावधानों को अपराध की श्रेणी से बाहर करने और एफडीआई के लिए नए रास्ते जैसे अभूतपूर्व कदमों से देश की ओर विदेशी निवेश का प्रवाह तेजी से बढ़ते हुए दिखाई दे रहा है। निस्संदेह, वैश्विक स्तर पर सुस्त बाजारों और चीन की आर्थिक रफ्तार सुस्त होने के बीच भारत ने विदेशी निवेश प्राप्त करने का अब तक एक खास मुकाम हासिल किया है। विनिर्माता और निवेशक चीन का विकल्प तलाश रहे हैं और इस समय एशिया में अधिकांश निवेशकों को भारत से बेहतर कोई नहीं दिख रहा है। देश की अर्थव्यवस्था की चाल में लगातार सुधार और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफपीआई) से अच्छा निवेश प्राप्त होने की बदौलत भारतीय शेयरों में तेजी दर्ज की जा रही है। देश में शेयर बाजार ने शानदार प्रदर्शन किया है। विदेशी निवेश की बदौलत भारत विश्व में नई परियोजनाओं की घोषणा करने वाला तीसरा देश बन गया है और अंतर्राष्ट्रीय परियोजना वित्त सौदों में दूसरा सबसे बड़ा देश बन गया है। इसमें कोई दो मत नहीं हैं कि देश के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को आगे बढ़ाने के लिए सरकार जिन रणनीतियों के साथ आगे बढ़ रही है, उससे देश में तेजी से विदेशी निवेश बढ़ रहा है। निश्चित रूप से बढ़ता मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर देश में एफडीआई की बड़ी ताकत बन गया है। मैन्युफैक्चरिंग आउटपुट में चीन दुनिया में पहले स्थान पर है। साथ ही मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर में भारत 456 अरब डॉलर विनिर्माण मूल्य के साथ दुनिया में पांचवें स्थान पर है तथा अब नया विश्व मैन्युफैक्चरिंग हब बनने की ओर अग्रसर है। भारत के मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर को जिस तरह सुविधाओं के साथ तेजी से आगे बढ़ाया जा रहा है, उससे दुनियाभर के निवेशक भारत आने के लिए उत्सुक हैं। इस समय भारत की अर्थव्यवस्था दुनिया की सबसे बड़ी पांचवीं अर्थव्यवस्था है। अब इसे तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और भारत को विकसित देश बनाने की डगर पर आगे बढ़ाने के लिए उद्योगपतियों द्वारा अहम भूमिका निभाई जा रही है।



आप का नजरीया

# ताकि बाल मन रहे सुरक्षित

निस्संदेह डिजिटल दौर ने बच्चों के जीवन को गहरे तक प्रभावित किया है। आज सोशल मीडिया युवाओं के संवाद का अभिन्न माध्यम बन गया है। लेकिन इसके साथ तमाम तरह के जोखिम भी जुड़े हैं, जिनसे किशोरों को बचाने की सख्त जरूरत है। भारत में वर्ष 2023 में लाए गए डिजिटल पर्सनल डेटा प्रोटेक्शन एक्ट के नियमों के तहत नाबालिगों के लिये सोशल मीडिया अकाउंट खोलने के लिये माता-पिता या अभिभावकों की सहमति अनिवार्य है। निश्चिय ही यह बच्चों की सुरक्षा से जुड़ा एक सराहनीय कदम है। दुनिया के विभिन्न देशों में ऐसे कानून पहले से ही मौजूद हैं। यूरोपीय संघ के जनरल डेटा प्रोटेक्शन रेगुलेशन के लिये सोलह साल से कम उम्र के उपयोगकर्ताओं के लिये माता-पिता की सहमति अनिवार्य है। वहीं यूएस चिल्ड्रन ऑनलाइन प्राइवेसी प्रोटेक्शन एक्ट में 13 वर्ष के उपयोगकर्ताओं के लिये कड़े नियम लागू किए गए हैं। दरअसल, इन कानूनों का मकसद नाबालिगों को साइबर बुलिंग, शोषण व गोपनीयता के उल्लंघन से बचाना है। भारतीय कानून में भी इन नियमों का ध्यान रखा गया है। दरअसल, इन प्रावधानों की जरूरत इसलिए भी महसूस की जा रही है कि पूरी दुनिया में 58 फीसदी किशोर टिकटॉक जैसे प्लेटफॉर्मों के दैनिक उपयोगकर्ता हैं, जो नुकसानदायक सामग्री के संपर्क में आ सकते हैं। उल्लेखनीय है कि वर्ष 2023 में दिल्ली के एक व्यक्ति ने डिजिटल माध्यमों की खामियों का लाभ उठाते हुए सात सौ से अधिक महिलाओं को स्नैपचैट का उपयोग करके ब्लैकमेल करने का प्रयास किया था। इसी तरह इंस्टाग्राम पर धमकाने के बाद ब्रिटेन में एक किशोर की दुखद आत्महत्या ने सोशल मीडिया के मनोवैज्ञानिक प्रभावों की घातकता को बताया। दरअसल, भारत के प्रस्तावित नियम भी सोशल मीडिया कंपनियों को मजबूत उपायों के जरिये माता-पिता की सहमति से जवाबदेह बनाने का प्रयास ही है। जिससे अभिभावकों को अपने बच्चों की ऑनलाइन गतिविधियों में भागेदारी में मार्गदर्शन करने का अधिकार मिल सके। इन नियमों को फुलप्रूफ बनाने में एआई संचालित आयु सत्यापन, डिजिटल साक्षरता कार्यशालाएं आयोजित करने और इसके साथ ही पारदर्शी शिकायत तंत्र की महत्वपूर्ण भूमिका हो सकती है। इन उपायों की नियमित निगरानी, हितधारकों की प्रतिक्रिया तथा वैश्विक मानकों के साथ तालमेल से इस ढांचे को प्रभावी बनाया जा सकेगा। निस्संदेह, इन नियमों के अनुपालन से भारत में बच्चों के लिये सुरक्षित ऑनलाइन वातावरण बनाने के साथ ही वैश्विक प्रयासों में योगदान दिया जा सकता है। ऐसे वक्त में जब आज डिजिटल दुनिया से जुड़ाव अपरिहार्य है, बच्चों की सुरक्षा और भलाई को प्राथमिकता बनाना न केवल एक जिम्मेदारी है, बल्कि एक नैतिक अनिवार्यता भी है। इस दिशा में स्थायी परिवर्तन के लिये माता-पिता, शिक्षक और सोशल मीडिया प्लेटफॉर्मों के बीच बेहतर तालमेल बनाना वक्त की जरूरत है। साथ ही बच्चों को विवेकशील बनाने की दिशा में पहल की जानी चाहिए ताकि वे अपना भला-बुरा समझ सकें। इस दिशा में निगरानी करने वाली सरकारी एजेंसियों की सजगता भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी।

# अनियंत्रित हाईवा ने बाइक सवार को मारी टक्कर, दादा की मौत पोता घायल



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बालूमाथ :** खलारी मुख्य पथ पर शनिवार को एक अनियंत्रित हाईवा ने बाइक सवार प्रयाग गोप 77 वर्ष पिता स्वर्गीय बंधु गोप एवं सुमित कुमार यादव पिता सुशील यादव दोनो ग्राम मनसिघा थाना बालूमाथ को टक्कर मार दिया ।जिससे दोनों गंभीर रूप से घायल हो गए ।घटना के बाद स्थानीय लोगों के सहयोग से दोनों घायलो को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया ।जहां चिकित्सक डॉ अमरनाथ प्रसाद ने प्रयाग गोप को मृत घोषित कर दिया ।वही सुमित कुमार यादव को प्राथमिक उपचार के बाद स्थिति को गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज हेतु रांची रिम्स रेफर कर दिया । रिश्ते में दोनों दादा पोता बताया जाता है ।मिली जानकारी के अनुसार दोनों दादा,पोता मोटरसाइकिल से अपने घर मनसीघा से मैक्लुस्कीगंज की ओर जा रहे थे ।इसी दौरान बालूमाथ थाना क्षेत्र के भगिया ग्राम के समीप एक तेज रफ्तार हाइवा ने अनियंत्रित होकर दोनों को टक्कर मार दिया । घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने बालूमाथ खेलारी मुख्य पथ को भगिया चौक के समीप जाम कर दिया। सड़क जाम होने से सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी कतार लग गई। सड़क जाम की सूचना पाकर मुरपा पिकेट के जवान घटनास्थल पर पहुंचकर लोगों को समझने का प्रयास कर रहे थे लेकिन समाचार लिखे जाने तक सड़क जाम जारी था।

# नीलाम्बर पीताम्बर साही भोक्ता का मनाया जन्म शताब्दी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बारियातू :** प्रखण्ड मुख्यालय स्थित कांडरका नदी के समिप जतरा टाड़ मे नीलाम्बर पीताम्बर का जन्म शताब्दी हर्षोउल्लास के साथ मनाया गया।कार्यक्रम का अध्यक्षता बहादुर गंझु ने किया। मुख्य अतिथि के रूप मे खरवार भोक्ता समाज के केंद्र उपा अध्यक्ष रामनाथ गंझु, जिला अध्यक्ष प्रेम गंझु, युवा जिला अध्यक्ष प्रकाश गंझु, प्रखण्ड कोषाध्यक्ष योगेंद्र गंझु, प्रखण्ड युवा अध्यक्ष राजेश्वर गंझु, पंचायत अध्यक्ष बिनोद गंझु, बीस सूत्री अध्यक्ष राजेंद्र गंझु, फूलचंद गंझु, मोहन गंझु ने शहीद नीलांबर पीतांबर की प्रतिमा पर पुष्प व माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। तत्पश्चात सभी अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर व विधिवत कार्यक्रम का उद्घाटन किया। इस मौके पर उपस्थित रामनाथ गंझु ने कहा की नीलांबर-पीतांबर ने देश की आजादी के लिए जो बलिदान दिया है। उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता है। मौके पर भारी संख्या में महिला पुरुष शामिल हुए।

## सरस्वती शिशु मंदिर में स्वामी विवेकानंद जयंती में शामिल होंगे डीएसई

**लातेहार(प्रभात मंत्र संवाददाता):** सरस्वती शिशु विद्या मंदिर स्टेशन के विधालय परिसर में स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर आयोजित होने वाले इस कार्यक्रम में डीएसई गौतम कुमार साहू को आमंत्रित किया गया है, जो कि विद्यार्थियों और शिक्षकों के लिए प्रेरणादायक होगा। प्रधानाचार्य राजबल्लम शर्मा द्वारा कार्यक्रम की जानकारी दी गई है,जो विद्यालय परिसर में 12 जनवरी को आयोजित किया जाएगा।

## दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का समापन

**बारियातु(प्रभात मंत्र संवाददाता):** प्रखंड क्षेत्र के सदर पंचायत अंतर्गत? ग्राम गाड़ी लोदमदाग व नचना सुरांगी टोला मे दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। लोदमदाग में शुक्रवार को आयोजित शिविर में बतौर मुख्य अतिथि डिप्टी डायरेक्टर अखलेश कुमार सिंह पशुपालन विभाग रांची,जिला पशुपालन पदाधिकारी देवनंदन चौरसिया,प्रखंड पशु चिकित्सा पदाधिकारी सुशिला बागे,पंचायत समिति सदस्य सोनी देवी पशु सखी उपस्थित हुए।शिविर में कुल 50 पशुपालकों के बीच 770 पशु पक्षियों का दवा वितरण किया गया व चिकित्सा सलाह दिया गया।

## प्रशासनिक अधिकारियों की कार्रवाई से अवैध बालू माफियाओं में मचा हड़कंप



**टंडवा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** इन दिनों प्रखंड क्षेत्र के नदियों में बड़े पैमाने पर हो रहे बालू के उत्खनन से इसमें शामिल कारोबारियों का गोरखधंधा काफी फल- फूल रहा है।सस्ते बालू लेकर निर्माण कार्य में लगे ठेकेदार मालामाल हो रहे हैं। मजे की बात तो ये है कि छापेमारी में कारोबारी 100 किलोमीटर दूर बिहार क्षेत्र का फर्जी चालान दिखाकर अधिकारियों को भी आसानी से गुमराह कर देते हैं।लोगों की मानें तो प्रखंड खनन टास्क फोर्स का उदासीन रवैया इसके लिए काफी हद तक जिम्मेदार है जिससे अवैध कारोबारियों के लिये संजीवनी से कम नहीं है। वहीं इन दिनों मामले पर त्वरित संज्ञान लेकर अनुमंडल प्रशासन द्वारा की जा रही छापेमारी और सख्त विभागीय कार्रवाई से लॉ एंड ऑर्डर उल्लंघन करने वालों में काफ़ी हड़कंप मचा हुआ है। मामला चाहें अवैध खनन या भंडारण का हो या फिर भारी वाहनों द्वारा परिचालन के निर्धारित मानकों की अवहेलना ! ऐसे लोगों पर दनादन कार्रवाई की जा रही है। शुक्रवार देर शाम एनटीपीसी के निर्माण कार्य में लगी सिंघानिया कंपनी द्वारा बड़े पैमाने किये गये अवैध बालू के भंडारण को जब्त कर एसडीएम सनी राज ने सनसनी मचा दी है।जबकि कार्रवाई की भनक लगते हीं आम्रपाली जीएम आफिस परिसर में बड़े पैमाने पर भंडारित बालू को जिस ठेकेदार ने हटा लिया,एसडीएम के निर्देश पर उसकी शिनाख्त की जा रही है।

# अबुआ आवास में हेराफेरी, एससी कैटेगरी के हिस्से का आवास ओबीसी को स्वीकृत



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बरवाडीह :** प्रखंड में अबुआ आवास के आवंटन में गड़बड़ी तो आम है इसके अलावा हकमारी का मामला और प्रकाश में आया है जो एससी कैटेगरी के हिस्से का आवंटित आवास जानबूझ कर भ्रष्टाचार करते हुए ओबीसी कैटेगरी के लाभुकों को आवंटित कर दिया गया है जो गंभीर मामला है। उक्त मामला प्रखंड के केचकी पंचायत का है जिसमें आदित्य राम और प्रमोद राम ओबीसी कैटेगरी में आते हैं जिन्हें एससी कैटेगरी के आवंटित आवास की कटौती कर आवास का लाभ दे दिया गया है। वहीं पंचायत के प्रतिनिधि व प्रखंड कर्मियों के मिलीभगत से कई और सुखी समृद्ध लोगों भ्रष्टाचार करते हुए आवास आवंटित किए गए हैं जो जांच का विषय है जिससे कई जरुरतमंद लोग अबुआ आवास योजना से वंचित हो रहे हैं।इस संबंध में माले जिला सचिव बिरजू राम ने मामले को गंभीर बताया है। उन्होंने कहा कि स्थल जांच कर अग्रेत्तर कार्रवाई के लिए जिले के उपायुक्त को पत्राचार किया जाएगा।

# श्रीरामलला मंदिर के प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में निकाली गई भव्य शोभायात्रा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** श्री रामलला द्वाद्वशी महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष्य में एक भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया। इस शोभायात्रा में श्रद्धालु और भक्तगण पूरे उत्साह और श्रद्धा के साथ शामिल हुए। यात्रा का प्रारंभ शहर के अम्वाटीकर हनुमान मंदिर से हुआ,यह शोभा यात्रा थाना चौक से होते हुए समाहरणालय गेट तक पहुंची। शोभा यात्रा का नेतृत्व भाजपा जिलाध्यक्ष पंकज सिंह,भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य राजधानी यादव कर रहे थे। शोभा यात्रा में श्रीराम के भव्य चित्रों और प्रतीकों के साथ सजाई गई झांकियाँ निकाली गई।यात्रा में शामिल सभी भक्तगण भक्ति गीतों पर झूमते हुए जय श्री राम की नारे लगाते हुए आगे बढ़ रहे थे।भाजपा जिला अध्यक्ष पंकज सिंह ने कहा कि श्रीराम लला द्वाद्वशी महोत्सव की प्रथम वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित शोभायात्रा धार्मिक और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक है।श्री सिंह ने भक्तों से अपील की कि वे इस महोत्सव में भाग लें और राम के मार्ग पर चलने का संकल्प लें,ताकि समाज में सकारात्मक बदलाव आ सके।साथ ही,उन्होंने भाजपा के कार्यकर्ताओं और श्रद्धालुओं को धन्यवाद दिया,जिन्होंने इस शोभायात्रा को सफल बनाने में अपना योगदान दिया।भाजपा कार्यसमिति सदस्य राजधानी यादव ने कहा कि मैं सबसे पहले देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को तहे दिल से धन्यवाद करता हूं कि जिन्होंने अयोध्या में श्रीराम मंदिर का निर्माण किया और श्रीरामलला का प्राण प्रतिष्ठा किया।आज इसी के उपलक्ष्य में पूरे भारतवर्ष में श्रीरामलला का द्वाद्वशी महोत्सव बड़े उत्सव उमंग के साथ मनाया जा रहा है। अनिल सिंह ने कहा कि इस शोभायात्रा का आयोजन भाजपा द्वारा समाज के प्रत्येक वर्ग तक श्रीराम के संदेश को पहुँचाने के लिए किया गया है।उन्होंने यह आह्वान किया कि प्रत्येक नागरिक को इस महोत्सव में शामिल होकर राम के मार्ग पर चलने का संकल्प लेना चाहिए।पिंटू कुमार रजक ने कहा कि पुरुषोत्तम श्रीराम के संदेश में समरसता, सत्य,और धर्म का पालन है,जिसे आज के समय में हमें अपने जीवन में उतारने की आवश्यकता है। शोभायात्रा में सैंकड़ों श्रद्धालु भक्तगण मौजूद थे।

## खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने विभिन्न दुकानों का किया जाँच,दिया निर्देश



**सिमरिया(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड मुख्यालय के सिमरिया चौक के विभिन्न दुकानों में छपामारी की गई। यह कार्रवाई खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार व तम्बाकू नियंत्रक रश्मि दुब्बे द्वारा संयुक्त रूप से चलाया गया। इस दौरान अधिकारीयों ने लगभग 20-25 दुकानों में सघन छपामारी कर सात दुकानदारों के विरुद्ध चलान काट कर जुर्माना लगाया गया है।उक्त अधिकारीयों ने बताया की तम्बाकू नियंत्रक अधिनियम 2003 के तहत जाँच अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें सेकसन 6ए के तहत किसी भी दुकानदार द्वारा 18वर्ष से कम उम्र के युवाओं को तम्बाकू या पान मशाला नहीं बेचने को कहा गया है।आगे उन्होंने कहा की सेकसन 6ड्ढ के तहत सरकारी गैर सरकारी विद्यालय से 100 मीटर की दुरी के अंदर तम्बाकू नहीं बेचने को कहा है। साथ ही सेकसन 5के तहत किसी भी दुकानदार द्वारा तम्बाकू का प्रचार प्रसार नहीं करने को कहा है, ऐसा करते पकड़े गए तो दुकानदारों के विरुद्ध कार्रवाई करते हुए जुर्माना लगाया जायेगा।इस दौरान सिमरिया चौक के विभिन्न दुकानों का जाँच कर हिदायत दी गई। मौके पर सिमरिया पुलिस बल मौजूद थी।

# रक्तदान सिर्फ एक कार्य नहीं, मानव जीवन का कर्तव्य भी है : उमेश




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** कस्तूरबा गाँधी आवासीय विद्यालय मनिका में लेखा पाल के पद पर कार्यरत उमेश अग्रवाल, ने विद्यालय के कार्य करके संध्या 6 बजे लातेहार रक्त अधिकोष पहुंचकर रक्तदान करते हुए मानवता का परिचय दिया है। रक्त कि कमी से जूझ रही आरा, बालूमाथ निवासी प्रसूति रोगी प्रियंका कुमारी (28) पति - बिनय कुमार, सदर अस्पताल लातेहार में इलाजरत हैं, उन्हें तत्काल ओ+ रक्त की आवश्यकता थी जैसे ही इस बात की खबर वोलेंट्री ब्ल्ड डोनर्स एसोसिएशन लातेहार के जिला सह संयोजक कुमार नवनीत को लगी उन्होंने तत्काल उमेश अग्रवाल जी से संपर्क किया, तत्पश्चात उमेश अग्रवाल ने लातेहार रक्त अधिकोष पहुंचकर रक्तदान किया। उनके इस पुण्य कार्य के लिए उन्हें महिला के परिजनों ने धन्यवाद दिया, उनका आभार प्रकट करने वालों में अनिरुद्ध प्रसाद, कुमार नवनीत, एलटी विनय कुमार सिंह, उत्तम कुमार समेत कई नाम शामिल हैं।

# एसवीएम में पूर्व छात्र सम्मेलन का हुआ आयोजन




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लातेहार :** जिला मुख्यालय के धर्मपुर रोड स्थित सरस्वती विद्या मंदिर लातेहार में स्वामी विवेकानंद की जयंती व रामलला प्राणप्रतिष्ठा की वर्षगांठ के अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पूर्व छात्र मुख्य अतिथि व पलामू विभाग के विभाग निरीक्षक नीरज कुमार लाल,विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे,जिला संघचालक अनिल ठाकुर,स्थानीय विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी के द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर और भगवान राम व स्वामी विवेकानंद के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया।पूर्व छात्रों में श्रीकर (2006) सत्येंद्र कुमार (2002), वैभव कुमार (1995), प्रियांशु पांडे, शुभ स्वरूप, नेहा कुमारी, अंजली कुमारी, श्वेता कुमारी, प्रिया भारती, और अन्य भैया बहन उपस्थित हुए। विद्यालय प्रबंधकारिणी समिति के अध्यक्ष राजीव रंजन पांडे ने भैया बहनों को संबोधित करते हुए बताया कि हमें अपने आप में आत्मविश्वास जगा कर एक अच्छा इंसान बनना चाहिए ताकि अपने जीवन के लक्ष्य को हम प्राप्त कर सकें।विद्यालय के प्रधानाचार्य अरुण कुमार चौधरी जी ने इस अवसर पर रामलला प्राण प्रतिष्ठा के वर्षगांठ पर चर्चा किए एवं राम मंदिर के इतिहास को बताया।

## बलबल मेला के सफल संचालन हेतु प्रबंधन समिति एवं प्रशासन के बीच हुई बैठक, लिये गये कई निर्णय



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गिद्धौर :** प्रखंड के अंतर्गत चतरा हजारीबाग मुख्य बॉर्डर में स्थित अति प्राचीन बलबल मंदिर परिसर में मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर लगने वाला 15 दिवसीय पशु मेला को सफल संचालन करने हेतु प्रखंड प्रशासन के साथ बलबल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने शनिवार को एक बैठक किया।जिसका अधक्ष्यता निर्मल गोप ने किया।बैठक कई अहम मुद्दों पर बात हुई।जिसमे पेय जल व्यापारियों की सुरक्षा सीसी टीवी से निगरानी तथा कई बातों पर सहमति बनाए।बैठक में प्रखंड प्रशासन ने समिति के साथ मिलकर बलबल पशु मेला को संचालन करने पर सहमति जताई। प्रखंड विकास पदाधिकारी राहुल देव अंचलाधिकारी अनंत सयनम विश्वकर्मा थाना प्रभारी अमित कुमार गुप्ता ने मेले का घूम घूम कर जायजा भी लिए।बैठक में उपस्थित पंचायत मुखिया जगदीश यादव, प्रबंधन समिति के सचिव निर्मल गोप बालेश्वर यादव, सिकेंद्र रवानी प्रभु यादव, सुरेश यादव, मनोज, तोपां गोप, ठाकुर, जागेश्वर मोची, व अन्य ग्रामीण उपस्थित थे ।

## जीपीडीपी का तीन दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन कई योजनाओं के बारे में दी गई जानकारी



**गिद्धौर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड परिसर के प्रशिक्षण सभागार में चल रहे तीन दिवसीय जीपीडीपी ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्यों के बीच जन योजना अभियान के तहत सबकी योजना सबका विकास प्रशिक्षण का समापन शनिवार को हुआ। प्रशिक्षण में पंचायत सचिव,पंचायत रोजगार सेवक,स्वयंसेवक,15 वीं वित्त आयोग के प्रखंड समन्वयक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास विभाग के प्रखंड समन्वयक जेएसएलपीएस के दो सदस्य के साथ-साथ संबंधित वार्ड के वार्ड सदस्य शामिल थे। प्रशिक्षण का शुभारंभ प्रार्थना के साथ किया गया।प्रशिक्षक प्रकाश राणा एवं सुरेश प्रसाद राणा ने योजनाओं के बारे में विभिन्न जानकारियां बताए। जिसमें ग्रामीणों को सशक्त बनाना। गरीबों को सशक्त होना जैसे उपाय के लिए विचार दिए। महिलाओं को आजीविका से जोड़ना स्वस्थ गांव बनाना जैसे कई जानकारियां प्रशिक्षण में बताया गया। जबकि पंचायत मैं होने वाले विकास से जुड़े योजनाओं की जानकारी भी रखने के बाद बताई गई।

# देवी मंदिर को लेकर सीओ की पहल पर सिंघानी और लेम्बोईया गांव के ग्रामीण कि किया गया बैठक की गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**पत्थलगड़ा :** अंचल क्षेत्र में दिन शनिवार को लेम्बोईया एवं सिंघानी पहाड़ी भूभाग पर सदियों से स्थित मां भगवती मंदिर के नाम को लेकर उत्पन्न विवाद को न्याय एवं शांतिपूर्वक तरीके से समाधान करने के उद्देश्य से प्रखंड सभागार में बैठक की गई। लेम्बोईया गांव के समर्थकों का कहना है कि पहाड़ी में विराजमान मां भगवती मंदिर प्राचीन काल से ही लेम्बोईया मईया या लेम्बोईया पहाड़ी नाम से प्रचलित है। जबकि दूसरी ओर सिंहनी के ग्रामीण ने कहां की यहां विराजमान मां भगवती को प्राचीन काल से ही देवी स्थान एवं टोंगरी वाली मैया नाम से संबोधित किया जाता रहा है। संपूर्ण प्रखंड क्षेत्र में भी देवी स्थान प्रसिद्ध है। कहीं भी किसी गांव के नाम से प्रसिद्ध नहीं है। यह नाम कुछ लोग अपनी मनमर्जी से दिया है। जो गले से उतरना संभव नहीं है। आचार्य की बात है की पहाड़ी में स्थित मां भगवती पांच गांव सिंघानी,लेम्बोईया, तेतरिया, गोपीपुर एवं बनवारा की ग्राम देवी के रूप में पूजी जाती रही है। सर्व नक्शा के मानचित्र में मां भगवती स्थान देवी दुर्गा स्थान नाम से अंकित है तो इस पर अनायास (बेमतलब) विवाद करना उचित नहीं है बैठक संपन वक्त वीडियो कलिंदर साहू ने करीब 200 ग्रामीणों को सम्मुख घोषणा किया कि दोनों पक्षों लेम्बोईया एवं सिंघानी से 10-10 व्यक्तियों के प्रतिनिधि एवं 5 व्यक्ति प्रशासन चयन करेगा यही तीस 25व्यक्ति मंदिर के नाम को लेकर अंतिम निर्णय लेंगे। इस निर्णय को नहीं मानने वालों पक्ष के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी इस बैठक मेंथाना प्रभारी आलोक रंजन, जिला परिषद रामसेवक भगत,प्रमुख मनीषा कुमारी,बरवाडीह पंचायत मुखिया संदीप कुमार सुमन, सिंघानी पंचायत समिति सदस्य मीना कुमारी, हरिलाल दांगी, शंभू नाथ राणा, सुखसागर राणा, वासुदेव दांगी अनंत कुमार कुशवाहा, शंकर राम, तिलेश्वर राम दांगी, पूर्व प्रमुख धनुषधारी राम दांगी,शिक्षक युगेश्वर दांगी, शिक्षक केदार दांगी, पंचायत प्रतिनिधि समेत 200 की संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# नगर कीर्तन में उमड़ा जनसैलाब, पुष्प वर्षा कर किया गया स्वागत




**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हंटरगंज :** सिख धर्म के दशम गुरु और खालसा पंथ के संस्थापक सरवंशदानी श्री गुरु गोबिंद सिंह जी महाराज के 358 वें प्रकाशोत्सव के उपलक्ष्य में प्रखंड के केदलीकला गुरुद्वारा से एक विशाल नगर कीर्तन शोभायात्रा निकाली गई। सजी पालकी पर सुशोभित श्री गुरु ग्रंथ साहिब की सवारी के स्वागत में श्रद्धालुओं की कतार लग गई। जैसे जैसे शोभायात्रा आगे बढ़ते गई, लोग श्रद्धा के साथ नतमस्तक होते चले गए। जगह-जगह फूलों की वर्षा से भव्य स्वागत किया गया। पंज प्यारों की अगुवाई में झूलते निशान साहिब के साथ शबद गुरुवाणी का गायन करते डुमरी कला गुरुद्वारे से दिन में लगभग बारह बजे जब शोभायात्रा निकाली गई तो पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। इसके पूर्व डुमरी कला गुरुद्वारे में अखंड पाठ के भोग के बाद तख्त श्री हरिमंदिर जी पटना साहिब से आए हजूरी रागी जत्थे का कीर्तन, आनंद साहिब के पाठ और अरदास का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ।सुसज्जित पालकी पर विराजमान श्री गुरु ग्रंथ साहिब जी के सत्कार में उनके आगे सड़क पर पानी का छिड़काव कर संगतों द्वारा झाड़ू से सफाई कर फूलों का छिड़काव किया जा रहा था। पालकी पर गुरु ग्रंथ साहिब की सेवा सरदार तखत सिंह कर रहे थे।जिला प्रशासन द्वारा नगर कीर्तन में सुरक्षा व्यवस्था के लिए अंचल अधिकारी को मजिस्ट्रेट के रूप में तैनात किया गया था। पुलिस निरीक्षक तथा थाना प्रभारी मनीष कुमार के नेतृत्व में भारी संख्या में पुलिस बल की तैनाती की गई थी। महिलाओं के सुरक्षा में महिला सिपाही को तैनात किया गया था।

## रामपुर के भुइया टोली में निवास करने वाले सैकड़ो गरीब और असहाय लोगों के कंबल नहीं मिलने से हंगामा

**प्रतापपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड के रामपुर पंचायत के रामपुर भुईयां टोली में निवास करने वाले सैकडो गरीब,असहाय व जरूरत मंद लोगो ने शनिवार सुबह सरकार / मुखिया के द्वारा कंबल वितरण नही होने पर हो हल्ला व हंगामा किया है। वहां के गरीबों असहायो,जरूरत मंद लोगो ने बताया कि क्षेत्र में काफी ठंढ है,लेकिन हम रामपुर भुईयां टोली के लोगो के बीच ठंढ से बचने के लिए कंबल का वितरण नही किया गया है।जिसके कारण हम गरीब, हरिजन परिवार ठंढ से काफी परेशान है।ठंढ के कारण हम सबों का जीवन काफी प्रभावित है। आगे बताया कि पूर्व के मुखिया खेदू यादव के द्वारा हम सबों को लगातार कंबल वितरण किया जाता रहा था।



रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय में विशेष आयोजन

# राम मंदिर करोड़ों भारतीयों की आस्था और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है : प्रदीप प्रसाद

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** अयोध्या मे हुए प्रभु श्री रामलला के प्राण-प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ के पावन अवसर पर हजारीबाग सदर विधायक प्रदीप प्रसाद के कार्यालय के समक्ष एक भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान श्रद्धालुओं और आम जनमानस के बीच लड्डू का वितरण किया गया। पूरे आयोजन में भक्तिभाव और उत्साह का माहौल छाया रहा। राम मंदिर का निर्माण और रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा न केवल हमारे धर्म का गौरव है, बल्कि यह हमारी संस्कृति और सभ्यता के पुनर्जागरण का प्रतीक है। यह अवसर हमें भगवान श्री राम के आदर्शों और मर्यादाओं को अपने जीवन में आत्मसात करने की प्रेरणा देता है। रामलला का यह मंदिर केवल पत्थरों का नहीं, बल्कि करोड़ों भारतीयों की आस्था और विश्वास का प्रतीक है। विधायक प्रदीप प्रसाद ने इस अवसर पर समाज में एकता, सद्भाव और मर्यादा के आदर्शों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि प्रभु श्री राम के आदर्शों को आत्मसात कर हम एक सशक्त समाज और राष्ट्र का निर्माण कर सकते हैं। कार्यक्रम में उपस्थित लोगों ने रामलला के जयघोष के साथ उत्सव को और भी अधिक भव्य बनाया। लड्डू वितरण के दौरान सभी ने आपसी भाईचारे और सौहार्द का संदेश दिया। सभी उपस्थित लोगों के बीच प्रसाद और लड्डुओं का वितरण। श्रद्धालुओं द्वारा जय श्री राम के उद्घोष से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान रहा।


जय श्री राम के उद्घोष से कार्यक्रम स्थल गुंजायमान रहा

विधायक प्रदीप प्रसाद ने यह भी कहा की राम मंदिर निर्माण से जुड़े हर पल को हमें अपने जीवन में आत्मसात करना चाहिए। यह मंदिर केवल एक भवन नहीं, बल्कि हमारी सांस्कृतिक पहचान और गौरव का प्रतीक है। आज के इस अवसर पर मैं हजारीबाग की जनता से अपील करता हूं कि वे रामलला के आदर्शों को अपने जीवन में अपनाएं और समाज को नई दिशा दें। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, स्थानीय निवासी और समाजसेवी शामिल रहें।

## हजारीबाग में मॉड्यूलर गायनी ओटी का निरीक्षण, 20 जनवरी तक निर्माण पूर्ण करने का निर्देश

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एवं अस्पताल में अधिष्ठापित अत्याधुनिक मॉड्यूलर गायनी ओटी के निर्माण कार्यों का निरीक्षण करने उपायुक्त नैंसी सहाय ने आज 11 जनवरी को सदर अस्पताल का दौरा किया। नए ट्रॉमा सेंटर में उपायुक्त के प्रयास से सीएसआर मद से सीसीएल द्वारा अधिष्ठापित किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया। हजारीबाग मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल के प्रसव गृह को उच्चस्तरीय आधुनिक सुविधाओं के साथ सौ फीसदी संक्रमण मुक्त शल्य चिकित्सा के निमित्त अधिष्ठापित कराया जा रहा है। इस गायनी ओटी के क्रियाशील होने के उपरांत मेडिकल कॉलेज के लिए एक मील का पत्थर साबित होगा। इससे जिले तथा आस पास के महिलाओं के लिए उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधा मिल सकेगी। मौके पर उपायुक्त ने कार्यकारणी एजेंसी को निर्माण की सभी औपचारिकताएं 20 जनवरी तक पूर्ण करने का निर्देश दिया है ताकि आसन्न 26 जनवरी को हजारीबाग जिला को अत्याधुनिक मॉड्यूलर गायनी ओटी को जिलेवासियों की सुविधा के लिए उपलब्ध कराया जा सके। इस दौरान उपायुक्त ने सदर अस्पताल के अन्य विभागों का भी भ्रमण कर इलाजरत मरीजों को उपलब्ध कराई जा रहे मेडिकल सुविधाओं का भी निरीक्षण किया। मौके पर उप विकास आयुक्त इश्तियाक अहमद, सिविल सर्जन सरयू प्रसाद,जिला योजना पदाधिकारी पंकज कुमार तिवारी व अन्य मौजूद रहे।



## 41वीं अखिल घाटी टेबल टेनिस प्रतियोगिता संपन्न

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** दामोदर घाटी निगम के हजारीबाग परियोजना में 09 जनवरी से 11 जनवरी 2025 तक आयोजित 41वीं अखिल घाटी टेबल टेनिस प्रतियोगिता का समापन और पारितोषिक वितरण समारोह 11 जनवरी 2025 को सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संजय कुमार, निदेशक (भूसंवि) एवं परियोजना प्रमुख, हजारीबाग थे। विशिष्ट अतिथियों में आर. एस. शर्मा, वरीय महाप्रबंधक (टीएससी), और डॉ. अशोक कुमार, उप मुख्य चिकित्सा अधिकारी शामिल थे। प्रतियोगिता का विवरण इस प्रतियोगिता में डीवीसी की विभिन्न परियोजनाओं की आठ टीमों ने भाग लिया। यह आयोजन तीन श्रेणियों - टीम वर्ग, डबल वर्ग, और व्यक्तिगत वर्ग - में किया गया। प्रतियोगिता के मुख्य निर्णायक श्री भैया मुरारी थे। उप निर्णायकों में आयुष अग्रवाल और ज्योति यादव ने अपनी जिम्मेदारी निभाई। उनके मार्गदर्शन में इस प्रतियोगिता का सफल संचालन किया गया। मुख्य अतिथि का संदेश मुख्य अतिथि संजय कुमार ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत करते हुए कहा कि हजारीबाग परियोजना में इस प्रकार की प्रतियोगिता का आयोजन एक गर्व का विषय है। उन्होंने खिलाड़ि?यों को खेल के लिए समय निकालने के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि खेलों में भाग लेने से हमारा सामाजिक दायरा बढ़ता है और कार्यक्षमता में वृद्धि होती है। समापन समारोह समापन-सह-पारितोषिक वितरण समारोह के अंत में, डीवीसी स्पोर्ट्स काउंसिल का झंडा हजारीबाग परियोजना प्रमुख संजय कुमार ने डीवीसी सेंट्रल स्पोर्ट्स काउंसिल के तकनीकी पर्यवेक्षक उज्ज्वल बनर्जी को सौंपा। इस समारोह का सफल संचालन राहुल रंजन ने किया।कार्यक्रम को सफल बनाने में सुनील कुमार, धीरज कुमार, मदन कुमार, दीपक राणा, शंकर सिंह, और गणेश बाबा ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।



## राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** समाज कल्याण विभाग के द्वारा बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओं योजनान्तर्गत राष्ट्रीय युवा दिवस 2025 के अवसर पर युवाओं के बीच लैंगिक भेदभाव, भ्रूण हत्या, पी0सी0पी0एन0डी0टी0 एक्ट, पोक्सो एक्ट, बाल विवाह आदि विषयों पर एक दिवसीय उन्नमुखीकरण कार्यशाला का आयोजन नेहरू युवा केन्द्र, हजारीबाग के सहयोग से रिंग एण्ड रोजेज बैंक्वेट हॉल हजारीबाग में की गई। कार्यशाला का उद्घाटन शिप्रा सिन्हा, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, हजारीबाग द्वारा स्वामी विवेकानन्द के चित्र पर पुष्प अर्पित करके किया गया। उन्होंने कहा कि प्रत्येक युवा अपने आसपास के 50-50 लोगों के बीच पोक्सों एक्ट, लैंगिक भेदभाव, भ्रूण हत्या के रोकथाम हेतु प्रचार-प्रसार करें। बाल विवाह जैसी कुरिति से मुक्ति के लिए लोगों में जागरूकता फैलाये कि बाल विवाह से बच्ची का भविष्य के साथ-साथ परिवार को भी काफी कठिनाईयों का सामना करना पड़ता है। जिला समाज कल्याण पदाधिकारी ने बालिकाओं के लिए सावित्री बाई फुले किशोरी समृद्धि योजना, महिलाओं के लिए प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना, मुख्यमंत्री कन्यादान योजना अन्तर्गत मिलने वाले आर्थिक सहायता राशि की भी विस्तृत जानकारी देते हुए अपने-अपने क्षेत्र में प्रचार-प्रसार करने का आग्रह किया,ताकि सरकार की महत्वकांक्षी योजना बेटी बचाओ, बेटी पढ़ाओं को सफल बनाया जा सके। इस अवसर पर जिला युवा अधिकारी सहित नेहरू युवा केन्द्र के युवागण उपस्थित थे।



## केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल ने किया कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**केरेडारी :** एनटीपीसी के सुरक्षा व्यवस्था को संभाल रहे केंद्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल क्षेत्र में सामाजिक कार्यों में भी अपनी भूमिका निभा रहा है. इसी क्रम में केऔसुब इकाई एनटीपीसी सीएमपी हजारीबाग के द्वारा गरीब एवं जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल वितरण किया गया. क्षेत्र में पड़ रहे कड़ाके की देखते हुए गरीब जरूरतमंद समुदाय को सहायता के प्रयास के रूप में इकाई एनटीपीसी सीएमपी हजारीबाग के इकाई प्रभारी उप कमांडेंट सुरेश व इकाई संरक्षिका अध्यक्ष निहारिका के द्वारा कंबल वितरण किया गया. आसूचना प्रभारी एवं आरक्षित निरीक्षक एवं इकाई के बल सदस्य उपस्थित रहे जिसमें ग्राम पन्दनवा टांड़ के 100 से अधिक गरीब एवं जरूरतमंदों को निशुल्क कंबल वितरण किया गया. कंबल वितरण गरीब जरूरतमंद महिला पुरुष एवं बच्चों और उन परिवारों को आर्थिक समस्याओं का कर रहे हैं उनके लिए मदद का एक छोटा सा प्रयास था.

## युवा दिवस : एक ऐसा युवा जो सोशल मीडिया से करते हैं जरूरतमंदों की मदद

**बरही :** आज पूरा भारत युवा दिवस मना रहा है . बरही प्रखंड के पंचमाधव निवासी एक ऐसे युवा सिकेंद्र कुमार जो समाज सेवा में अपनी एक अलग पहचान रखता है,आज जहां इस सोशल मीडिया के दौर में लोग इसे मनोरंजन व टाइम पास का साधन बना रखे हैं वहीं सिकंदर कुमार ने अपने सोशल मीडिया (ट्विटर एक्स) को हथियार बना कर असहाय जरूरतमंदों की मदद करते हैं चाहे लोगों को किसी भी प्रकार की परेशानी हो वे इसका निराकरण करने हेतु संबंधित विभाग को टैग कर व उनसे संबंध स्थापित कर समस्याओं का हल करवाते है,पूछे जाने पर इन्होंने बताया कि असहाय जरूरतमंद लोगों की मदद कर उन्हें विशेष खुशी मिलती है और ये मै निरंतर करता रहूंगा अब तक मेरे प्रयासों से ब्लड डोनेशन, छात्रवृत्ति, पेंशन,आयुष्मान भारत,आधार कार्ड,जाती,आवासीय और चिकित्सा सेवाओं जैसी समस्याओं को सरकार के उच्च अधिकारियों तक पहुंचा कर उसका हल करवाया, समाजसेवी सिकंदर कुमार ने आगे बताया कि सोशल मीडिया का उपयोग आज के दौर अभिशाप भी है और वरदान भी बस जरूरत है उसे सकारात्मक रूप से प्रयोग करने का मैंने इसे (ट्विटर एक्स) के जरिए असहाय जरूरतमंद लोगों की भलाई करने में लगाया,सिकंदर कुमार सदैव अपने क्षेत्र में इस कार्य के लिए चर्चा मे बने रहते हैं।

## डॉ. संजय बर्णवाल के निधन से शिक्षा जगत शोकाकुल, क्षेत्र में शोक की लहर

**बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** बरही के जाने माने शिक्षाविद और आरएनवाईएम कॉलेज के उपप्राचार्य डॉ. संजय बर्णवाल के असामयिक निधन से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है। वे सार्वजनिक पुस्तकालय समिति के कार्यकारी अध्यक्ष के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे थे। उनके निधन से शिक्षा जगत को अपूरणीय क्षति हुई है। डॉ. बर्णवाल के निधन की सूचना मिलते ही क्षेत्र के लोग बड़ी संख्या में उनके अंतिम दर्शन के लिए पहुंचे। विधायक मनोज कुमार यादव ने भी उनके पार्थिव शरीर पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। उन्होंने उनके निधन को व्यक्तिगत क्षति बताते हुए कहा कि डॉ. संजय बर्णवाल सादगी और विनम्रता के प्रतीक थे। उनका पूरा जीवन शिक्षा और समाजसेवा को समर्पित रहा। उनके द्वारा क्षेत्र में किए गए कार्य हमेशा याद किए जाएंगे। शवयात्रा में शामिल होकर विधायक ने उनके परिजनों से मुलाकात की और ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि इस दुख की घड़ी में वे और पूरा क्षेत्र उनके परिवार के साथ खड़ा है। डॉ. बर्णवाल के निधन से स्थानीय शिक्षा और सामाजिक गतिविधियों में एक खालीपन पैदा हो गया है, जिसे भरना मुश्किल होगा। उनकी यादें और उनके योगदान हमेशा लोगों के दिलों में जिंदा रहेंगे।मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, रामनारायण यादव मेमोरियल डिग्री कॉलेज के प्रधानचार्य बिमल कुमार, सचिव परमेश्वर यादव, शिक्षा विड प्रो. चन्दर शेखर सिन्हा,शिक्षक रविकांत ओम सहित कई अन्य मौजूद थे ।

## संजय सिंह ने दिशोम शिबू सोरेन का 81 वां जन्मदिन पर 200 कंबल का किया वितरण

**बड़कागांव (प्रभात मंत्र संवाददाता) :** प्रखंड अंतर्गत पंचायत सैहदा में झारखंड मुक्ति मोर्चा के प्रखंड अध्यक्ष सह झारखंड श्रमिक संघ जिला सचिव संजय कुमार सिंह के नेतृत्व में झारखंड मुक्ति मोर्चा केंद्रीय अध्यक्ष सह राज्यसभा सदस्य शिबू सोरेन के 81वां जन्मदिन के अवसर पर केक काटकर जरूरतमंदों के बीच लगभग 200 कंबल का वितरण किया गया। ज्ञात हो की संजय सिंह प्रतिवर्ष शिबू सोरेन के जन्मदिन पर जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण करते आ रहे हैं। संजय सिंह पिछले 5 वर्षो में लगभग 7000 से अधिक जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण कर चुके हैं। मौके पर संजय सिंह ने लोगों को सुझाव दिया कि ठंड का मौसम दिन प्रतिदिन बढ़ते जा रहा है, कंबल को अच्छा तरह से प्रयोग कीजिएगा। मौके पर झामुमो पंचायत अध्यक्ष चूरामन गंझु, सचिव राजेश हंसदा, मो कोमली, संजय सोरेन, कलावती देवी, महेन्द्र सोरेन , कुलदीप गंझू, संगीता देवी इत्यादि सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## लापता महिला का मिला शव, महिला की मां ने दिया थाने में आवेदन, जांच में जुटी पुलिस

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**बड़कागांव :** बीते 28 दिसंबर को जुगरा गाँव से लापता 28 वर्षीय महिला किरण देवी का जुगरा गाँव से सटे जंगल से शनिवार को लगभग 11ः00 बजे शव मिला। लकड़ी काटने गई महिलाओं ने शव को देखकर ग्रामीणों को सूचना दिया जिसके उपरांत डाड़ी कलां थाना प्रभारी दलबल के साथ पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हज़ारीबाग भेज दिया। शव मिलने के बाद महिला की माँ ने हत्या की आशंका जताते हुए डाड़ी कलां थाना में आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। मृतिका की माँ मसोमात राधा देवी पति स्व0 युगल साव ग्राम ओरिया थाना मोफसील जिला हज़ारीबाग ने आरोप लगया है कि बीते 28 दिसम्बर को मेरी बेटी ने फोनकर बताया कि पति अजय साव ग्राम नापो थाना बड़कागांव जिला हज़ारीबाग दूसरे व्यक्ति के साथ संबंध का आरोप लगाकर मारपीट किया था। जिससे तंग आकर मेरी पुत्री घर से निकल गई थी जिसका शव 11 जनवरी को जुगरा जंगल से बरामद हुआ। पुत्री की हत्या का आशंका जताते हुए उन्होंने अपने दामाद अजय साव एवं उनके सहयोगी पर लगाया है। उन्होंने कहा है कि मेरी पुत्री की हत्या की गई है। वहीं डाड़ी कलां थाना प्रभारी पिंटू कुमार से पूछे जाने पर बताया कि शव को कब्जे में लेकर हजारीबाग पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद हत्या के कारणों का पता चल पाएगा। जो भी इसमें दोषी होंगे उन पर निश्चित तौर पर कार्रवाई की जाएगी। फिलहाल पति अजय साव को हिरासत में लेकर पूछताछ की जा रही है। बताते चले कि डाड़ीकला थाना में पत्नी की गुमशुदगी को लेकर पति नापोखुर्द निवासी अजय साव ने आवेदन देकर सनहा दर्ज कराया था। मामले को लेकर अजय ने बताया था कि थाने में आवेदन दिया गया है। 28 दिसंबर को मेरी पत्नी 28 वर्षीय किरण देवी लापता हो गई। काफी खोजबीन किया नहीं मिली। आवेदन में अजय ने बताया की किरण 28 दिसंबर को खाना खाने के लिए कह कर के घर से बाहर निकल गई तब से फिर वह लौटकर घर नहीं आई। मैं 4 साल पूर्व अपने जीजा वकील साव के गांव जुगरा गांव में ईट का व्यवसाय कर घर का भरण पोषण करता हूं। लापता 28 वर्षीय किरण देवी के दो पुत्र हैं एक 10 एवं एक 8 वर्ष का लड़का है।



## झामुमो कार्यकर्ताओ ने दिशोम गुरु शिबू सोरेन का जन्मदिन हर्षोल्लास के साथ मनाया

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**विष्णुगढ़ :** शनिवार को विष्णुगढ़ रमुआ दुर्गा मंदिर के समीप झामुमो प्रखंड कार्यालय में झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष पूर्व मुख्यमंत्री सह राज्य सभा सांसद दिशोंम गुरु शिबू सोरेन का 81वां जन्म दिन बड़े हर्षोल्लास के साथ केक काट कर गुरुजी का जन्म दिन मनाया गया। जिसकी अध्यक्षता विष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने की,तथा संचालन विष्णुगढ़ प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने किया। मौके पर मांडू वि0सभा के युवा नेता गौरव पटेल केंद्रीय समिति सदस्य टेकोचंद महतो, बगोदर वि0सभा के युवा नीतीश पटेल,पूर्व जिला अध्यक्ष शंभुलाल यादव, पूर्व जिप सदस्य यशोदा देवी कांग्रेस नेता गुरुप्रसाद साव उपस्थित रहें। इस दौरान मांडू नेता गौरव पटेल ने कहा बाबा दिशोंम गुरु शिबू सोरेन का जन्म हजारीबाग जिले के नेमरा गाँव में सन 1944 को आज ही के दिन हुवा था। अपने पिता कि हत्या के बाद से ही उन्होंने अपने राजनितिक जीवन कि शुरुआत की। गुरूजी ने झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन के साथ साथ झारखण्ड में व्यापक पैमाने पर व्याप्त सुदखोरी और महाजनी प्रथा के खिलाफ एक लम्बी लड़ाई लड़ी।आदिवासी मुलवासियो को शिक्षा और अपने हक अधिकार के लिए प्रेरित करने के लिए लगातार प्रयास करते रहे।4 फरवरी 1973 बिनोद बाबू के साथ मिलकर उन्होंने झामुमो पार्टी की स्थापना कर और यहाँ के आदिवासी मुलवासियों को झारखण्ड अलग राज्य आंदोलन में संगठित किए। गुरूजी के नेतृत्व में हमें झारखण्ड मिला और आज झारखण्ड को संवारने का काम माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन कर रहे हैं। देश में पहला राज्य झारखंड है जो आधी आबादी को स्वालंबी बनाकर महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के लिए माताएं-बहनों को मुख्यमंत्री मइयाँ सम्मान योजन की राशि 2500 रुपये प्रत्येक माह और साल में 30000 रुपये देने का काम कर रही है। मौके पर 20 सूत्री उपाध्यक्ष छोटेलाल बेसरा,शंकर महतो, सुनील सिंह, इंद्रराम महतो,विजय साव,रोहित दास,प्रभु हांसदा,छोटू हांसदा, महेंद्र महतो,अनिल पटेल छोटेलाल प्रसाद, विकाश सोनी, अनंतलाल महतो,मो0 नसीर, कृष्णा हेम्ब्रम, चूलन बेसरा,ईश्वर हेम्ब्रम,समेत सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद थे।



## लाल बहादुर शास्त्री भारत-पाक युद्ध के कारण सदैव स्मरण में रहेंगे : शैलेन्द्र यादव

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**हजारीबाग :** जिला कांग्रेस कार्यालय कृष्ण बल्लभ आश्रम में भारत के पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री की 59 वीं पुण्यतिथि उनके चित्र पर माल्यार्पण कर मनाई गई । कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला अध्यक्ष शैलेन्द्र कुमार यादव ने कहा कि छोटी मूर्ति पर महान कीर्ति इन शब्दों में जिनके 18 माह के प्रधानमंत्रित्व काल का वर्णन किया जाता है , वे लाल बहादुर शास्त्री 1965 के भारत-पाक युद्ध के कारण सदैव स्मरण में रहेंगे । नेहरू की मृत्यु के बाद देश को नेतृत्वहीन समझ कर पड़ोसी पाकिस्तान ने भारत पर आक्रमण कर दिया था । पर शास्त्री के नेतृत्व मे अभूतपूर्व संगठन एंव देशभक्त का परिचय देकर भारतीय जवानों एंव जनता ने आक्रमकों को घुटने टेकने को विवश किया । राष्ट्रपिता महत्मा गांधी के अनुयायियों में से एंव लाल बहादुर शास्त्री आत्मसम्मान के रक्षार्थ जीवन अर्पन करने वाले एक महान देशभक्त रहे । मौके पर प्रदेश महासचिव बिनोद कुशवाहा महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत वरिष्ठ कांग्रेसी अशोक देव, अकील अहमद, जिला उपाध्यक्ष सह प्रवक्ता निसार खान, मकसूद आलम, अजय गुप्ता, बिनोद सिंह, कृष्णदेव प्रसाद सिंह, लाल बिहारी सिंह, जावेद इकबाल, रघु जायसवाल, कैलाश पति देव, सदरूल होदा, गुड्डू सिंह, परवेज अहमद, भैया असीम कुमार, अनिल कुमार भुईयां, रंजीत यादव, नरसिंह प्रजापति, अजित सिंह, अजय कुमार प्रजापति, अशोक कुमार, अमीत कुमार, साजिद हुसैन, राजू चौरसिया, सुनिल अग्रवाल, अधिवक्ता इजहार हुसैन, देवधारी प्रसाद मेहता, बाबर अंसारी के अतिरिक्त कई कांग्रेसी उपस्थित थे ।



## झरपो आंगनबाड़ी केंद्रों में संगोष्ठी का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**टाटीझरिया ।** प्रखंड के झरपो पैक्स भवन के समीप आंगनबाड़ी केंद्र में 11 जनवरी दिन शनिवार को स्थानीय मुखिया सह कांग्रेस 20 सूत्री प्रखंड अध्यक्ष शिबू प्रसाद सोनी के अध्यक्षता में ग्राम सभा का आयोजन किया गया ।स्थानीय मुखिया श्री सोनी ने कहा कि आंगनबाड़ी केंद्रों में डीएमएफटी विभाग के ओर से बाउंड्री वाल रंग रोगन सुंदरी करण क्षति ग्रस्त बिजली तार की मरम्मती , शौचालय में टंकी समुचित व्यवस्था,बच्चों की माप तौल करने की इलेक्ट्रॉनिक वजन मशीन ,बच्चों की पेयजल हेतु बोरिंग कर चापानल लगवाने समेत अन्य व्यवस्था को लेकर चर्चा की गई। जो कि अग्रेत्तर कार्यो को पूरा करने के लिए संबंधित विभाग को ग्रामीणों की मौजूदगी में हस्ताक्षर कर आंगनबाड़ी सेविका, सहायिकाओ को सौंपा गया। दुर्भाग्यपूर्ण बात यह है कि सरकार तो आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी विद्यालयों में पढ़ रहे उपस्थित छात्र छात्राओं के हित योजनाओं के तहत जरूरत की सामग्रियों को देती है , लेकिन कई आंगनबाड़ी केंद्रों और सरकारी विद्यालयों में फर्जी तरीके से छात्र छात्राओं की उपस्थिति भी दर्ज कर पौष्टिक आहार एमडीएम मध्याह्न भोजन की खाद्य सामग्रियों में भी कटौती कर फेर बदल कर दिया जाता रहा है। विभाग द्वारा विकास कार्य योजनाओ में भी स्वीकृति कर दी जाती है लेकिन संवेदकों द्वारा इसे भी लीपापोती कर डकार दिया जाता है। जिसके कई उदाहरण क्षेत्र में भ्रमण कर देखा जा सकता है । बैठक के दौरान मनीषा ,रिंकी, नीतू, प्रियंका, प्रीति, किरण, चमेली, विकास, मामता,किरण कुमारी, बासुदेव प्रसाद उपस्थित थे।

## तीनों बच्चों ने सिर्फ अपने माता पिता का ही नहीं बल्कि पूरे गांव का नाम रौशन किया : मुखिया



**रजरप्पा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ प्रखंड के बारलोंग पंचायत के मुखिया रेखा देवी ने सम्मान समारोह का आयोजन किया।जिसमें दुबराज कुमार पिता जनवरी मुंडा सीआईएसएफ , रितेश कुमार पिता हरिलाल महतो सीआरपीएफ ,एवं अमीत महतो पिता हरिलाल महतो बीएसएफ में चयनित होने पर स्थानीय मुखिया द्वारा बुक्के देकर सम्मानित किया गया।मौके पर मुखिया ने कहा की ये बच्चे बहुत बड़े घर के नहीं बल्कि किसान वर्ग के है किन्हीं के पिता तो जीविकापार्जन के लिए साइकिल में कोयला घर घर भेजते थे परंतु आज तीनों बच्चों ने सिर्फ अपने माता पिता का ही नहीं बल्कि पूरे गांव का नाम रौशन किया है मै इनकी उज्ज्वल भविष्य की कामना करती हु ,ये और आगे बढ़कर पूरे देश का नाम रौशन करेंगे।मौके पर लालदेव महतो. अवाज़ खान. अमित कुमार ,ज्योति कुमारी, शशि मेहता. मास्टर प्रकाश महतो सहित कई लोग मौजूद थे।

## इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा होटल शिवम् इन में इनर व्हील डे मनाया गया



**रामगढ(प्रभात मंत्र संवाददाता):** इनर व्हील क्लब ऑफ रामगढ़ के द्वारा होटल शिवम् इन में इनर व्हील डे मनाया गया । क्लब पदाधिकारी एवम् सदस्यों के द्वारा केक कटिंग करके प्रोग्राम का शुरुआत किया। क्लब अध्यक्षा पिंकी पोद्दार ने कहा उन्होंने कहा कि इनरव्हील क्लब का लक्ष्य महिला सशक्तीकरण और महिलाओं को अधिक से अधिक संख्या में सामाजिक कार्यो से जोड़ना है। बेटियों की शिक्षा सब की प्राथमिकता बने व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा हर लड़की को मिले, यह क्लब की प्राथमिकता है और इसका प्रचार-प्रसार किया जाना चाहिए। कोई भी लड़की बिना शिक्षा के नहीं रहनी चाहिए।कई प्रकार के गेम्स का भी आयोजन किया गया। मौके पर पिंकी पोद्दार, नवलजीत कौर,प्रियंका जैन, नम्रता श्रॉफ,जसमीत सोनी, जेनेश वडेरा,पिंकी गांधी,अनुराधा श्रॉफ,रेनू मेवाड़,पिंकी गांधी,ममता अग्रवाल ,अल्पना तिवारी, जेनेश वडेरा,मीणा वडेरा,दीपा वडेरा,जसमीत कौर,बलविंदर कौर,हीना कोटेचा आदि लोग मौजूद थे

## झारखंड सरकार के मंत्री इरफान अंसारी से मिले राकोमयू क्षेत्रीय सचिव राजू यादव



**उरीमारी(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड सरकार के स्वास्थ्य मंत्री इरफान अंसारी से कांग्रेस नेता सह आरसीएमयू बरका सयाल क्षेत्रीय सचिव राजू यादव ने मिलकर उन्हें नव वर्ष कि बधाई दी। वहीं साथ ही इंटक बरकासयाल प्रक्षेत्र के क्षेत्रीय सुरक्षा समिति सदस्य गणेश राम, क्षेत्रीय सह सचिव दिलीप कुमार,कानू मरांडी, रामदुलार साव, चंदू जयसवाल, रवि पवारिया, रंजित करमाली, राधेश्याम रजक, पप्पू यादव,शराफत अंसारी,दीपक यादव आदि मौजूद थे।

## तुलिप हेल्थकेयर की ओर से फ्री हेल्थ चेकअप का किया गया आयोजन



**भुरकुंडा(प्रभात मंत्र संवाददाता):** रामगढ़ जिले के भुरकुंडा स्थित गायत्री मेडिकल हॉल में तुलिप हेल्थकेयर कुजू द्वारा एक निशुल्क हेल्थ चेकअप कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में जनरल फिजिशियन डॉक्टर रंजन कुमार ने बीपी, शुगर, ईसीजी और अन्य महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण किए। साथ ही, उन्होंने मरीजों को मुफ्त दवाइयाँ भी दीं और उनके इलाज के बाद उचित स्वास्थ्य संबंधी सलाह भी प्रदान की।इसके अलावा, इस कैंप में चाइल्ड स्पेशलिस्ट डॉक्टर संतोष प्रसाद ने बच्चों का इलाज किया और उनके माता-पिता को ठंड के मौसम में बच्चों की देखभाल के बारे में आवश्यक मार्गदर्शन दिया गया । यह कार्यक्रम पूरी तरह से सफल रहा, और इसे सफल बनाने में मुकेश कुमार और लोकेश कुमार का विशेष योगदान रहा।

## रामगढ़ पुलिस के 03 पुलिस को मिला प्रोन्नति, पुलिस अधीक्षक ने स्टार लगाकर प्रोन्नति के लिये दिया बधाई



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस मुख्यालय, झारखण्ड, राँची का कार्यालय आदेश ज्ञापांक-1418/पी0, दिनांक 31 दिसंबर 24 के आलोक मे झारखण्ड पुलिस के विभिन्न जिलों के कुल 98 पुलिस अवर निरीक्षक को पुलिस निरीक्षक के पद पर प्रोन्नति प्रदान करते हुए विभिन्न जिला/ईकाई में स्थानान्तरित किया गया है। जिसमें रामगढ़ जिला के कुल 03 पुलिस अवर निरीक्षक को पुलिस निरीक्षक की कोटि में प्रोन्नति प्रदान किया गया है। वही शनिवार को रामगढ़ जिलाबल का पिपिंग समारोह पुलिस अधीक्षक कार्यालय रामगढ़ के सभागार में आयोजित किया गया। जिसमें नव प्रोन्नत पु0नि0 सरबक्स सिंह सिद्धू, पु0नि0 अर्जुन उरॉव, म0पु0नि0 मोनिका टुडू को पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ द्वारा स्टार लगाकर प्रोन्नति के लिए बधाई दी गई तथा भविष्य में लग्न एवं मेहनत से और अच्छे कार्य करने के लिए प्रोत्साहित किया गया साथ ही उनके उज्जवल भविष्य की कामना की गई।

## रामगढ पुलिस अधीक्षक के नेतृत्व में सभी थाना एवं न्यायालय के बीच समन्वय बनाने को लेकर बैठक की गई



**रामगढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता):** पुलिस अधीक्षक रामगढ अजय कुमार एवं चंदन वत्स, पुलिस उपाधीक्षक (मु0), रामगढ़-सह- कोर्ट नोडल पदाधिकारी, रामगढ़ के द्वारा पुलिस अधीक्षक, रामगढ़ के कार्यालय कक्ष में कोर्ट नोडल पदाधिकारियों के साथ बैठक किया गया तथा उक्त बैठक में सभी थाना/ओ0पी0 प्रभारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहें।बैठक में थाना एवं संबंधित न्यायालय के बीच बेहतर समन्वय बनाने, सरकारी/आम गवाहों को न्यायालय में ससमय उपस्थित कराने, न्यायालय से प्राप्त पुराने/टारगेटेड काण्डों से संबंधित समन/वारंट / कुर्की का ससमय निष्पादन करने, सीपीएमएस के माध्यम से नोटिस का ससमय तामिला कराने, सीआईपीयु से संबंधित प्रतिवेदन तैयार करने, प्रतिदिन न्यायालय के कार्यवाहियों को अद्यतन करने, प्रत्येक माह रिहा हुए काण्डो के जजमेंट का अवलोकन कर अपील योग्य चिन्हीत काण्डों में अपील दायर करने हेतु प्रतिवेदन समर्पित करने के संबंध में की जा रही कार्रवाई की समीक्षा की गई तथा आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया।

## राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत पेट्रोल पंप संगठन के साथ बैठक व नुक्कड़ नाटक का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** दिनांक 1 जनवरी 2025 से 31 जनवरी 2025 तक संचालित राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को जिला परिवहन पदाधिकारी मनीषा वत्स के द्वारा अपने कार्यालय कक्ष में जिले के पेट्रोल पंप संगठन के सदस्यों के साथ बैठक की गई। बैठक के दौरान जिला परिवहन पदाधिकारी के द्वारा जिले के पेट्रोल पंपों पर नो हेलमेट नो फ्यूल का बैनर लगाने का निर्देश दिया गया वहीं इसका कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करते हुए बिना हेलमेट लगाए आने वाले दो पहिया वाहन चालकों को पेट्रोल ना देने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत शनिवार को रामगढ़ शहर अंतर्गत शनिचरा हाट के समीप नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। नुक्कड़ नाटक के माध्यम से आम जनों से सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने, दो पहिया वाहन चलाते समय हेलमेट लगाने अथवा चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का प्रयोग करने सहित अन्य महत्वपूर्ण विषयों के प्रति जागरूक किया गया। मौके पर सड़क सुरक्षा की टीम उपस्थित थी।

## संतोष सिंह का हत्यारा आलोक उर्फ राहुल तुरी का पुलिस ने किया एनकाउंटर



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** न्यू बिरसा में कार्यरत सीसीएलकर्मी सह झामुमो व विस्थापित नेता संतोष सिंह को बिते बुधवार कि सुबह आलोक गिरोह के अपराधियों ने ताबड़तोड़ फायरिंग कर हत्या कर दी थी। वहीं हजारीबाग पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार सिंह ने घटनास्थल पर पहुंच मामले कि जानकारी ली थी। वहीं पुलिस के एक दल को अपराधियों के धर पकड़ के लिए लगाया गया था। जिसपर रामगढ़ जिला के कुज्जू मुरपा के जंगलों में दो अपराधियों के होने कि सुचना पुलिस को मिली। जिसपर दोनों जिलों के पुलिस ने जंगल में छापामारी कर रही थी। इसी बीच चरही पुलिस के साथ अपराधियों कि मुठभेड़ हुई। वहीं अपराधियों ने पुलिस के उपर फायरिंग शुरू कर दी जिसका चरही पुलिस ने जवाबी फायरिंग करते हुए एक अपराधी को मार गिराया। वहीं मारे गए अपराधी कि पहचान आलोक गिरोह का सरगना आलोक उर्फ राहुल तुरी के रूप में हुई है। वहीं उसका उसका साथी आकाश करमाली को पुलिस ने धर दबोचा है। वहीं विस्थापित नेता संतोष सिंह कि हत्या कि जिम्मेवारी आलोक गिरोह ने ली थी।

## भुरकुंडा मे पतरातू प्रखंड के वरिष्ठ काँग्रेस जनो की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** पतरातू प्रखंड के वरिष्ठ काँग्रेस जनो कि एक आवश्यक चिंतन बैठक पतरातू प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल की अध्यक्षता में भुरकुंडा में संपन्न हुई। बैठक में शनिवार को विधायक के द्वारा पतरातू डैम में पतरातू प्रखंड काँग्रेस कमेटी के नाम से बिना पतरातू प्रखंड कमेटी अध्यक्ष ,जिला अध्यक्ष रामगढ एवं प्रदेश संगठन के बिना विचार विमर्श किए हुए , बिना किसी कि सहमति के पार्टी का सम्मेलन सह वनभोज पार्टी के संविधान एवं नियमाविरुद्ध है।क्या पार्टी का संविधान वं नियम वर्तमान राष्ट्रीय सचिव व पूर्व विधायक मंत्री पर लागू नही होता है। नियम और प्रोटोकॉल का पालन करना सिर्फ छोटे कार्यकर्ताओं पर ही सिर्फ लागू होता है क्या। वहीं प्रखंड अध्यक्ष सुजीत कुमार पटेल ने कहा कि अनुशासनात्मक कार्रवाई हेतु इसकी लिखित शिकायत जिला अध्यक्ष ,प्रदेश संगठन एवं राष्ट्रीय संगठन को दे दी गई है । चूँकि इसी तरह का कार्य इनके द्वारा चुनाव के दौरान भी पार्टी संगठन को दरकिनार कर दिया गया है।तथा बैठक में सर्वसम्मति से जल्द ही पार्टी संगठन का वार्षिक सम्मेलन सह वनभोज पार्टी कि सहमति वं निर्णय से पतरातू प्रखंड मे करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में मुख्य रूप से वरिष्ठ कांग्रेसी चमन लाल , जयप्रकाश सिंह, प्रेमनाथ विश्वकर्मा, सुरेंद्र राम, लखन राम, राजकुमार पासवान वीरू सिंह ,अनिल कुमार सिंह, संजीव सिंह, कारू साव , माहताब आलम सहित अन्य उपस्थित थे।

## 15 जनवरी तक मांगो पर सार्थक पहल नहीं होती है तो सेल संचालन समिति करेगी पुरजोर आंदोलन : अंबर कुमार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**उरीमारी :** सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती व सयाल डी परियोजना पदाधिकारी शंभु शरण सिंह के साथ शनिवार को परियोजना कार्यालय में वार्ता हुई। वहीं इस वार्ता में सेल संचालन समिति ने बताया कि दो दिन पूर्व ही सीसीएल प्रबंधन को पांच सुत्रीय मांग पत्र सौंपा था। जिसमें 15 जनवरी तक मांग पुरी नहीं कि जाने पर अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन करने कि बात कही गई थी। वहीं पांच सुत्री मांग के बिन्दुओ पर प्रबंधन के साथ वार्ता हुई। वही सेल समिति ने सीसीएल प्रबंधन को 15 जनवरी तक कि अल्टीमेटम देते हुए कहा कि ?हमारी मांगो पर सीसीएल प्रबंधन सार्थक पहल करे अन्यथा समिति पुरजोर विरोध प्रदर्शन करेगी। वहीं सेल संचालन समिति के सचिव अंबर कुमार ने कहा कि आर ए माइनिंग कंपनी व पीएसएमई कंपनी धांधली कर रही है। और मजदूरों को वेतन युपाई से कर रही है। जोकि आर ए माइनिंग कंपनी व पीएसएमई कंपनी एचपीसी नियमों कि उल्लंघन के साथ कंपनी नियमों कि धज्जियां उड़ा रही है। वहीं दोनों कंपनी के नियमों को सीसीएल प्रबंधन नजरअंदाज करने के साथ बिना कोई कार्रवाई किए उल्टा आर ए माइनिंग कंपनी कि गलत नितियों का समर्थन कर रही है। वहीं सचिव अंबर ने यह भी कहा कि यदि प्रबंधन 15 जनवरी तक हमारी मांगों पर सार्थक पहल नहीं करती है तो हम सभी सेल संचालन समिति सदस्य व सौंदा बस्ती के ग्रामीण बाध्य होकर सयाल डी परियोजना का संपूर्ण कार्य ठप कर देंगे। जिसकी सारी जवाबदेही प्रबंधन कि होगी। वहीं बता दें कि सेल संचालन समिति कि पांच मुख्य मांग है कि पहला~ आर ए माइनिंग कंपनी व पीएसएमई कंपनी यथाशीघ्र ही 100 ग्रामीणों को कंपनी में ज्वाइनिंग दे तथा सभी को एचपीसी नियमों के तहत वेतनमान बैंक खाते में दे। दुसरा~जिन पंद्रह कर्मीयों को सेल संचालन समिति ने रोजगार उपलब्ध कराया गया था उन सभी को एचपीसी रेट दिया जाए। वहीं इस वार्ता में खान प्रबंधक असरत खान,सचिव अंबर कुमार,ललन प्रसाद, दयानंद प्रसाद, सुरेश गिरी, पिंकू कुमार,जनक प्रसाद, राजदीप प्रसाद, अरविंद प्रसाद, गुलेश्वर प्रसाद, तिलेश्वर साहू, सुमीत कुमार आदि मौजूद थे।

## दीशोम गुरु का 81वा जन्मदिन बहुत ही धूमधाम से मनाया गया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**भुरकुंडा :** दीशोम गुरु शिबू सोरेन का 81 वां जन्मदिन बड़ी धूम-धाम से रामगढ़ जिले के भुरकुंडा स्थित झारखन्ड मुक्ति मोर्चा के पार्टी कार्यालय में केक काटकर जन्मदिन मनाया गया।इस मौके पर पार्टी के केंद्रीय सचिव सह हजारीबाग जिला के मुख्य संयोज संजीव बेदिया ने केक काटकर सर्वप्रथम सीबू सोरेन के फोटो को केक खिलाया गया तत्पश्चात पार्टी कार्यालय में मौजूद तमाम कार्यकर्ता ने जमकर शिबू सोरेन, हेमंत सोरेन जिंदाबाद जिंदाबाद के नारे लगाए साथ ही साथ शिबू सोरेन की लम्बी उम्र की कामनाएं की गई । संजीव बेदिया ने कहा की हम सभी भगवान भोलेनाथ से प्रार्थना करते हैं की ।स्वस्थ रहे और लंबी आयु दें।पार्टी कार्यकर्ताओं ने केक आसपास के लोगों को खिलाया और खाये। इस जन्मदिन कार्यक्रम में मुख्य रूप से रोहन बेदिया, हरिलाल बेदिया, राजेंद्र बेदिया, संजय वर्मा, मुकेश राउत, उदय मालाकार, उदय अग्रवाल, जग्गू घांसी, मुकेश लाल सिंदुरिया, मुकेश पासवान, संजीत राम, श्रीनिवासन अग्रवाल, दारासिंह, शमसुल अंसारी, इस्लाम अंसारी, आजाद अंसारी, लक्ष्मी राम, सरोज राम, रोशन कुमार, अनिल इक्का, आदित्य कुमार, मोहम्मद अलाउद्दीन, सीताराम बेदिया, प्रमोद ठाकुर राम, लखन मुंडा, सत्यनारायण यादव, दीपक साहू, मुद्रिका राम, जयप्रकाश साहू, राजेंद्र साहू, ओमप्रकाश रावत, डीके पंडित सहित कई मौजूद रहे।

## भाजपाइयों ने पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल रघुवर दास का गर्मजोशी के साथ स्वागत किया



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ़ :** पूर्व मुख्यमंत्री एवं पूर्व राज्यपाल रघुवर दास का पुनः भारतीय जनता पार्टी का सदस्य बनने के बाद शनिवार को माता छिन्नमस्तिके मन्दिर में पूजा अर्चना करने रजरप्पा जाने के क्रम में भाजपा रामगढ़ जिला के कार्यकर्ताओं ने जिला अध्यक्ष प्रवीण मेहता के नेतृत्व में होटल सैनी, रामगढ़ में 11~30 बजे उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत किया।सभी भाजपाइयों के चेहरे पर विजय भाव की खुशी थी। पटेल चौक पर जैसे ही उनकी गाड़ी रुकी । कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनता पार्टी जिंदाबाद, रघुबर दास जिंदाबाद के गगनभेदी नारे लगाए। उन्हें अंग वस्त्र, बुके और पुष्प गुच्छ देकर उन्हें सम्मानित किया।मौके पर पूर्व जिला अध्यक्ष रंजीत कुमार सिन्हा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य अमरेन्द्र कुमार गुप्ता रणंजय कुमार कुंटू बाबू, प्रो संजय प्रसाद सिंह, सांसद प्रतिनिधि राजीव जायसवाल, जिला के वरिष्ठ उपाध्यक्ष रंजन सिंह फौजी ,महेंद्र प्रजापति ,राजू कुशवाहा, दिनेश प्रसाद,राजू चतुर्वेदी ,विजय जायसवाल , दिलीप सिंह, सरदार अनमोल सिंह, संजय प्रभाकर, राजीव पामदत्त , संतोष शर्मा, प्रवीण कुमार सोनू,भीम सैन चौहान, धनंजय कुमार पुटूस,शीतल सिंह, मनोज गिरी उमेश प्रसाद कुश श्रीवास्तव , धीरज साहू, विपिन गुप्ता ,रॉबिन गुप्ता, विनोद प्रसाद, दीनदयाल कुमार ,अमित साहू, दीपक सोनकर,रामगढ़ कैंट मंडल महामंत्री ऋषिकेश सिंह मिथिलेश मंडल ,अजीत गुप्ता ,अभिषेक चौधरी, रूपा कुमारी, सुरजीत सिंह छाबड़ा ,मणि शंकर ठाकुर, राजेश ठाकुर, सत्यजीत सिंह बृजेश पाठक, उपस्थित थे।

## तेज गति से नगर परिषद क्षेत्र में विकास योजनाओं को धरातल पर उतरा जायेगा : ममता देवी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** रामगढ़ नगर परिषद क्षेत्र अंतर्गत अरगड्डा सिरका में विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और भूमि पूजन मुख्य अतिथि रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र की विधायक ममता देवी के द्वारा किया गया। वार्ड नंबर 13 के झोपडी में जलमीनार और बिल्डिंग में फेवर ब्लॉक वार्ड नंबर 14 में जीपी कैंप में चबूतरा और नूनाही टांड़ में नाली व फेवर ब्लॉक तथा वार्ड नंबर 15 में बुध बाजार में नाली व फेवर ब्लॉक घटवार माहौल में नाली निर्माण कार्य का विधिवत शिलान्यास कर कार्य शुरू किया गया।शिलान्यास के बाद उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक ममता देवी ने कहा कि तेजी से नगर परिषद क्षेत्र में विकास योजनाओं को उतारा जाएगा तथा क्षेत्र से जुड़ी सभी समस्याओं का जल्द समाधान कर हर वार्ड में जरूरत के हिसाब से विकास योजनाओं को किया जाएगा। साथ ही विधायक ने संवेदको को निर्देश देते हुए कहा सभी योजनाओं को गुणवतापूर्ण एवं सही तरीके से कार्य को पूर्ण करे किसी भी प्रकार से लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। मौके पर जिला बीस सूत्री उपाध्यक्ष दिनेश मुंडा, जिला प्रवक्ता मुकेश यादव, आदिवासी मोर्चा के जिला अध्यक्ष गगन करमाली रामगढ़ प्रखंड बीस सूत्री उपाध्यक्ष समसूद खान, महिला जिला अध्यक्ष मंजू जोशी, पूर्व जिला अध्यक्ष अन्नू विश्वकर्मा, गोपाल मुंडा, राहुल सिंह, कमरुद्दीन खान, समीर डे, अमर मुंडा, धर्मेंद्र चौहान, सिकंदर मुंडा, हसन अंसारी, साजिद हुसैन, टिंकू खान, समीर हुसैन,इमरान अंसारी, राजेश बेदिया, गरीब भुइयां सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

## मांडू प्रखंड के ग्राम चपरी में ग्रामीणों की हुई बैठक



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सिरका :** मांडू प्रखंड के ग्राम चपरी में भाकपा माले जिला कमेटी सदस्य जयनंदन गोप, मांडू प्रखंड सचिव लाली बेदिया, प्रखंड कमेटी सदस्य लालचंद बेदिया बैठक में शामिल थे।मीटिंग का संचालन सुभाष बेदिया एवं अध्यक्षता कांग्रेस लालचंद बेदिया ने की। बैठक में जल -जंगल- जमीन की सुरक्षा के साथ-साथ रोजगार के सवाल पर संगठित होकर भाकपा माले को मजबूत कर जन संघर्षो को आगे बढ़ाने पर विचार- विमर्श किया गया। इसके साथ ही 16 जनवरी 2025 को अरगड्डा मोड में जननायक कामरेड महेंद्र सिंह का 20वां शहादत दिवस को सफल बनाने के लिए ग्राम चपरी से सैकड़ो महिला -पुरुष को शामिल कराने पर भी विचार- विमर्श किया गया।अंत में भाकपा माले की एक कमेटी गठित की गई। सुभाष बेदिया प्रभारी चुने गए जबकि कमेटी के सदस्यों में रमन बेदिया ,वासुदेव बेदिया, राहुल बेदिया, सुरेश बेदिया, अभिषेक बेदिया,लखन बेदिया, सरजू बेदिया ,अख्तर अंसारी, अफजल उर्फ छोटू, रोहित बेदिया, उमेश बेदिया, मोहम्मद इमरान, कामेश्वर बेदिया, जमुना बेदिया एवं शिबू बेदिया बनाए गए।

## श्री कृष्ण विद्या मंदिर में सीबीएसई द्वारा दो दिवसीय क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** शनिवार को रामगढ़ स्थित श्री कृष्ण विद्या मंदिर में विभिन्न विद्यालयों से आए कुल 60 शिक्षक - शिक्षिकाओं के लिए सीबीएसई द्वारा क्षमता संवर्धन कार्यशाला आयोजित की गई। यह कार्यशाला दो दिनों तक चलेगी। 12 जनवरी 2025 दिन रविवार को इस कार्यशाला का समापन होगा। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय के सचिव विमल किशोर जाजू, सीबीएसई द्वारा नियुक्त दो रिसोर्स पर्सन गुरु नानक पब्लिक स्कूल के प्राचार्य हरजाप सिंह, डीएवी गांधीनगर रांची की वरिष्ठ शिक्षिका डॉक्टर जया जयसवाल, विद्यालय के प्रभारी प्राचार्य विजय तिवारी एवं वेन्यू डायरेक्टर एस पी सिन्हा ने संयुक्त रूप से दीप जलाकर किया। विद्यालय के संगीत शिक्षक प्रांतिक राय के नेतृत्व में विद्यालय के बच्चियों के समूह ने स्वागत गान गाकर सभी आगंतुकों का स्वागत किया। विद्यालय के अध्यक्ष आनंद अग्रवाल (अधिवक्ता) ने सीबीएसई द्वारा आयोजित शिक्षकों के लिए ऐसे क्षमता संवर्धन कार्यक्रमो की सराहना करते हुए विद्यालय परिसर में आयोजित उक्त कार्यशाला में श्री कृष्ण विद्या मंदिर के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं समेत विभिन्न विद्यालयों से आये सभी प्रतिभागियों को ऐसे ज्ञान वर्धक विषयों की पूर्ण जानकारी प्राप्त कर अध्ययनरत विद्यार्थियों के भविष्य को संवारने एवम निखारने का आग्रह किया।

## रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट सत्र 2024- 25 का हुआ उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रामगढ :** रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के द्वारा आयोजित रामगढ़ जिला बैडमिंटन टूर्नामेंट सत्र 2024- 25 का उद्घाटन छावनी परिषद रामगढ़ के दामोदर इनडोर बैडमिंटन हॉल में किया गया। उक्त टूर्नामेंट का उद्घाटन जिला खेल पदाधिकारी रामगढ़ मार्कस हेमरोम, तथा विशिष्ट अतिथि छावनी परिषद के अभियंता पिंटू कुमार , कर अधीक्षक प्रभारी एस एन राव ,रामगढ़ क्रिकेट एसोसिएशन के मानद सचिव अरुण कुमार राय एवं रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के संयोजक रोहित कुमार प्रशिक्षक रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के आकाश कुमार झा एवं उपस्थित भोला कुमार, ऋषि कपूर, अनमोल आनंद इत्यादि अनेको खेल प्रेमी खिलाड़ी की गर्मीय उपस्थिति में मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथियों ने दीप प्रज्वलित कर तथा बैडमिंटन खेलकर उक्त टूर्नामेंट का उद्घाटन किया गया.! सर्वप्रथम मुख्य अतिथि एवं विशिष्ट अतिथि को रामगढ़ स्पोर्ट्स अकादमी के द्वारा बुके देकर स्वागत किया गया। रामगढ़ जिला बैडमिंटन एसोसिएशन के तरफ से आयोजित अंडर-17 बॉयज सिंगल एवं डबल अंडर-19 बॉयज सिंगल एवं डबल अंडर-19 गर्ल्स सिंगल एवं डबल, ब्वॉय के सिंगल एवं डबल का पार्टिसिपेशन होगा जिसका फाइनल सोमवार को संध्या किया जाएगा उसी दिन प्राइज परितोषित कार्यक्रम होगा विजेता एवं उपविजेता के बीच में तथा प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा समापन के शुभ अवसर पर रामगढ़ जिला बैडमिंटन के पदाधिकारी भी उपस्थित रहेंगे।

## समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने बांटे कंबल



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** वार्ड संख्या 18 के अंसार नगर, रहमतगंज में फिरदौसी मेमोरियल वेल्फेयर एजुकेशन ट्रस्ट ने कड़ाके की ठंड में जरूरतमंदों के लिए पुनः कंबल वितरण का कार्य किया। ट्रस्ट के सचिव अब्दुल जब्बार और हसनैन अख्तर के नेतृत्व में यह वितरण कार्यक्रम अब्दुल जब्बार के आवासीय कार्यालय में सम्पन्न हुआ। जहां समाजसेवी अब्दुल जब्बार ने बताया कि एक हजार जरूरतमंदों तक कंबल पहुंचाने का लक्ष्य है, जिसके तहत डोर टू डोर जा कर और अपने कार्यालय से भी वितरण का कार्य किया जा रहा है।

## अभियोजन डायरेक्टर ने किया औचक निरीक्षण



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** झारखंड के अभियोजन डायरेक्टर राज कुमार सिंह ने शनिवार को सिविल कोर्ट धनबाद में स्थित अभियोजन कार्यालय का औचक निरीक्षण किया और अभियोजन पदाधिकारियों को कई दिशा निर्देश दिए।अभियोजन पदाधिकारियों को डायरेक्टर ने निर्देश दिया कि सभी मामलों में सरकार का पक्ष मजबूती से रखे ताकि ज्यादा से ज्यादा अपराधियों को कोर्ट से सजा दिलाया जा सके जिससे समाज में एक अच्छा मैसेज जाएगा। इस मौके पर लोक अभियोजक अवधेश कुमार, समित प्रकाश, सतेन्द्र राय, राजीव उपाध्याय, वर्षा द्विवेदी, गौरव कुमार गोंद, आशुतोष सिंह, प्रखर श्रीवास्तव, रुचिका, लक्ष्मी पटेल, अपराजिता मिश्रा, शाह हुसैन समेत अन्य अभियोजन पदाधिकारी उपस्थित थे।

## एक अंजान टॉली बैग को छम छम किन्नर ने किया जीआरपी के हवाले



**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** कौन कहता है कि किन्नरों का दिल नहीं होता या ईमानदारी नहीं होती। ये बात तब देखने को मिला जब किन्नर समाज की प्रदेश अध्यक्ष छम छम देवी को पता चला कि धनबाद में होने वाले सम्मेलन में आए अतिथियों के साथ धनबाद स्टेशन के समीप से एक ब्लू रंग का टॉली बैग गलती से चला आया है। तो छम छम देवी और जिला विधिक प्राधिकार की पीएलवी श्वेता किन्नर उक्त बैग को धनबाद जीआरपी थाने में जमा करा दिया ताकि जिसका भी ये टॉली बैग होगा उसे पुलिस लौटा दे। छम छम देवी ने बताई कि उक्त बैग जिस जजमान का हो वो थाने से आकर ले जा सकते है।

## कौन बनेगा करोड़पति शो से जीत कर आये युवक को दिलीप सिंह ने किया सम्मानित

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** युवा संघर्ष मोर्चा के संस्थापक दिलीप सिंह ने कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में 12.5 लाख रुपये जीतकर धनबाद का गौरव बढ़ाने वाले धनबाद के कौशलेंद्र प्रताप सिंह को अंगवस्त्र व बुके देकर उन्हें सम्मानित किया.उन्हें इस जीत के लिए बधाई दी। इस अवसर पर दिलीप सिंह ने कहा कि कौन बनेगा करोड़पति जाने के लिए लोग अथक मेहनत करते हैं। कई लोग हैं जो वर्षो से इसमें भाग लेने की जी तोड़ मेहनत भी कर रहें है पर वे उसमें सफल नहीं हो पा रहे हैं। कौशलेंद्र प्रताप सिंह आज धनबाद के युवाओं के लिए एक प्रेरणा बन चुके हैं। उन्होंने राज्य सहित धनबाद जिले का नाम रोशन किया है। बता दें कि कौशलेंद्र प्रताप सिंह ने टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति सीजन 16 में 12 सवालों का सही सही जवाब देकर 12.5 लाख रुपये जीता है।

## एक्शन टेसा ने टेसा सलाम के साथ मनाया कारपेंटर्स मेगा मीट

**धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता):** भारत एमडीएफ,एचडीएचएमआर, बीएलआईएलओ और पार्टिकल बोर्ड जैसे इंजीनियर्ड पैनल उत्पादों के सबसे बड़े निर्माता एक्शन टेसा ने धनबाद के होटल लक्स इन में कारपेंटर्स मेगा मीट का भव्य आयोजन किया। यह कार्यक्रम उन कारपेंटर्स के अमूल्य योगदान को सम्मान देने और उनके काम को मान्यता प्रदान करने के उद्देश्य से आयोजित किया गया, जो अपनी कारीगरी से देशभर के घरों और व्यवसायों को सुंदरता और कार्यक्षमता प्रदान करते हैं। कार्यक्रम में एक्शन टेसा के बिहार और झारखंड टीम के साथ बीएम आनंद प्रभात, बीडीएम आदित्य रंजन और कंपनी के प्रमुख डिस्ट्रीब्यूटर्स ने भाग लिया। आनंद प्रभात ने उपस्थित कारपेंटर्स का स्वागत करते हुए इस आयोजन को कारीगर समुदाय के प्रति सम्मान का प्रतीक बताया। उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल एक उत्सव नहीं, बल्कि उभरती तकनीकों और नवाचारी डिज़ाइन के बारे में जानकारी साझा करने का एक अनूठा मंच है।

## जिला जल एवं स्वच्छता समिति की हुई बैठक

# सरकारी भवनों में अलग-अलग हो महिला एवं पुरुष शौचालय : उपायुक्त

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी माधवी मिश्रा की अध्यक्षता में शनिवार को समाहरणालय स्थित सभागार में जिला जल एवं स्वच्छता समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर उपायुक्त ने कहा कि ग्राम स्तर पर ठोस, तरल, प्लास्टिक सहित अन्य प्रकार के कचरा प्रबंधन के क्रियान्वयन के लिए कार्य योजना तैयार करें। फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने हेतु शत-प्रतिशत लक्ष्य का निर्धारण करें। सभी सरकारी भवनों में महिला एवं पुरुषों के लिए अलग-अलग शौचालय की व्यवस्था सुनिश्चित करें।उपायुक्त ने प्रखंडवार विभिन्न योजनाओं की अद्यतन स्थिति की जानकारी प्राप्त की। साथ ही ज्यादा से ज्यादा सामुदायिक सोकपिट, कम्पोस्ट पीट, ट्रेंच का निर्माण (मल कचरा प्रबंधन) स्वच्छता प्रबंधन करने के निर्देश दिए।बैठक के दौरान कार्यपालक अभियंता पेयजल 1 एवं 2, राज्य समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन के द्वारा पीपीटी प्रेजेंटेशन के माध्यम से जिले में ओडीएफ एवं ओडीएफ प्लस के तहत अब तक हुए कार्यो की जानकारी दी गई। वहीं उनके द्वारा ओडीएफ प्लस के अंतर्गत धनबाद जिले में एस्पायरिंग, राइजिंग व मॉडल के अंतर्गत गांव की हुई रेटिंग की भी जानकारी दी गई।बैठक में स्वच्छ भारत मिशन (ग्रामीण) अंतर्गत निर्धारित लक्ष्य के विरूद्ध प्रगति का अनुश्रवण, फाइव स्टार श्रेणी में गांव को ओडीएफ प्लस घोषित करने, माहवार लक्ष्य का निर्धारण करने आदि बिंदुओं की समीक्षा की गयी। प्रखंडवार ओडीएफ प्लस सहित अन्य बिंदुओं पर बारी-बारी से समीक्षा कर आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए।बैठक में राज्य समन्वयक, स्वच्छ भारत मिशन आजाद खान, जिला पंचायती राज पदाधिकारी मुकेश कुमार बाउरी, सभी प्रखंड विकास पदाधिकारी, सभी जिला समन्वयक, सभी कनीय अभियन्ता, सहायक अभियन्ता व अन्य लोग उपस्थित थे।



## ठाकुर कुल्ही में श्री रामचरितमानस पाठ का आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** श्री राम जन्म तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में श्री राम मंदिर की स्थापना दिवस हिंदी तिथि पौष शुक्ल द्वादशी के अनुसार दिनांक 11 जनवरी 2025 को मनाया जा रहा है। स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में श्री श्री सार्वजनिक दुर्गा मंदिर ठाकुर कुल्ही में रामचरितमानस पाठ का आयोजन आचार्य प्रकाश पाठक, रंजीत पाठक एवं उनके सहयोगियों द्वारा मंदिर कमेटी के अध्यक्ष मदन मोहन सिंह के नेतृत्व में किया गया। कार्यक्रम में विधायक राज सिन्हा की गरिमामई उपस्थिति रही। कार्यक्रम को सफल बनाने में भोलानाथ पांडे, श्रवण चौरसिया, जयंत मिश्रा, जगन्नाथ पाठक, मनीष मिश्रा, निमाई दा, रंजीत जायसवाल, संजय मिश्रा, सुशील मिश्रा, शशिकांत पांडे, प्रसून पांडे, मनोज सिंह, विकास राय, संतोष रजक, विमल कुमार, सुनील साव, उमेश जायसवाल, अरविंद बर्नवाल, नीरज सिंह, सुमित पाठक, गणेश मंडल, अमित अरोड़ा, संतोष राम गुप्ता, कौशल कुमार, मुन्ना शर्मा, अश्वनी चौरसिया, गोपाल सिंह ने अहम भूमिका निभाई।

## असफर्री हॉस्पिटल में हुई सफल न्यूरोसर्जरी, 65 वर्षीय महिला मरीज को मिला नया जीवन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** असफर्री हॉस्पिटल में एक बार फिर से एक जटिल न्यूरोसर्जिकल मामले का सफलतापूर्वक इलाज किया गया। 65 वर्षीय महिला मरीज, जिसकी आर्थिक स्थिति काफी खराब थी, जो असफर्री हॉस्पिटल में रेयररेंट पैराफाल्सीन मेनिंगियोमा (ब्रेन ट्यूमर) के साथ भर्ती हुई थीं। इस जटिल स्थिति में, उनके ब्रेन में स्यूडोमेनिन गोसेले पाया गया था, जो एक उपेक्षित मामला था। असफर्री हॉस्पिटल के विशेषज्ञ न्यूरोसर्जन डॉ. राजेश सिंह और डॉ. चेतन आनंद द्वारा इस जटिल ट्यूमर का ऑपरेशन किया गया। ऑपरेशन के दौरान ट्यूमर को पूरी तरह से हटा दिया गया और ऑपरेशन के दो दिन बाद मरीज को सामान्य वार्ड में शिफ्ट कर



दिया गया। मरीज अब वह पूरी तरह स्वस्थ हैं और अपने सामान्य जीवन की ओर लौट रही हैं।असफर्री हॉस्पिटल के चिकित्सकों ने बताया की, यह मामला हमारी विशेषज्ञता और समर्पण का प्रतीक है। हम हर रोगी को सर्वोत्तम चिकित्सा सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। वहीं इस सफल सर्जरी पर असफर्री हॉस्पिटल प्रबंधन ने कहा की, हमारे लिए यह गर्व की बात है कि हमारे हॉस्पिटल में उच्च गुणवत्ता वाली चिकित्सा सुविधाएं और विशेषज्ञता उपलब्ध हैं, जो समाज के हर वर्ग के लोगों को बेहतरीन स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करती हैं। यह सफलता हमारे अस्पताल के समर्पित डॉक्टरों और मेडिकल टीम की मेहनत और विशेषज्ञता का परिणाम है।

## एक निजी स्कूल ने छात्राओं का शर्ट उतरवा ब्लेजर और इनरवियर में भेजा घर, जांच शुरू

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** धनबाद से एक शर्मसार कर देने वाली घटना सामने आई है। दरअसल प्री बोर्ड के अंतिम दिन पेन डे मना रही डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की 80 से अधिक छात्राओं का स्कूल प्रबंधन के द्वारा न सिर्फ शर्ट उतरवा लिया गया, बल्कि छात्राओं को इनरवियर और ब्लेजर में ही घर जाने को मजबूर कर दिया गया। अब मामला जिलाधिकारी के पास है और मामले में जांच के आदेश दे दिए गए हैं।घटना के संबंध में बताया जा रहा है कि गुरुवार को धनबाद के डिगवाडीह स्थित कार्मेल स्कूल में छात्राओं प्री बोर्ड एग्जाम के अंतिम दिन पेन डे मना रही थी। पेन डे यानी स्टूडेंट परीक्षा समाप्ति के बाद अपने दोस्तों के शर्ट पर उनके भविष्य को लेकर शुभकामनाएं लिखते है और ऑटोग्राफ देते है। यही सब कुछ उस दिन डिगवाडीह कार्मेल स्कूल की छात्राओं अपने साथी छात्राओं के साथ कर रही थी। जिस पर नाराज स्कूल प्रशासन ने स्कूल परिसर में ही मेल टीचर स्टाफ और गार्ड के सामने छात्राओं के बिना अनुमति के जबरन न सिर्फ उनके शर्ट उतरवाए, बल्कि उन छात्राओं को सिर्फ इनरवियर और ब्लेजर पर ही घर भेज दिया गया।वहीं इस शर्मसार कर देने वाली घटना से आक्रोशित छात्राओं के परिजनों ने धनबाद उपायुक्त माधवी मिश्रा से मुलाकात कर उन्हें उस घटना से अवगत कराया। इस दौरान छात्राओं के परिजन घटना को लेकर काफी आक्रोशित दिखे। उन्होंने स्कूल प्रशासन पर उनकी बच्चियों के साथ मानसिक बलात्कार करने का आरोप लगाते हुए कहा कि उनकी बच्चियां इस घटना से इतनी मानसिक तनाव में है कि वो कोई भी गलत कदम भी उठा सकती थी। उन्होंने स्कूल की




प्रिंसिपल के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने और उनके इस्तीफे की मांग की है।वहीं घटना की सूचना पर झरिया विधायक रागिनी सिंह भी उपायुक्त से मुलाकात कर मामले में कड़ी कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि वह सभी छात्राओं के साथ खड़ी है। जरूरत पड़ी तो इस मामले को लेकर वो राज्य के मुख्यमंत्री से भी मुलाकात करेंगी।वहीं इस मामले के संज्ञान में आते ही धनबाद उपायुक्त ने मामले को गंभीरता से लेते हुए इसमे जांच टीम गठित कर दिया है। इस जांच टीम में अनुमंडल पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, समाज कल्याण पदाधिकारी, एसडीपीओ और स्थानीय थाना प्रभारी को शामिल किया गया है, जो स्कूल जाकर मामले की जांच करेंगे। साथ ही स्कूल में लगे सीसीटीवी कैमरा फुटेज को भी खंगालेंगे. क्योंकि घटना के वक्त स्कूल प्रबंधन के द्वारा सभी छात्राओं का मोबाइल फोन जब्त कर लिया गया था, ताकि कोई इसका वीडियो न बना सके।उपायुक्त ने बताया कि आने वाले बोर्ड एग्जाम में भी इन छात्राओं को स्कूल प्रशासन की तरफ से कोई दिक्कत ना हो इसका भी ध्यान रखा जाएगा। साथ ही मामला सही पाए जाने पर स्कूल प्रबंधन पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

## 15 जनवरी को होने वाले सर्वधर्म सामूहिक विवाह स्थल पर हुआ भूमि पूजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** शनिवार को सर्वधर्म सामूहिक विवाह के लिए गोल्फ ग्राउंड हीरापुर धनबाद में भूमि पूजन हुआ और शादी के जोड़ों को कपड़े दिए गए। समिति के अध्यक्ष प्रदीप सिंह ने जानकारी देते हुए बताया की आगामी 15 जनवरी को 101 जोड़े का विवाह की जानी है। उसी के निमित्त आज भूमि पूजन की गई। मुख्य जजमान के रूप में विक्रम सिंह व धर्मपत्नी पिंकी सिंह और साथ में प्रदीप सिंह व धर्मपत्नी जया सिंह ने विधि विधान से पूजन की। कपड़ा वितरण समारोह में टुंडी विद्यायक मधुरा प्रसाद महतो के द्वारा शादी के जोड़ो को कपड़ा दी गई।सामूहिक विवाह के उपलक्ष्य पर 14 जनवरी को प्रातः 10 बजे आशाए महिला ग्रुप ब्लड डोनेशन कैंप लगाएगी।संध्या 4:30 बजे से मेहंदी और



संगीत का कार्यक्रम होगा। सामूहिक विवाह में बारात के लिए 100 टोटो से बारात निकाली जाएगी और बैंड बाजा रामगढ़ से मंगवाई गई है। जयमाला के लिए 180/30 का भव्य मंच तैयार की जा रही है। 15 जनवरी को शादी के दिन लगभग दस हजार लोगों के लिए भोजन तैयारी की जाएगी। कार्यक्रम में प्रकाश चौधरी, विभूती शरण, मनजीत सिंह, दिलिप सिंह, द्वारिका प्रसाद तिवारी, भरतजी भगत, प्रवीण कुमार, राधे


**GOVT.OF JHARKHAND**

**OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER**

**MINOR IRRICATIO N DIVISION, RANCHI**

**Very Short Inviting e - Quotation NO. 03/2024-25**

**Letter No.** **Dated-**

Rate through e-quotations are invited for "Material" category annexed as (i) 10 H.P. AC Solar Surface Pump, Solar Panel, Steel Structure supplying, installation & commissioning for Lift Irrigation Scheme from Manufacture/Supplier having valid G.S.T.I.N for respective items conforming to the specifications for inclusion in the Estimates under Minor Irrigation Division, Ranchi, Government of Jharkhand to be used in different Pump Plants replacement operation maintenance work shall be submitted online in the website http://jharkhandtenders.gov.in

Details of work experience and list of materials are available on the above e-tender Portal. The Quotationer may download the documents from the website and quote their firm item rate including taxes for the Materials online from 15.01.2025 2:00 P.M to 21.01.2025 at 3:00 P.M. The technical envelope will be opened on 22.01.2025 at 04:00 P.M.

The quotation is invited to ascertain and assess the rate of Materials at par the lowest market rate for framing of Estimates under Minor Irrigation Division, Ranchi

**Executive Engineer,**
**Minor Irrigation Division, Ranchi**

PR 344105 Minor Irrigation (24-25)_D


## सांसद पर झूठा मुकदमा करने के विरोध में 13 को एकदिवसीय धरना प्रदर्शन : आजसू पार्टी



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**धनबाद :** पिछले दिनों मधुबन थाना अंतर्गत बाघमारा में गिरिडीह के सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी के कार्यालय में की गई आगजनी, सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी पर झूठा मुकदमा करने के विरोध में आजसू पार्टी ने सड़क पर उतर जोरदार आंदोलन करने की चेतावनी दी है। शनिवार को सरायढेला दुर्गा मंदिर में प्रेस कॉन्फ्रेस के माध्यम से आजसू पार्टी के प्रदेश संयोजक हीरालाल महतो ने कहा कि सांसद चंद्र प्रकाश चौधरी ने पूर्व में मधुबन थाना क्षेत्र के रैयत, स्थानीय लोगों के नियोजन देने की मांग पर बीसीसीएल एरिया जीएम से वार्ता की थी। बगैर एम ओ यू के हिलटॉप आउट सौर्सिंग को खनन का कार्य देने का विरोध किया था। सांसद रैयतों के हक अधिकार की लड़ाई लड़ रहे थे।ठइसी बीच झारखंड मुक्ति मोर्चा के समर्थकों गुंडा तत्वों के द्वारा गोली बम चलाया गया जिसमे सांसद के कार्यालय में अगजनी की गई। बाघमारा एसडीपीओ पर हमला कर उन्हें घायल किया गया। इसके विरोध में आजसु पार्टी 13 जनवरी को रणधीर वर्मा चौक पर एक दिवसीय धरना प्रदर्शन करेगी।प्रेस वार्ता में आजसू पार्टी के प्रदेश संयोजक हीरालाल महतो, केंद्रीय सदस्य कुल्लू चौधरी, केंद्रीय सदस्य रतिलाल महतो, महानगर अध्यक्ष पप्पू सिंह, सौरव महतो, भोला चौधरी, धनंजय महतो, प्रेम पांडे, विकी हरि, प्रमोद महतो, आकाश पांडे, गौरव तिवारी, विकास कुमार, राजीव सिंह, अनुराग वर्मा आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।


**Office of the Deputy Commissioner-cum-District Magistrate, Khunti**
**(Project Director, ATMA Office, Khunti)**
**Email: atmakhunti@gmail.com,**
**website: https://www.khunti.nic.in**

**Tender Reference No:-** **Date:-**

**RFP for Sensitization and Awareness Campaign Against Opium Cultivation in Khunti District and Promotion of Alternate Cropping Practices**

| S. no. | Information | Details |
|---|---|---|
| 1 | Name of the work | Providing Sensitization and Awareness Campaign Against Opium Cultivation in Khunti District and Promotion of Alternate Cropping Practices |
| 2 | Period of work | 12 months |
| 3 | Date of Publication of Bid on the website | 11-01-2025 |
| 4 | Last date and time of receipt of Bid | Date: 18-01-2025 Time: 03:00 PM |
| 5 | EMD & Processing Fee | Earnestmoney Rs. 20,000 to be deposited in the form of a Demand Draft in the name of the Project Director, ATMA, Khunti, Jharkhand |
| 6 | Date and time of opening of Bid | Date: 20-01-2025 Time: 03:00 PM |
| 7 | Bid submission place | Office of the PD ATMA , Joint Agriculture Building, Khunti |
| 8 | Bid opening place | Office of the Deputy Commissioner, Khunti |

**NOTE:- For further information please visit website:**
**1)https://www.khunti.nic.in**

**Project Director, ATMA,**
**Khunti.**

**PR 344084 Agriculture(24-25).D**



**झारखंड सरकार, कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, गुमला**

**अल्पकालीन ई- पुनर्निविदा आमंत्रण सूचना**

ई–निविदा संख्या:- 08/R1/2024-25/RWD/W/EE/GUMLA दिनांक :– 10.01.2025

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला द्वारा निम्न विवरण के अनुसार e-procurement पद्धति से निविदा आमंत्रित की जाती है।

| क्र0 सं0 | आईडेन्टी फिकेशन संख्या / पैकेज संख्या | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | | कार्य समाप्ति की अवधि। | टेंण्डर कॉल सं0 |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अंक में (लाखं) | अक्षर में | | |
| 1 | RWD/W/EE/ GUMLA/ 07/ 2024-25 | भेलवाडीह से सान्याकोना, कोजांग, खुटियारी तक पथ निर्माण कार्य। (लं0–5.000 कि0मी0) | 503.030 | पॉच करोड़ तीन लाख तीन हजार रू0 मात्र। | 18 माह | द्वितीय। |

2 वेबसाईट में निविदा प्रकाशन की तिथि:– 13.01.2025

3 ई– निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि एवं समय:–20.01.2025 अपराहन 05.00 बजे तक।

4 निविदा खोलने की तिथि एवं समय:– 21.01.2025 अपराहन 05.30 बजे।

5 निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता:– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमण्डल, गुमला, विकास भवन, गुमला के बगल में, पिन–835207

6 ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं0–06524–465040 ।

विस्तृत जानकारी के लिए वेबसाईट jharkhandtenders.gov.in में देखा जा सकता है।

ह0/–
कार्यपालक अभियंता
ग्रामीण कार्य विभाग
कार्य प्रमण्डल, गुमला

PR 344098 Rural Work Department (24-25)_D

# मकर संक्रांति हमारी सांस्कृतिक धरोहर, कृषि और सामाजिक एकता का है प्रतीक : संजय सर्राफ

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट व विश्व हिंदू परिषद सेवा विभाग के प्रांतीय प्रवक्ता संजय सर्राफ ने कहा है कि मकर संक्रांति हर वर्ष 14 जनवरी को मनाई जाती है।हिंदू धर्म में मकर संक्रांति का विशेष महत्व है। यह पर्व सूर्य के मकर राशि में प्रवेश करने का प्रतीक है, जो एक महत्वपूर्ण खगोलीय घटना मानी जाती है। मकर संक्रांति भारत के विभिन्न हिस्सों में अलग-अलग नामों से मनाई जाती है, लेकिन इसका मूल उद्देश्य सूर्य देव की पूजा और सकारात्मकता का आह्वान करना है। शास्त्रों के अनुसार,भगवान सूर्य बारह राशियों के भ्रमण के दौरान जब मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो मकर संक्रांति का त्योहार मनाया जाता है। इस त्योहार को सकरांत, लोहड़ी, टहरी, पोंगल आदि नामों से जानते हैं। इस दिन स्नान व दान का भी विशेष महत्व माना गया है। मकर राशि में सूर्य के प्रवेश करते ही सूर्यदेव उतरायण हो जाते हैं और देवताओं के दिन और दैत्यों के लिए रात शुरू होती है। खरमास खत्म होने के साथ ही माघ माह भी शुरू हो जाता है। इसी के साथ मांगलिक कार्य आरंभ हो जाते हैं। सूर्य देव को मकर संक्रांति के दिन अर्घ्य के दौरान जल, लाल



पुष्प, फूल, वस्त्र, गेंहू, अक्षत, सुपारी आदि अर्पित की जाती है। मकर संक्रांति के दिन खिचड़ी का विशेष महत्व होता है। इस पावन दिन सुबह सूर्योदय से पूर्व ही शुद्ध जल से स्नान करें। स्नान के पश्चात गायत्री मंत्र का जाप, सूर्य की आराधना और अपने इष्ट और गुरु मंत्र का जाप करें। कहा जाता है कि इस दिन जो भी मंत्र जाप, यज्ञ और दान किया जाता है। उसका शुभ प्रभाव 10 गुना होता है। सूर्य का मकर राशि में प्रवेश एक विशेष खगोलीय घटना है,जिसके बाद दिन लंबे और रातें छोटी होने लगती हैं। इसे उत्तरायण के नाम से भी जाना जाता है, क्योंकि सूर्य उत्तर की ओर यात्रा करता है। यह समय दिन में अधिक रोशनी और ऊर्जा का प्रवेश होने का संकेत देता है,जिससे जीवन में उन्नति और सफलता का संचार होता है। एक-दूसरे को शुभकामनाएं भेजते हैं। भारत के विभिन्न हिस्सों में मकर संक्रांति अलग-अलग रूपों में मनाई जाती है। उत्तर भारत में इसे पतंगबाजी के रूप में मनाया जाता है, जबकि गुजरात और महाराष्ट्र में इसे उत्तरायण के रूप में मनाते हैं। पंजाब में इस दिन को लोहड़ी के रूप में मनाया जाता है,दक्षिण भारत में इसे पोंगल के रूप में मनाया जाता है, जो फसल की कटाई का प्रतीक है और वहां विशेष भोज बनते हैं।मकर संक्रांति का महत्व केवल धार्मिक और सांस्कृतिक नहीं, बल्कि सामाजिक भी है। इस दिन लोग एक-दूसरे के साथ मिलकर खुशियां बांटते हैं और सामाजिक समरसता का संदेश देते हैं। यह पर्व जीवन में सकारात्मकता और समृद्धि की कामना करता है, जिससे हर व्यक्ति का जीवन और समाज प्रगति की ओर अग्रसर होता है।मकर संक्रांति केवल एक धार्मिक त्योहार नहीं, बल्कि यह हमारी सांस्कृतिक धरोहर, कृषि, और समाजिक एकता का प्रतीक है, जो हमें जीवन में खुशियां और ऊर्जा देने का काम करता है।

# नुक्कड़ नाटक के माध्यम से चलाया गया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** सड़क सुरक्षा माह 1 जनवरी से 31 जनवरी के अंतर्गत आज एक विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में डीटीओ लोहरदगा सुधीर प्रकाश,जिला सड़क सुरक्षा प्रबंधन अधिकारी अमृतेश्वर गिरी, आरएए कृष्ण कुमार गुप्ता,और ट्रैफिक इंचार्ज की उपस्थिति में गुड समैरिटन और हिट एंड रन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गईं। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नुक्कड़ नाटक रहा,जिसमें कलाकारों ने सड़क दुर्घटनाओं से बचाव और दुर्घटना के बाद सही कदम उठाने की जानकारी दी। नाटक के जरिए लोगों को बताया गया कि गुड समैरिटन कानून के तहत किसी घायल व्यक्ति की मदद करने वाले को कानूनी सुरक्षा दी जाती है। कार्यक्रम में उपस्थित अधिकारीगण ने जनता से अपील की कि सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करें और दुर्घटनाओं को रोकने में अपनी भूमिका निभाएं।

# कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वाधान में निशुलु चिकित्सा शिविर का आयोजन



**कैरो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहरदगा कैरो बाजार टांड़ में शुक्रवार को कोल इंडिया लिमिटेड के तत्वधान में चलंत चिकित्सा वाहन के द्वारा निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। इसमें लोगों का यूरिक एसिड, ब्लड शुगर, ब्लडप्रेशर, लिवर, किडनी, एलएफ़टी, आरएफ़टी, ईएसआर, सीआरपी, आर फैक्टर,मलेरिया, टाइफाइड,ईसीजी आदि की जांच की गई। पॉजिटिव लोगों को आवश्यक दवाईयां भी दी गई। इस शिविर का 45 लोगों को मिला। इस मोके पर डॉ पल्लवी कुमारी,स्वेता कुमारी,आशुतोष गुप्ता,अजित कुमार, जितेन्द्र कुमार उपस्थित थे।

# ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न



**सेन्हा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहरदगा प्रखंड मुख्यालय स्थित सभागार में ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल का तीन दिवसीय प्रशिक्षण के तहत प्रथम भाग का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर वंदना कच्छप प्रखंड समन्वयक नवलीन कौर द्वारा सहजकर्ता दल के सदस्यों को ग्राम विकास योजना,निर्माण प्रक्रिया सहजकर्ता दल,दल के सदस्यों का कार्य,तीन दिन का ग्राम सभा एवं विशेष ग्राम सभा का आयोजन के संबंध में विस्तृत जानकारी पीपीटी एवं वीडियो के माध्यम से दिया गया। तथा गांव का विकास के लिये सरकार द्वारा संचालित योजनाओं का चयन प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। साथ ही सामाजिक मानचित्र,संसाधन मानचित्र,मौके पर वंदना कच्छप, प्रखंड समन्वयक पंचायत राज सलोनी रानी, रामसवारथ महतो, परमिंदर कुमार पंचायत सचिव माही कुमारी, नागमणि उरांव, संगीत गाड़ी, डॉली तिर्की के अलावे पूनम देवी मुनि देवी, शारदा देवी, प्रियंका देवी, जन्मजय महतो, प्रीति देवी, प्रतिमा देवी समेत अन्य ग्राम पंचायत सहजकर्ता दल के सदस्य उपस्थित थे।

# दिसा सदस्य लाल विकास नाथ शाहदेव ने कुरु प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न लैंपस का किया निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति (छ्ढ्ढस्न्न) सदस्य लाल बिकास नाथ साहदेव ने कुडू प्रखंड के सुंदरू लेंपस,सालगी लेंपस और लावागाइ लेंपस का निरीक्षण किया। जिसमें कोई गुणवत्ता नहीं पाया गया। पूरा काम थर्ड क्लास के मटेरियल से काम किया जा रहा है। जब कार्य स्थल से डीसीओ साहब को कॉल किया गया और इसके बारे में पूछा गया की लेंपस का कार्य कौन कर रहा है तो डीसीओ साहब का जवाब था कि ऊपर से टेंडर हुआ है इसके बारे में हमको कुछ मालूम नहीं है काम हो रहा है या नहीं जब लेंपस के अध्यक्ष और सचिव से पूछा



गया कि आप लोग को इसके बारे में कोई जानकारी है तो उन लोगों का जवाब था हम लोग को कोई नहीं पूछता है और अपने मन से यहां काम करा रहा है कार्यस्थल में ना तो बोरिंग किया गया है और ना वहां पर बोर्ड लगाया गया है उसके बाद दिशा सदस्य ने काम को बंद करने का आदेश अध्यक्ष को दिया। मौके पर सुंदरु लैंपस अध्यक्ष फूलचंद उरांव,अरशद अंसारी,सुखराम उरांव आदि मौजूद थे।

# अयोध्या में प्रभू श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा प्रथम वर्षगांठ पर कैरो हनुमान मंदिर में सुंदरकाण्ड पाठ का हूआ आयोजन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**कैरो :** लोहरदगा प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 11 जनवरी शनिवार को कैरो प्रखंड मुख्यालय स्थित बाजारतांड़ श्री हनुमान मंदिर पर अयोध्या मे प्रभू श्री राम लला प्राण प्रतिष्ठा प्रथम वर्षगांठ पर सुंदरकाण्ड,हनुमान चालीसा,श्री रामचरित्र मानस पाठ आचार्य कौशल कान्त त्रिपाठी जी के द्वारा संपन्न कराया गया। इस अवसर पर सुंदरकाण्ड के मुख्य रुप से उपस्थित विशेश्वर प्रसाद दीन,डा0 भोला प्रसाद,राजेन्द्र सोनी,बालेश्वर साहू,कैलाश महतो,भाजपा प्रखंड अध्यक्ष राजेन्द्र महतो,रामपवित्र प्रसाद सोनी,गंगा प्रसाद,राधेश्याम



साहू इत्यादि ने बताया कि पिछ्ले वर्ष 22 जनवरी 2024 को पौष शुक्ल पक्ष द्वादशी तिथि को श्री रामलला अपने अयोध्या धाम में विराजमान हुये थे उसी के उपलक्ष्य मे आज पूरे देश में हर्षोल्लास के साथ प्राण प्रतिष्ठा प्रथम वर्षगांठ मनाई जा रही है,साथ ही इस तिथि को प्रतिष्ठा द्वादशी के रुप में मनायी जा रही है। मौके पर अनेको रामभक्त हनुमान मंदिर पर सुंदरकाण्ड पाठ के समय उपस्थित थे।

# हिंडाल्को सीएसआर के तहत बगडू हिल खनन क्षेत्र में 200 वृद्धजनों के बीच कंबल का हुआ वितरण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** हिंडाल्को इंडस्ट्रीज लिमिटेड द्वारा संचालित बगडू हिल बॉक्साइट खनन क्षेत्र में आज दिनांक 10 जनवरी 2025 को सीएसआर द्वारा 200 वृद्धजनों के बीच बढ़ती ठंड से बचाव के लिए कंबल का वितरण किया गया। उन्होंने हिंडाल्को का आभार प्रकट करते हुए धन्यवाद दिया। खान प्रबंधक राज सिन्हा ने कहा कि हिण्डाल्को सीएसआर के माध्यम से कई विकास योजनाएं संचालित कर रही है। कंबल मिलने से वृद्धों को ठंड से राहत मिल सकेगी। कार्यक्रम का संचालन सीएसआर अधिकारी भास्कर सिन्हा ने किया। आज कंबल वितरण में जामुनटोली, केंदटोली, हिसरी, बेट हट, खया रानी मिंज, पंचायत साड़ी सदस्य बंधन भगत, सहायक प्रबंधक सुनील चौधरी,पंचम लोहरा आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

# सेवानिवृत शिक्षक एवं समाजसेवी के 95 वां जन्मदिन पर 151 लोगों के बीच किया गया कंबल वितरण



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** श्री दुखहरण साहू सेवानिवृत शिक्षक एवं समाजसेवी ग्राम लावा गए पोस्ट कुडू के जन्मदिन के अवसर पर 151 लोगों के बीच कंबल एवं फल का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर मधुर मेडिकेयर हॉस्पिटल पतरा टोली एवं मधुर सेवा सदन कुडू के तत्वाधान में निशुल्क मैडिकल कैंप का आयोजन किया गया। जिसमें डॉक्टर विवेक कुमार मधुर हड्डी रोग विशेषज्ञ,नेहा मधुर सर्जन डॉक्टर कल्याण कुमार मधुर,डॉ रोहित कुमार मधुर,डॉ चंदन के द्वारा बीपी शुगर हड्डी रोग अर्थराइटिस सर्दी खांसी जुकाम रोगियों के 195 लोगों का मुक्त इलाज एवं दवा का वितरण किया गया। उक्त अवसर पर लावागाई की मुखिया श्रीमती ललिता देवी,कलिंदर साहू,रामखेलावन साहू, श्री दुखहरण साहू के चारों पुत्र डॉ कल्याण कुमार मधुर,अजय कुमार मधुर,अशोक कुमार मधुर एवं संजय कुमार मधुर के साथ पुत्री गीता देवी एवं दामाद श्री अशोक कुमार उपस्थित एवं पूरे परिवार भी साथ में उपस्थित थे।

# ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल में 10 दिवसीय वार्षिक खेल का हुआ शुभारंभ,प्रथम दिन एकता हाउस का रहा दबदबा



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** ग्रेटर त्रिवेणी पब्लिक स्कूल लोहरदगा में 10 दिवसीय वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता शुरू हो गई। प्रथम दिन कबड्डी एवं खो-खो खेल का आयोजन हुआ जिसमें कबड्डी बालक जूनियर ग्रुप में विनर एकता हाउस एवं रनर प्रगति हाउस बना।इसी प्रकार गर्ल्स जूनियर ग्रुप में विनर एकता हाउस एवं रनर विवेक हाउस को प्राप्त हुआ जबकि खो-खो गर्ल्स ग्रुप में विनर एकता हाउस एवं रनर विवेक हाउस एवं बालक ग्रुप में विनर प्रगति हाउस और रनर का खिताब जीतने में विवेक हाउस कामयाब रहा। विद्यालय के प्राचार्य एस के झा ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर खेलखुद- कार्यक्रम का उद्घाटन किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय के खेलकूद प्रमुख एस सुजाउद्दीन राजा एवं अरुण कुमार बडाईक का सराहनीय योगदान रहा।

# स्वामी विवेकानंद भारत के महान आध्यात्मिक गुरु और विचारक थे : सच्चिदानंद लाल

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** स्वामी विवेकानंद जयंती के अवसर पर राष्ट्रीय युवा दिवस एवं राम मंदिर वर्षगांठ समारोह मनाया गया। सर्वप्रथम मुख्य अतिथि प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल,अध्यक्ष शशिधर लाल अग्रवाल, सचिव अजय प्रसाद उपाध्यक्ष विनोद राय,प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास,प्रमेंद्र सिंह विवेकानंद स्वरूप भैया वरुण दास ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर कार्यक्रम का उद्घाटन किया।विद्यालय के प्रधानाचार्य बिपिन कुमार दास के द्वारा अतिथियों का परिचय एवं अंग वस्त्र देकर कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम की भूमिका आचार्य प्रमेंद्र सिंह ने प्रस्तुत किया। 3.5 लाख



छात्र-छात्राएं पोर्टल से जुड़े हुए हैं और किसी न किसी क्षेत्र में कार्यरत हैं जो शिक्षक, डॉक्टर, इंजीनियर, सरकारी कर्मचारी, बैंकर,वकील, न्यायाधीश ,पुलिस अधिकारी एवं अन्य क्षेत्रों में कार्यरत हैं। उन्होंने बताया कि अवधपुरी शोभा बढ़ न्यारी,मंगल सज्जित अतिशय प्यारी। प्राण प्रतिष्ठा रामलाल की। माननीय प्रांत संघचालक सच्चिदानंद लाल ने अपने उद्बोधन में कहा कि स्वामी विवेकानंद भारत के महान आध्यात्मिक गुरु और विचारक के रूप में जाना जाता है उन्होंने युवाओं को राष्ट्र निर्माण के लिए प्रेरित किया विवेकानंद के विचार और आदर्श आज भी प्रासंगिक हैं और लाखों युवाओं को दिशा देते हैं। अध्यक्षीय आशीर्वचन माननीय अध्यक्ष श्री शशिधर लाल अग्रवाल ने कहा कि युवा दिवस मनाने के पीछे मुख्य उद्देश्य स्वामी विवेकानंद के विचारों और शिक्षाओं को युवाओं तक पहुंचाना है। आज राष्ट्रीय युवा दिवस के अवसर पर पूर्व छात्र सम्मेलन आयोजित किया गया है। जिससे उनके जीवन में सकारात्मक बदलाव लाया जाए। इस कार्यक्रम में पूर्व छात्र कमलकांत मौर्य, अजीत भगत, विपुल तमेड़ा, सोनू राज, आकांक्षा पाठक, विक्रांत कुमार,भैया चंदन तथा अन्य पूर्व छात्र उपस्थित थे। धन्यवाद ज्ञापन अनीता देवी ने किया। शांति मंत्र के साथ कार्यक्रम संपन्न हुआ।

# बीडीओ ने गणतंत्र दिवस पर विभिन्न संस्थानों में ध्वजारोहण को लेकर किया समय का निर्धारण



**कैरो(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** लोहरदगा 26 जनवरी 2025 गणतंत्र दिवस समारोह को लेकर कैरो प्रखंड विकास पदाधिकारी सूश्री छ्न्दा भट्टाचार्य की अध्यक्षता में प्रखंड कार्यालय सभागार पर बैठक आहुत की गई। प्रविपदा0 सुश्री भट्टाचार्य ने कहा कि गणतंत्र दिवस के अवसर पर मुख्य समारोह प्रखंड मुख्यालय में आयोजित की जायेगी इसमे सर्वप्रथम झंडोत्तोलन से पुर्व महापुरुषों के चित्र पर माल्यार्पण के पश्चात ध्वजारोहण इसके बाद उपरोक्त सभी संस्थानों में ध्वजारोहण के पश्चात विभिन्न क्षेत्रों स्वास्थ्य,शिक्षा, चिकित्सा, आपूर्ति के क्षेत्रों में बेहतर कार्य करने वाले 03-03 प्रमुख लोगों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित कार्यक्रम के उपरांत सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किये जायेंगे। उक्त अवसर पर सभी कार्यक्रम 01ः00 अपराह्न तक समापन की जायेगी। मौके पर बैठक में कैरो पंचायत समिति सद्स्य सह निवर्तमान उप-प्रमुख मधुलिका रानी,पुर्व 20 सुत्री प्रखंड उपाध्यक्ष बुधुवा उराँव,अंचलाधिकारी सुश्री शीला उराँव,थाना प्रभारी कुलदीप राज टोप्पो,चिकित्सा पदाधिकारी डा0 राकेश कुमार,बीपीओ ओम प्रकाश रंजन,मुखिया संघ के अध्यक्ष वीरेन्द्र महली,प्रभारी आपूर्ति पदाधिकारी किशोर उराँव,प्रभारी कल्याण पदाधिकारी रिना कुमारी,प्रभारी कृषि पदाधिकारी राम सहाय टाना भगत,पंचायत सचिव पवन कुमार,समेत विभिन्न प्रेस के प्रतिनिधि बैठक में उपस्थित थे।

# जिले भर में श्री राम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ बड़े धूमधाम के साथ मनाई गई



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** जिले भर में श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की पहली वर्षगांठ की तैयारी में सनातनी संगठन पिछले कई दिनों से जुटे थे।जिसको लेकर 11 जनवरी शनिवार को श्री राम लाल की प्राण प्रतिष्ठा की प्रथम वर्षगांठ बड़े धूमधाम के साथ मनाया गया इस दौरान जिले में बजरंग दल,विश्व हिंदू परिषद,जय श्री राम समिति के द्वारा राम जन्मभूमि मंदिर निर्माण एवं प्राण प्रतिष्ठा की वर्षगांठ के अवसर पर 11 जनवरी को सामूहिक हनुमान चालीसा व महाआरती का कार्यक्रम बड़ा तालाब शिव मंदिर प्रांगण में संध्या 6ः30 बजे किया गया इस दौरान सभी धार्मिक संगठन,सामाजिक संगठन के लोग उपस्थित रहे।बताते चलें कि प्रखंड क्षेत्र में अपने-अपने क्षेत्र के मंदिर,मठ धार्मिक स्थल एवं अपने घरों में दीप सज्जा एवं पूजा पाठ कर महाआरती कर प्राण प्रतिष्ठा का कार्यक्रम को सफल बनाया गया।इस दौरान कई जगहों पर भव्य भंडारे के साथ शोभायात्रा निकाली गई इस दौरान भारी संख्या में महिलाएं युवक युवतियों एवं बूढ़े बच्चे शामिल थे।वहीं जिले भर के कई मंदिरों में हनुमान चालीसा एवं सुंदर कांड इत्यादि का पाठ महाआरती के साथ किया गया। जिसके प्रथम वर्षगांठ के उपलक्ष में शनिवार को भव्य कार्यक्रम आयोजित किए गए यह कार्यक्रम सनातनी पंचांग के अनुसार 11 जनवरी पौस शुक्ल पक्ष द्वादशी को सुनिश्चित किया गया।इस अवसर पर शनिवार को पहली वर्षगाँठ पर प्रत्येक घर में बिजली की झालर,छतों पर भगवा ध्वज,मंदिरों में आकर्षक साज सज्जा प्रत्येक मंदिर में अपने स्तर से या सामुहिक रुप से अधिक से अधिक घी का दीप जलाया गया। भगवान् श्रीराम की आरती में सामुहिक सहभागिता, प्रसाद वितरण एवं भंडारे का आयोजन किया गया।अयोध्या में भगवान् श्रीराम जन्मभूमि पर भव्य मन्दिर के निर्माण के बाद प्राण प्रतिष्ठा सनातन समाज के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है।

# हमें भगवान राम के आदर्शों और वचनों पर चलने की आवश्यकता है : धीरज प्रसाद साहू



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**लोहरदगा :** शहर में एकमात्र श्रीराम मंदिर फुलवारी में जय मां दुर्गा पूजा समिति के बैनर तले अयोध्या में स्थापित राममंदिर के प्रथम वर्षगांठ पर विविध धार्मिक अनुष्ठानों का आयोजन किया गया। यहां श्रीराम मंदिर में भगवान राम, लक्ष्मण, सीता व हनुमान की संयुक्त प्रतिमा स्थापित है। जहां ऐसे तो प्रतिदिन पूजा अर्चना होती है। परंतु शनिवार को वर्षगांठ की खुशी पर सुबह से शाम तक अलग अलग आयोजन किए गए। इस क्रम में सुबह 10 बजे से नीरज पांडे और आनंद पांडेय की अगुवाई में सुंदरकांड पाठ, सामूहिक हनुमान चालिसा पाठ के बाद देर शाम तक भजन कीर्तन का दौर चला। इस बीच साहू परिवार का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू, विधायक प्रतिनिधि निशीथ जायसवाल, उदय गुप्ता, लालमोहन केशरी, शंभूनाथ केशरी, कमल केशरी, मनीष साहू, कैलाश नाथ केशरी सहित अन्य समिति के वरिष्ठ लोग भी पहुंचे। जिन्होंने सर्वप्रथम यहां स्थापित भगवान राम की प्रतिमा के समक्ष पूजा अर्चना की। पुरोहित गोपाल पांडे की अगुवाई में पूजा अर्चना संपन्न कराया गया। इसके बाद समिति सदस्यों द्वारा अतिथियों का अंग वस्त्र देकर सम्मान दिया गया। मौके पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने कहा कि भगवान राम हमारे आदर्श हैं। हमें उनके आदर्शों और वचनों पर चलने की आवश्यकता है। मौके पर दोपहर से भव्य भंडारी का भी आयोजन किया गया। जिसमें सैकड़ो की संख्या में पहुंचे भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम स्थल पर देर शाम तक भजन कीर्तन का दौर चलता रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में व मुख्य रूप से उपस्थित लोग में महावीर ओझा,अजय घोष,आनन्द पांडे,दिनेश पांडेय,हिमांशु केशरी,रोहित ओझा,सुमित घोष, अनिकेत कुमार,जयजीत चौबे,माणिकचंद कच्छप, हरि कच्छप सहित अन्य का सहयोग रहा।

# नेहरू युवा केन्द्र द्वारा खेल कूद प्रतियोगिता का हुआ आयोजन



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**सेन्हा :** लोहरदगा प्रखंड क्षेत्र के सेरेंगहातु तोड़ार पंचायत अन्तर्गत सीठीयो में शुक्रवार को नेहरू युवा केंद्र लोहरदगा के द्वारा बालक बालिकाओं के बीच प्रखंड स्तरीय खेलकूद कार्यक्रम आयोजित किया गया। आयोजित खेल कूद प्रतियोगिता में बालक बालिकाओं के बीच विभिन्न प्रकार का खेल कूद कराया गया। जिसमें फुटबॉल, कबड्डी, दौड़ समेत अन्य कार्यक्रम कराया गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि मुखिया शोभा देवी द्वारा परिचय प्राप्त कर प्रतियोगिता प्रारम्भ कराया गया। वही फुटबॉल मैच में नेहरू युवा क्लब सिठियो द्वारा ट्राई ब्रेकर में नेहरू युवा क्लब सेरेंगहातु को पराजित किया वही तृतीय नेहरू युवा क्लब का एकागुडी का टीम रहा। कबड्डी में प्रथम सेरेंगहातु ग्रुप, द्वितीय दतरी ग्रुप एवं तृतीय रामपुर ग्रुप का टीम रहा। मुखिया शोभा देवी ने खिलाड़ियों से कहा कि पढ़ाई के साथ साथ खेल कूद भी आवश्यक है। आज खेल के क्षेत्र में आगे बढ़ने की सम्भवना है। साथ ही कहा खेल व सामाजिक कार्य मे नेहरू युवा केन्द्र का सराहनीय योगदान है। वही खेल व दौड़ में बालक बालिका ग्रुप के विजेता और उपविजेता प्रतिभागियों को पुरस्कार दे कर सम्मानित करते हुए हौसला बढ़ाया गया। मौके पर आदित्य साहु, मोहित प्रजापति, आकाश साहु सहित अन्य उपस्थित थे।

# युवा दिवस पर पुलिस अधीक्षक हरीश बिन जमां ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का किया शुभारंभ



**लोहरदगा(प्रभात मंत्र संवाददाता) :** जिले में 11जनवरी शनिवार को यतिराज डिवाइन स्पार्क पब्लिक स्कूल सेरेंगहातु, लोहरदगा के प्रांगण में श्री स्वामी विवेकानंद,वीर सन्यासी महान,इस दौरान इन्होने बच्चों को सम्बोधित करते हुए कहा आज विश्व के कोने कोने में विवेकानंद जी के आदर्श और उनके व्यक्तित्व को माना जाता है वे एक दिव्य पुरुष थे,वे समाज के दर्पण थे।विश्व के सभी लोगो ने उनके संस्कारो को अपनाया है।पुरे विश्व में उन्हें सत सत नमन किया गया बच्चे उनके आदर्श मार्ग पर चलकर अपने जीवन को साकार बना सकते है।इस दौरान उन्हें स्वामी विवेकानंद जी की जीवनी के किताब को देकर सम्मानित किया गया।इस कार्यक्रम में अतिथि के रूप में प्रोफेसर परमानंद अग्रवाल,संजय वर्मन,डॉ गणेश प्रसाद,डॉ टी.साहु,रामबिलास सिंह,आदित्या साहु,अमित साहु,नरेश साहु,जानवी केशरी,मन्टु साहु,लतीफ अंसारी,संदीप साहु,शोमा मुखर्जी,पिन्टु सिंह,बलराम भगत,धरमवीर भगत,रजत कुमार साहु,अभिषेक शहदेव,शदाब आजम एवं सौकड़ो की संख्या में अभिभावक उपस्थित थे।इस कार्यकम को सफल बनाने में विधालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## चलते चलते एक नजर

### राष्ट्रीय युवा दिवस आज, प्रेरणास्रोत है स्वामी विवेकानंद का जीवन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** तुषार कांति शीट ने बताया कि स्वामी विवेकानंद अंतरराष्ट्रीय ख्यातिप्राप्त महान संत और दार्शनिक थे। उनकी जीवनी एक आदर्श के रूप में स्थापित है। वह युवाओं के प्रेरणास्त्रोत थे। उनका जन्म 12 जनवरी 1863 को कोलकाता में हुआ। उनकी जयंती को राष्ट्रीय युवा दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिन युवाओं को उनके विचारों और आदर्शों से प्रेरणा लेने और जीवन में उच्च लक्ष्य निर्धारित करने के लिए प्रेरित करता है।स्वामी विवेकानंद का मूल नाम नरेंद्रनाथ दत्त था। उनका परिवार धार्मिक और सांस्कृतिक पृष्ठभूमि का था। उन्होंने वेद, उपनिषद, और भारतीय दर्शन का गहन अध्ययन किया। वर्ष 1893 में शिकागो में आयोजित विश्व धर्म महासभा में उनके ऐतिहासिक भाषण ने उन्हें अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रसिद्ध कर दिया। उन्होंने अपने भाषण की शुरुआत भाइयों और बहनों के संबोधन से की, जिसने सभी का दिल जीत लिया।उनका मानना था कि हर व्यक्ति में ईश्वर का वास होता है। वे शिक्षा को आत्मनिर्भरता, आत्मशक्ति और आत्मविश्वास का माध्यम मानते थे। उनके अनुसार, शिक्षा केवल पुस्तक ज्ञान तक सीमित नहीं होनी चाहिए, बल्कि यह चरित्र निर्माण और राष्ट्र सेवा के लिए प्रेरित करे। स्वामी विवेकानंद ने 1897 में रामकृष्ण मिशन की स्थापना की, जो शिक्षा, स्वास्थ्य और समाज सेवा के क्षेत्र में कार्यरत है। यह मिशन उनके गुरु रामकृष्ण परमहंस के आदर्शों को आगे बढ़ाने का प्रयास है।

### 8987790601 पर यातायात संबंधित मामले की जानकारी दें : यातायात एसपी

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** यातायात एसपी डा कैलाश करमाली ने बताया कि यातायात से संबंधित किसी तरह की कोई शिकायत या परेशानी होती है तो 8987790601 नंबर पर सूचना दे सकते हैं। आगे कहा कि हॉकी मैच का आयोजन हो रहा है, इस दौरान यातायात जाम की समस्याएं न हो यह सभी यातायात पुलिस कर्मियों को सतर्क किया गया है। वहीं मैच के दौरान पार्किंग की व्यवस्था की गई है। कोई भी वाहन इधर उधर नहीं लगाये इसको ध्यान देना है। सभी आयोजन स्थल पर पार्किंग की विशेष व्यवस्था की गई है। वहीं मेन रोड, लालपुर, कांटा टोली इन सभी जगहों पर बेवजह जाम नहीं लगे यह ध्यान देने का सख्त निर्देश दिए गए हैं। वहीं मोटरसाइकिल वाहन चालक हेलमेट पहनकर वाहन चलाये, चार पहीया वाहन चालक सीट बेल्ट लगाए और चालीस से स्पीड वाहन नहीं चलाये, नशा में वाहन चलाने से परहेज करें।

### इंडियन बैंक एम्पलाइज यूनियन का आठवां त्रैवार्षिक सम्मेलन का आयोजन

**रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता)।** इंडियन बैंक इम्प्लॉईज युनियन, झारखण्ड का आठवाँ त्रैवार्षिक सम्मेलन का आयोजन राँची में होटल रीट्रीट कॉन्टिनेन्टल,को कॉम. वाई.पी. सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुआ। इस सम्मेलन के उद्घाटनकर्त्ता- कॉम. सी.एच. वेंकटाचेलम (महासचिव ए.आई.बी.ई.ए.), मुख्य अतिथि इंडियन बैंक राँची मण्डल प्रमुख रामस्वरूप सरकार, कॉम. ई. अरूणाचेलम, दीपक शर्मा, उत्पल कान्त, अरूप घोष, निरंजन मिश्रा, घनश्याम श्रीवास्तव, अतुल मेहरोत्रा, मनीष सिंह, दिनेश शर्मा, आर.ए. सिंह, आर.बी. सहाय, अनुपम एक्का, देवेश चक्रवर्ती, संदीप बैनर्जी एवं देश-राज्य के विभिन्न जिलों के नेतागण की गरिमामयी उपस्थिति में हुई।

## पलामू के वकीलों ने सरकार से की मांग : घूसखोर पदाधिकारी को भेजें जेल

# घूसखोरी में सदर मेदिनीनगर का एलआरडीसी कोर्ट नंबर वन : रूचिर

### एलआरडीसी कोर्ट में 3 लाख रुपया घूस देकर खरीदा जा रहा है फैसला

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी के जिला सचिव सह अधिवक्ता रूचिर कुमार तिवारी ने कहा कि वर्तमान समय में रेवेन्यू कोर्ट एवं कार्यपालक कोर्ट में मचे लुट से आम जनता त्रस्त है। आए दिन जमीन संबंधी मामले रेभन्यू कोर्ट में बढ़ते जा रहा है। जिनका निपटारा करने में रेवेन्यू कोर्ट अंतर्गत एसडीओ, एलआरडीसी, भूअर्जन पदाधिकारी, डीसी एवं कमिश्नर का कार्यालय शामिल है। यहां पर कई तरह के मामले वर्षो से लंबित रहते हैं। अंत में जब फैसला की घड़ी आती है तब इन सभी कोर्ट में फैसला के लिए बोली लगाया जाता है। जिस पक्ष के पास ज्यादा रकम होता है, जो ज्यादा पैसा उस पदाधिकारी तक पहुंचा देते हैं, उसके पक्ष में फैसला हो जाता है। इस काम में इन पदाधिकारी के नीचे काम करने वाले पेशकार भी संलिप्त रहते रहते हैं, जहां पेशकार बिचौलिया के रूप में काम करता है।

अभी पलामू जिला में वर्तमान बोली लगाने में नंबर एक एलआरडीसी का कोट है। जिसमें 1 लाख से लेकर 3 लाख तक बोली लगाया जाता है और फैसला को खरीदा जाता है। पलामू जिला बार एसोसिएशन के वरिष्ठ अधिवक्ता सूर्यपत सिंह, सोहैल अख्तर, शौकत अली खान, सच्चिदानंद सिंह, नंदलाल सिंह



आदि अधिवक्ताओं ने कहा कि वर्तमान समय में रेवेन्यू कोर्ट पैसे वाले की कोर्ट बन कर रह गई है। जहां फैसला मेरिट से नहीं होता। बल्कि उस आधार पर दी जाती है कि हमारे पास पैसा कौन अधिक लाऐगा।वर्तमान समय में राज्य सरकार से मांग करता हूं कि रेवेन्यू एवं कार्यापालक कोर्ट पर नियंत्रण रखें।

घूसखोर पदाधिकारी को चिन्हित कर उनकी संपत्ति की जांच करें एवं आय से अधिक संपत्ति प्राप्त होने पर संपत्ति को जप्त कर उन पर मुकदमा चलाकर उन्हें जेल भेजने का काम करें। तभी आम जनता को न्याय मिल पाएगा। अधिवक्ता रूचिर कुमार तिवारी ने 11 जनवरी 2025 को इस आशय की जानकारी प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से दी।

### सदर अचंल एवं प्रखंड कार्यालय में भी घूसखोरी चरम पर

भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला सचिव रूचिर कुमार तिवारी ने सदर अंचल एवं प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया साथ में सदर उप प्रमुख शीतल सिंह चेरों थे। निरीक्षण के क्रम में पाया कि अंचल एवं प्रखंड कार्यालय में चारों तरफ धांधली फैला हुआ है बिना बिचौलिया के कोई काम नहीं हो रहा है एवं आम जनता के पक्ष में कार्य करने के लिए मोटी रकम का उगाही किया जा रहा है नहीं देने पर आम जनता को दौड़ाया जा रहा है। ऐसी स्थिति में भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी सदर उप प्रमुख शीतल सिंह चेरों के साथ जांच दल का गठन कर यह मांग करती है कि प्रत्येक राजस्व कर्मचारी नियमित रूप से अंचल कार्यालय में बैठे और वहीं पर बैठकर अपना काम करें। जन वितरण में समय से राशन मिले तथा यूनिट से कम राशन नहीं मिले। प्रत्येक राजस्व कर्मचारी को अपने आवंटित पंचायत भवन में सप्ताह में एक दिन बैठता अनिवार्य किया जाए। पंचायत सचिवालय में प्रज्ञा केंद्र के मनमानी पर रोक लगाया जाए। एवं प्रखंड कार्यालय में मिलने वाला लाभकारी योजना का लाभ आम जनता को सुचारू रूप से मिले। ऐसा नहीं होने पर आम जनता को गोलबंद करके सदर अंचल कार्यालय के समक्ष धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जांच कमेटी में उमेश सिंह चेरों, सत्येंद्र सिंह, एस एन सिंह,नसीम राइन चंद्रशेखर तिवारी सहित कई लोग थे।

## दिशुम गुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन पर किया गया 500 कंबल का वितरण



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची :** झारखण्ड मुक्ति मोर्चा के केंद्रीय अध्यक्ष, झारखंड राज्य के जन नायक झारखंड आंदोलन कारी,पूर्व मुख्यमंत्री और राज्यसभा सांसद दिशुम गुरु शिबू सोरेन के 81 वे जन्मदिन पर शहीद अल्बर्ट एक्का चौक पर केक काटकर और जरूरतमंदों के बीच में कंबल वितरण कर जन्मदिन धूमधाम से रांची जिला जेएमएम अल्पसंख्यक मोर्चा अध्यक्ष फरीद खान के नेतृत्व में मनाया गया। फरीद खान के सहयोग से शिबू सोरेन के जन्मदिन के मौके पर अल्बर्ट एक्का चौक और इकरा मस्जिद चौक मेंन रोड में गरीबों के बीच कंबल का वितरण किया गया। फरीद खान ने कहा कि हमारा नारा ही है सियासत से खिदमते खल्क। उन्होंने ने कहा कि शिबू सोरेन ने अपना पूरा जीवन झारखंड के आदिवासी मूलवासी के उत्थान में लगाया। अलग राज्य के आंदोलन के साथ-साथ महाजनी प्रथा और सूदखोरी को खत्म करने के लिए अभियान चलाया। इस दौरान उन्हें यातना भी सहनी पड़ी। इस मौके पर अमन खान, बब्बन, सद्दाम,सोनू, प्रिंस, , गुड्डू, फहद खान, शहबाज, फारुक ,शाहनवाज, नौशाद, कामरान, कैफ , अब्दुल्ला, जावेद, अशफाक, राधा मुंडा, तबारक, जोहेब आलम समेत कई कार्यकर्ता मौजूदथे।

## फरार संदिग्ध अभियुक्त शाहबाज अंसारी को किया गया गिरफ्तार



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**रांची।** झारखंड में एक बार फिर से स्पेशल सेल दिल्ली और झारखंड एटीएस की टीम की ओर से लगातार अलकायदा इंडियन सबकॉन्टिनेंट मॉड्यूल के खिलाफ कार्रवाई की जा रही है। इसी के तहत फरार संदिग्ध अभियुक्त शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार किया गया है। इसके गिरफ्तारी लोहरदगा के सेन्हा थाना क्षेत्र से हुई है। झारखंड एटीएस और दिल्ली पुलिस की ओर से संयुक्त कार्रवाई में ये सफलता मिली है। स्पेशल सेल दिल्ली और एटीएस झारखंड टीम की टीम चान्हो निवासी खलील अंसारी के पुत्र शाहबाज अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। दिल्ली स्पेशल सेल ने कांड संख्या 301/24 के अभियुक्त शाहबाज अंसारी को झारखंड पुलिस के सहयोग से गिरफ्तार किया। अब संदिग्ध को पुलिस रिमांड पर लेकर स्पेशल सेल की टीम दिल्ली ले गई है। एटीएस एसपी ऋषभ झा ने बताया कि शाहबाज राजस्थान में प्रशिक्षण प्राप्त किया था, कुछ इसके साथी की गिरफ्तारी पहले हुई है वहीं से ये भाग कर लातेहार आ गया था और राज मिस्त्री का काम कर रहे था। फिर चान्हो आया और इसके बाद डर से भागकर अपने साढ़ू के यहाँ रहने लगा वहीं से गिरफ्तार किया गया है। उसे दिल्ली ले जाया गया है, वहां पूछताछ होगी।

## गांधी उद्यान में आज लगेगा महिला हुनर हाट 2025 : प्रियंका सिंघानिया

### वित्त मंत्री, सांसद व प्रथम महापौर हुनर हाट का करेंगे उद्घाटन

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** आज पलामू चैंबर ऑफ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज महिला विंग द्वारा प्रथम महापौर अरुणा शंकर के नेतृत्व में लगाई जाने वाली महिला हुनर हाट 2025 मेले के तैयारी की जानकारी देते हुए महिला विंग की अध्यक्ष प्रियंका सिंघानिया, सचिव शिखा अग्रवाल, एग्जीक्यूटिव सदस्य संध्या जायसवाल, टीना आनंद ने एक प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि महिला हुनर हाट 2025 की तैयारी पूरी कर ली गई है। यह मेला पलामू में महिलाओं द्वारा महिलाओं के हुनर को निखारने के लिए लगाई जा रही है। यह यह पहला प्रयास है, जहां



महिला उद्यमी या कुटीर उद्योग से जुड़ी महिलाओ को अपने हुनर दिखाने का अवसर मिलेगा। वहीं उन्हें अपने सामग्री बेचने के लिए बाजार मेले के माध्यम से उपलब्ध होगा। श्रीमती सिंघानिया ने बताया कि इस मेले में जहां विभिन्न प्रकार के लजीज खाने के स्टॉल महिलाओं द्वारा लगाई जा रही है वही मेले को रंगारंग बनाने के लिए बेबी रैंप शो, डांस कंपटीशन, डॉग शो, बॉडीबिल्डिंग शो, मिस्टर मेदिनीनगर, मिस मेदिनीनगर के अलावे महिलाओं के लिए मेहंदी, चूड़ी के भी स्टाल लगाए जा रहे हैं। साथ ही बच्चों के लिए कई गेम्स की व्यवस्था की गई है। श्रीमती सिंघानिया ने बताया कि इस मेले में 6 वर्ष से कम बच्चे निशुल्क आमंत्रित है। साथ ही हम सबों ने प्रवेश पत्र लकी कूपन के मार्फत रखा है। जिसकी सहयोग राशि मात्र 50/ रुपया रखी गई है। जिसमें बंपर प्राइस टीवी, फ्रिज, वाशिंग मशीन,इसके अलावा कई उपहार हर दो-दो घंटे में लकी ड्रा निकाले जाएंगे। साथ ही हाऊजी खेलने वाले लोगों की अलग व्यवस्था की गई है। श्रीमती शिखा अग्रवाल ने बताया कि इस मेले का मुख्य आकर्षण कालबेलिया डांस है। जो राजस्थान के कलाकारों द्वारा प्रस्तुत किया जाएगा। श्रीमती संध्या जायसवाल एवं टीना आनंद ने बताया कि कार्यक्रम का उद्घाटन वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर, सांसद वीडी राम एवं मेदनीनगर की प्रथम महापौर अरुणा शंकर करेंगी। मेला सुबह 10 बजे से संध्या 6 बजे तक रंगारंग माहौल में चलेगा। श्रीमती सिंघानिया ने बताया कि इस कार्यक्रम में कई लोगों ने स्पॉन्सरशिप दी है। जिसमें मिस मेदनीनगर को सोना महल, मिस्टर मेदनीनगर को तनिष्क ज्वेलर ने स्पॉन्सरशिप दी है।

### शिहान सुनील किस्पोट्टा अंतरराष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता का करेंगे उद्घाटन

**रांची।** बंगाल की राजधानी कोलकाता में जेटकन शीतोरयू कराटे एसोसिएशन डू इंडिया के तत्वावधान में बांगो भूमि कप इंटरनेशनल कराटे चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है जिसमें विभिन्न देशों से आए कराटे खिलाड़ी हिस्सा लेंगे चैंपियनशिप के उद्घाटन समारोह के लिए कराटे इंडिया ऑर्गेनाइजेशन के ट्राइबल और माइनॉरिटी डेवलपमेंट कमीशन के चेयरमैन सह ईस्ट इंडिया कराटे एसोसिएशन के संयुक्त सचिव शिहान सुनील किस्पोट्टा विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गए हैं इस प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए शिहान सुनील किस्पोट्टा रवाना हुए। शिहान सुनील किस्पोट्टा ने कहा कि चेयरमैन बनने के बाद यह दूसरा कार्यक्रम है जिसमें अतिथि के रूप में आमंत्रित किए गया हैं। इससे पूर्व उत्तर प्रदेश में आयोजित राष्ट्रीय कराटे प्रतियोगिता में भी शामिल हुए थे द्य इन्होंने यह भी कहा कि इस प्रतियोगिता में विभिन्न देशों के खिलाड़ी शामिल हो रहे हैं।

## एसडीओ ने सदर अस्पताल का किया औचक निरीक्षण

**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**गढ़वा।** अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार ने शनिवार शाम सदर अस्पताल का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में उन्होंने अस्पताल उपाधीक्षक श्री हरेन चंद्र मेहतो के साथ संक्षिप्त बैठक कर अस्पताल प्रबंधन से जुड़े विभिन्न समसामयिक विषयों पर जानकारी ली। तदुपरांत उन्होंने उपाधीक्षक के साथ ही अस्पताल परिसर का भ्रमण किया। उपाधीक्षक श्री महतो ने अस्पताल में आए दिन अराजक तत्वों द्वारा हो हंगामा तथा विधि व्यवस्था बिगाड़ने जैसी घटनाओं को एसडीओ के समक्ष रखते हुए अनुरोध किया कि यहां पर कुछ सुरक्षाकर्मी प्रतिनियुक्त किये जाएं। इस पर अनुमंडल पदाधिकारी ने आश्वस्त किया कि वे इस दिशा में नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करेंगे। संजय कुमार ने उपाधीक्षक के साथ ब्लड





बैंक का गहनता से मुआयना किया। ब्लड बैंक प्रभारी तथा काउंसलर अनुपस्थित पाए गए। मौजूद लोगों से प्राप्त जानकारी के अनुसार ब्लड बैंक प्रभारी न के बराबर ही ब्लड बैंक में आते हैं। मौके पर मौजूद दो लैब टेक्नीशियनों ने आज के रक्त की आगत तथा निर्गत के साथ-साथ मौजूदा स्टॉक के बारे में अधिकारियों को जानकारी दी। उन्होंने बताया कि थैलेसीमिया ग्रस्त 3 बच्चों को भी आज मांग अनुरूप ससमय रक्त मुहैया कराया गया है। ब्लड बैंक के बाहर बोर्ड पर रक्त के उपलब्ध वर्तमान स्टॉक के बारे में भी ब्लड ग्रुप वार विवरणी लिखी पाई गई। संजय कुमार ने ब्लड बैंक कर्मियों के साथ-साथ उपाधीक्षक से भी कहा कि वे एक व्हाट्सएप ग्रुप तैयार कर लें जिसमें ब्लड बैंक के सभी कर्मी व उपाधीक्षक के अलावा सिविल सर्जन मौजूद रहें।

## दिशोमगुरु शिबू सोरेन के जन्मदिन पर अविनाश देव ने दी बधाई, लिया आशीर्वाद



**प्रभात मंत्र संवाददाता**

**मेदिनीनगर :** झारखंड मुक्ति मोर्चा के जीवन नेता अविनाश देव ने कहा कि झारखंड आंदोलनकारियों की एक लंबी फेहरिस्त है। किन्हीं का नाम कमतर आंकना सरासर बेईमानी होगी। लेकिन झारखंड आंदोलन सिर्फ अलग राज्य की लड़ाई नहीं थी। बल्कि जुल्म- ओ-सितम शोषण से सिसकता धरती बचाने, महाजनी से उबारने और आदिवासियत्त संस्कृति बचाने की लड़ाई थी। जब संस्कृति बचेगी, तभी जलवायु आबोहवा जल जंगल जमीन खान खनिज पलायन बचेगी। इसीलिए झारखंड आंदोलन की लगभग सत्तर साल लंबी लड़ाई चली। इस आंदोलन में सैकड़ों शहीद हुए। हजारों जलालत की जिंदगी गुजारे। इसी आंदोलन की कोख से एक क्रांतिकारी का जन्म हुआ जिसका नाम है शिबू सोरेन। लोग बड़े ही आदर और एहतराम से दिशोम गुरु के नाम से पुकारते हैं। 11 जनवरी को इनकी जयंती पर झारखंड सहित देश के अन्य हिस्सों में इनके चाहने वाले 80 वें साल गिरह सेलिब्रेट किया। रामगढ़ नेमरा गांव से जिंदगी की सफर शुरू कर छोटानागपुर संथाल परगना के रास्ते दिल्ली तक पहुंचे। विनोद बिहारी महतो ए के राय के साथ मिल कर झामुमो के गठन,अंततोगत्वा अलग राज्य फिर मुख्य मंत्री के कुर्सी को संभाले। आज भी पार्टी को दिशा दे रहे हैं। इनके संघर्ष का नतीजा है कि इनका वारिस हेमंत बाबू झारखंड के मुख्यमंत्री और देश के कद्दावर नेता में शुमार हैं। अविनाश देव ने कहा कि गुरुजी के स्वास्थ्य एवं लंबी उम्र की कामना करता हूं। ताकि हम सबों को दिशा और रौशनी साथ साथ मिलता रहे। मैं बहुत ही खुशनसीब हूं। अपने को सौभाग्यशाली समझता हूं कि इतने महान आंदोलनकारी के चरण स्पर्श कर निरंतर आगे बढ़ने की आशीर्वाद प्राप्त किए। गुरुजी का वह शब्द आज भी मेरे कानो में गूंज रहा है। कहे जाओ तुम बहुत आगे तक पहुंचोंगे।जन्मदिन की ढेर सारी मुबारकबाद।

## महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के मध्य है अटूट सांस्कृतिक संबंध : मुख्यमंत्री साय

**एजेंसी**

**रायपुर :** मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय आज शनिवार को राजधानी रायपुर के चौबे कॉलोनी में आयोजित तीन दिवसीय बृहन्महाराष्ट्र मंडल के 73वें वार्षिक अधिवेशन में शामिल हुए। उन्होंने इस महती अधिवेशन के सफल आयोजन के लिए 10 लाख रुपये की आर्थिक सहायता दिए जाने की घोषणा की। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने विशेष उपलब्धि हासिल करने वाले मराठी समाज से जुड़े प्रबुद्ध जनों को स्मृति चिन्ह भेंटकर सम्मानित किया और समाज के लिए उनके योगदान की प्रशंसा की।मुख्यमंत्री साय ने मराठी समाज के पुरोधाओं को नमन करते हुए अपने संबोधन की शुरुआत की। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ के बीच अटूट रिश्ता है और दोनों के सांस्कृतिक संबंधों में यह बात झलकती है। पड़ोसी राज्य होने के





कारण यह जुड़ाव अधिक सहज भी है। साय ने सीपी बरार के दौर का जिक्र करते हुए कहा की उस दौर में दोनों क्षेत्र की राजधानी नागपुर हुआ करती थी और जनप्रतिनिधि मनोनीत होते थे।

मेरे दादा स्वर्गीय बुद्धनाथ साय मनोनीत विधायक थे और महाराष्ट्र से सहज जुड़ाव मेरी स्मृतियों में है। साय ने अखिल भारतीय वनवासी कल्याण आश्रम के संस्थापक बालासाहेब देशपांडे सहित मराठी समाज के मूर्धन्यों का पुण्य स्मरण किया। उन्होंने कहा कि देशपांडे ने जो संकल्प लिया था, आजीवन उसी रास्ते पर चले। आदिवासियों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने में उन्होंने अपना जीवन समर्पित कर दिया।मुख्यमंत्री ने कहा कि त्रयोदशी तिथि के अनुसार आज ही के दिन पिछले साल भगवान राममला अपने मंदिर में विराजे थे। उन्होंने सभी को इस पावन दिन की शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि इस पवित्र दिन आपके अधिवेशन की शुरुआत हुई है, निश्चित रूप से यह अपने उद्देश्यों में सफल होगा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने मराठा मंडल के वार्षिक अधिवेशन की स्मारिका का विमोचन भी किया।मुख्यमंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र मंडल के सेवाभावी लोगों का शिक्षा सहित जनसेवा के अन्य क्षेत्रों में विशेष योगदान है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साहित्य, कला, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, पर्यावरण संरक्षण सहित अलग-अलग क्षेत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने वाले प्रतिभावान लोगों को इस मंच से सम्मानित कर हम खुद को भी गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र और छत्तीसगढ़ की संस्कृति का मेल, भाईचारा और एक-दूसरे के प्रति सम्मान का भाव हमें एकजुट रहकर समाज की बेहतरी के लिए कार्य करने की प्रेरणा देता है।